गुरुवार, 14 नवम्बर 2024

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 31 – 20 |
| आर्द्रता | 65% |
| सूर्योदय: 5:49 | सूर्यास्त: 16:53 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक शुक्लपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : सब्र जीवन का मूल मंत्र है, जो किसी भी परिस्थिति में आपकी ढाल बनता है।



तिलक वर्मा के नाबाद शतक से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे टी20 में हराया –पृष्ठ 8

## शेयर बाजार में दो दिन की गिरावट से निवेशकों की पूंजी 13 लाख करोड़ रुपये घटी

**नयी दिल्ली :** बीएसई सेंसेक्स में लगातार दो दिन की गिरावट से निवेशकों की पूंजी 13 लाख करोड़ रुपये घटी है। इस दौरान सेंसेक्स दो प्रतिशत से अधिक नीचे आया है। बीएसई सेंसेक्स दो दिन में 1,805.2 अंक या 2.27 प्रतिशत टूटा है। बुधवार को यह 984.23 अंक या 1.25 प्रतिशत गिरकर 77,690.95 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण दो दिन में 13,07,898.47 करोड़ रुपये घटकर 4,29,46,189.52 करोड़ रुपये रह गया। कारोबारियों के अनुसार, खुदरा महंगाई के अक्टूबर में बढ़कर 14 महीने के उच्चस्तर पर पहुंचने तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली जारी रहने से शेयर बाजार में गिरावट रही। इसके अलावा कंपनियों के तिमाही परिणाम उम्मीद से कमजोर रहने के बीच एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में बिकवाली हुई। साथ ही अमेरिकी तथा एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

## असम के मुख्यमंत्री एक साल से झारखंड में मंडरा रहे हैं, लेकिन सरकार गिराने में विफल रहे: सोरेन

**धनबाद :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पिछले एक साल से राज्य में पक्षी की तरह मंडरा रहे हैं और उनकी सरकार को गिराने की साजिश कर रहे हैं, लेकिन वह सफल नहीं हो सके। धनबाद जिले के निरसा, बाघमारा और बलियापुर में रैलियों को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा कि भले ही भाजपा उनकी सरकार को गिराने में विफल रही, लेकिन वह उन्हें सलाखों के पीछे भेजने में सफल रही। उन्होंने कहा, ''झारखंड में पिछले पांच साल से सत्ता से बाहर रहने के बाद भाजपा हताश हो गई है। असम के मुख्यमंत्री 'सुपारी' लेकर पिछले एक साल से झारखंड में पक्षी की तरह मंडरा रहे हैं और मेरी सरकार गिराने की साजिश कर रहे हैं।

# उच्चतम न्यायालय ने बुलडोजर पर लगाया ब्रेक

## संपत्तियों को ढहाने पर दिशानिर्देश जारी किए



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने हाल में चलन में आए 'बुलडोजर न्याय' की तुलना अराजकता की स्थिति से की और देशभर के लिए दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि कारण बताओ नोटिस दिए बिना किसी भी संपत्ति को ध्वस्त नहीं किया जाए तथा प्रभावितों को जवाब देने के लिए 15 दिन का वक्त दिया जाना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि प्राधिकारी उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना नागरिकों की संपत्ति को ध्वस्त करके उन्हें दंडित नहीं कर सकते। न्यायालय ने ऐसी ज्यादतियों को ''मनमाना'' करार दिया और कहा कि इससे सख्ती से निपटे जाने की जरूरत है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने एक इमारत को बुलडोजर से ध्वस्त करने और महिलाओं, बच्चों तथा वृद्ध व्यक्तियों को रातों-रात बेघर कर देने के दृश्य को ''भयावह'' करार दिया। पीठ ने अपने 95 पृष्ठ के फैसले में कहा, ''यदि प्राधिकारी न्यायाधीश की तरह काम करते हैं और किसी नागरिक पर इस आधार पर मकान ढहाने का दंड लगाते है कि वह एक आरोपी है तो यह 'शक्तियों के पृथक्करण' के सिद्धांत का उल्लंघन है। इसमें कहा गया है,''जब प्राधिकारी नैसर्गिक न्याय के मूल सिद्धांतों का पालन करने में विफल रहते हैं और वाजिब प्रक्रिया के सिद्धांत का पालन किए बिना काम करते हैं, तो बुलडोजर द्वारा इमारत को ध्वस्त करने का भयावह दृश्य एक अराजक स्थिति की याद दिलाता है, जहां 'ताकतवर ही जीतेगा'।'' पीठ ने कहा कि इस तरह की मनमानी कार्रवाइयों के लिए संविधान में कोई जगह नहीं है, जो कानून के शासन की बुनियाद पर टिका हुआ है। पीठ ने कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि उसके निर्देश उन मामलों में लागू नहीं होंगे जहां सड़क, गली, फुटपाथ, रेल पटरी या किसी नदी या जलाशय जैसे किसी सार्वजनिक स्थल पर कोई अनधिकृत संरचना है तथा उन मामलों में भी लागू नहीं होंगे जहां न्यायालय ने ध्वस्तीकरण का आदेश दिया है। पीठ ने कहा,'' कारण बताओ नोटिस जारी किए बिना (संपत्ति) ढहाने की कोई भी कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। इस नोटिस का जवाब स्थानीय नगर निकाय कानून के अनुरूप निर्धारित अवधि में देना होगा या फिर नोटिस तामील होने के 15 दिन के भीतर देना होगा।''

### सिर्फ आपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर घर गिराना परिवार को सामूहिक दंड के समान

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि किसी मकान को सिर्फ इसलिए ध्वस्त करना कि उसमें रहने वाला व्यक्ति आपराधिक मामले में आरोपी है या दोषी करार दिया गया है, तो यह पूरे परिवार को ''सामूहिक दंड'' देने के समान होगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में ये टिप्पणियां कीं। इस फैसले में, संपत्तियों को ढहाने पर देशभर के लिए दिशानिर्देश निर्धारित किये गए हैं। न्यायालय ने कहा कि जब किसी विशेष ढांचे को अचानक ध्वस्त करने के लिए चुना जाता है और उसी क्षेत्र में स्थित अन्य समान ढांचों को छुआ तक नहीं जाता, तो ''बहुत ही दुर्भावना से ऐसा किया जाता होगा।'' पीठ ने कहा कि मकान का निर्माण सामाजिक-आर्थिक अधिकारों का एक पहलू है और एक आम नागरिक के लिए यह अक्सर वर्षों की कड़ी मेहनत, सपनों और आकांक्षाओं की परिणति होती है। शीर्ष अदालत ने कहा, ''हमारे विचार में, यदि किसी मकान को गिराने की अनुमति दी जाती है, जिसमें एक परिवार के कई लोग या कुछ परिवार रहते हैं, केवल इस आधार पर कि ऐसे घर में रहने वाला एक व्यक्ति या तो आरोपी है या आपराधिक मामले में दोषी करार दिया गया है, तो यह पूरे परिवार या ऐसे भवन में रहने वाले परिवारों को सामूहिक दंड देने के समान होगा।''

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## ममता ने स्वयं सहायता समूह की तारीफ की, कहा...

# 'महिला आत्मनिर्भरता में बंगाल अव्वल'



**दार्जिलिंग :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता के मामले में बंगाल दुनिया में अव्वल है। उन्होंने यह बात दार्जिलिंग में सरस मेले के उद्घाटन मंच से कही। इस दिन, राज्य के स्वयं सहायता समूहों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में अब 1.2 मिलिरन स्वयं सहायता समूह हैं, जो किसी अन्य राज्य में नहीं हैं। हमारा प्रोजेक्ट महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के मामले में दुनिया में नंबर एक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने स्वयं सहायता समूहों के लिए 1.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण की व्यवस्था की है। जीटीए क्षेत्र में 11,000 स्वयं सहायता समूह पहले ही बनाए जा चुके हैं। 500 करोड़ के लोन की व्यवस्था की गई है। वहीं, मुख्यमंत्री ने राज्य के स्वयं सहायता समूहों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं घर में खाना तो बनाएंगी ही, हस्तशिल्प कर भी खुद को आत्मनिर्भर बना सकती हैं। इसीलिए यह स्वयं सहायता समूह बनाया गया है।

**मुख्यमंत्री का आरोप, दार्जिलिंग चाय के नाम पर विदेशों में बिक रही खराब चाय**

विदेशों में दार्जिलिंग चाय के नाम पर निम्न गुणवत्ता वाली चाय बेची जा रही है। इस दिन, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ऐसी विस्फोटक शिकायत की। उन्होंने इसके पीछे साजिश का भी आरोप लगाया। ममता के अनुसार, खराब चाय विदेशों में दार्जिलिंग चाय के नाम से बेची जा रही है। राज्य सरकार इस साजिश को नाकाम कर देगी।

# मतदान के बीच भाटपाड़ा में तृणमूल नेता की गोली मारकर हत्या, एक गिरफ्तार




**कोलकाता, समाज्ञा :** एक बार फिर उत्तर 24 परगना जिले के भाटपाड़ा खूनी खेल के कारण सुर्खियों में है। बदमाशों ने बुधवार की सुबह एक तृणमूल नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस व स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह तृणमूल कांग्रेस नेता अशोक साव चाय की एक दुकान पर बैठे थे। तभी, कुछ अज्ञात बदमाशों ने दुकान में घुसकर अशोक पर गोली चलाई। घटना इस तरह से घटी की तृणमूल नेता सम्भल भी नहीं सके। आरोप है कि इस दौरान वारदात को अंजाम देने के समय दुकान में बम फेंककर दहशत फैलाया गया। पुलिस के अनुसार, भाटपाड़ा थाने के पास स्थित इस चाय की दुकान में अशोक साव रोजाना आते थे। घटना के समय दुकान में काफी भीड़ थी। दुकान मालिक के अनुसार, अचानक गोलियों की आवाज सुनाई दी और लोग इधर-उधर भागने लगे। अशोक साव की पीठ में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में भाटपाड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि, अब तक हमलावरों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है ताकि हमलावरों की पहचान हो सके। उल्लेखनीय है कि भाटपाड़ा में पहले भी अशोक साव पर हमला हो चुका था। फरवरी 2023 में भी एक हमले में वे घायल हुए थे, जिसमें आरोपित का नाम आकाश था, जिसकी बाद में मौत हो गई थी। इस दिन, पुलिस कमिश्नर आलोक राजोरिया ने बताया कि इस बार हमलावर तीन लोग थे जिन्होंने अशोक साव पर गोली चलाई और बम भी फेंके। पुलिस घटना की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का आश्वासन दिया है। इस घटना से इलाके में तनाव का माहौल है।

# बंगाल विधानसभा उपचुनाव : छिटपुट हिंसा के बीच 69.29 फीसदी मतदान

## आयोग के पास 80 शिकायतें दर्ज



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल की छह विधानसभा सीटों पर बुधवार को उपचुनाव छिटपुट हिंसा के बीच चुनाव संपन्न हो गया। राज्य निर्वाचन आयोग ने किसी भी तरह की अराजकता, बवाल और कानून व्यवस्था को तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कड़ी सुरक्षा का प्रबंध किया था। बूथों और स्ट्रांग रूमों के बाहर केंद्रीय बलों की बड़ी संख्या में तैनाती की गई थी। इन छह विस सीटों पर मतगणना 23 नवंबर को होगी। उपचुनाव के दौरान कुछ सीटों पर हिंसा और विवाद की खबरें सामने आईं। आयोग के अनुसार, करीब 80 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से ज्यादातर भाजपा की ओर से थीं। बंगाल के छह विधानसभा क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक 69.29 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। तालडांगरा में सर्वाधिक 75.20 फीसदी मतदान हुआ, जबकि नैहाटी में सबसे कम 62.10 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। अन्य सीटों हरोआ में 73.95 फीसदी, मेदिनीपुर में 71.85 प्रतिशत, सिताई में 66.35 प्रतिशत, मदारीहाट में 64.14 प्रतिशत मतदान हुआ।

# सीआईएसएफ की महिला बटालियन हवाई अड्डों, मेट्रो और वीआईपी को सुरक्षा मुहैया कराएगी: अमित शाह



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की जल्द ही गठित होने वाली महिला बटालियन हवाई अड्डों और मेट्रो रेल जैसी देश की महत्वपूर्ण अवसंरचना की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेगी और कमांडो के रूप में अतिविशिष्ट व्यक्तियों (वीआईपी) को सुरक्षा प्रदान करेगी। केंद्र सरकार ने अति विशिष्ट व्यक्तियों, हवाई अड्डों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर बल की बढ़ती तैनाती को ध्यान में रखते हुए सीआईएसएफ में 1,000 से अधिक कर्मियों वाली पहली पूर्ण महिला बटालियन को सोमवार को मंजूरी दी थी। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राष्ट्र निर्माण के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के मोदी जी के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम उठाते हुए मोदी सरकार ने सीआईएसएफ की पहली पूर्ण महिला बटालियन के गठन को मंजूरी दे दी है।'' उन्होंने कहा, ''एक विशिष्ट सैन्य टुकड़ी के रूप में गठित की जाने वाली महिला बटालियन देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों, जैसे हवाई अड्डों और मेट्रो रेल की सुरक्षा करने तथा कमांडो के रूप में वीआईपी को सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी संभालेगी।'' गृह मंत्री ने कहा कि यह निर्णय निश्चित रूप से देश की रक्षा के महत्वपूर्ण कार्य में अधिक महिलाओं की भागीदारी की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। सीआईएसएफ में सात प्रतिशत से अधिक महिला कर्मी हैं। बल की कर्मियों की वर्तमान संख्या लगभग 1.80 लाख है। भारत में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में से एक, सीआईएसएफ की स्थापना 1969 में की गई थी और इसका कार्य महत्व-पूर्ण सरकारी और औद्योगिक भवनों की सुरक्षा करना है।

# घुसपैठ से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी ने दो बांग्लादेशी नागरिक सहित चार को बंगाल से दबोचा

## ईडी की रडार पर और चार लोग

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईडी ने झारखंड में बांग्लादेशी नागरिकों की अवैध घुसपैठ व मानव तस्करी से जुड़े धनशोधन के अलावा हवाला के माध्यम से बड़ी मात्रा में काला धन को अलग-अलग जगहों पर स्थानांतरित करने व बांग्लादेशियों के फर्जी दस्तावेज बनाने के रैकेट की जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल से दो बांग्लादेशियों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बांग्लादेशी नागरिकों के नाम रोनी मंडल और समीर चौधरी बताये गये हैं। गिरफ्तार किये गये भारतीय नागरिकों के नाम पिंटू हालदार और पिंकी बसु मुखर्जी हैं। चारों को धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया गया है। ईडी की रडार पर और चार लोग हैं। उनसे भी केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों की पूछताछ जारी है। ईडी ने पिंकी नामक महिला को उत्तर 24 परगना के मध्यमग्राम के बंकिमपल्ली स्थित ठिकाने से लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है। वह ट्रांसपोर्ट के कारोबार से जुड़ी है। बांग्लादेश में उसका काफी आना-जाना है। आशंका जतायी जा रही है कि कारोबार की आड़ में आरोपी महिला द्वारा नौकरी दिलाने का झांसा देकर कई बांग्लादेशी महिलाओं को भारत में अवैध तरीके से तस्करी कर लाया गया है और उन्हें देश व्यवसाय व अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल कर लिया गया। फिलहाल, इसकी जांच जारी है। पिंकी के पूर्व पति अभिजीत बसु भी ईडी की जांच के दायरे में है। उसके ठिकाने पर भी गत मंगलवार को अभियान चलाया गया। उससे भी पूछताछ कर तथ्यों का पता लगाने की कोशिश जारी है। इधर, ईडी ने बनगांव के पूर्वपाड़ा में एक टैक्सी चालक पिंटू हालदार को करीब 11 घंटों की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। सूत्रों के अनुसार, उसके आवास से 12 बैंक खाते व अन्य दस्तावेज जब्त किये गये हैं। हालदार भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे पेट्रापोल में लोगों को कोलकाता लाने के कार्य से जुड़ा है। इधर, गिरफ्तार दो बांग्लादेशी नागरिकों को मध्यमग्राम से गिरफ्तार किया गया है।

# केंद्र में मेरी और बिहार में नीतीश सरकार मिलकर बिहार के सपनों को पूरा कर रही हैं : मोदी



**दरभंगा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि केंद्र में उनकी सरकार और बिहार में नीतीश कुमार की सरकार मिलकर इस प्रदेश के हर सपने को पूरा करने के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने यहां यह भी कहा कि नीतीश कुमार बिहार में सुशासन लाए और 'जंगलराज' को समाप्त किया। मोदी ने दरभंगा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखने के बाद कहा, ''दिल्ली में केंद्र में मेरी सरकार और यहां बिहार में नीतीश जी की सरकार मिलकर बिहार के हर सपने को पूरा करने के लिए काम कर रही हैं। हमारी विकास और जन कल्याण योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ बिहार के लोगों को मिले, यही हमारा प्रयास है।'' प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर राज्य में 12,100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में मोदी ने कहा, ''नीतीश बाबू के नेतृत्व में बिहार में सुशासन का जो मॉडल विकसित करके दिखाया गया है, वह अद्भुत है। बिहार को 'जंगलराज' से मुक्ति दिलाने में उनकी भूमिका की जितनी सराहना की जाए, वह कम है।'' मोदी ने आरोप लगाया कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पहले की सरकारों को कभी स्वास्थ्य ढांचे की फिक्र नहीं हुई और उन्होंने जनता से झूठे वादे किए थे, लेकिन नीतीश कुमार के सत्ता में आने के बाद राज्य के हालात में सुधार हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की 'डबल इंजन' की सरकार बिहार में विकास को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है।


# अब पूर्वी भारत में टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट के लिए ऑटोमेटिक रोबोटिक सर्जरी

पूर्वी भारत में संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जरी के अग्र-दूत, **डॉ. संतोष कुमार,** बताते हैं कि एआई-सशक्त सक्रिय स्वचालित रोबोट सीयूवीआईएस सर्जनों के लिए आंखों की एक अतिरिक्त जोड़ी के रूप में कार्य करता है और सर्जरी में अधिक सटीकता प्रदान करता है और बुजुर्ग और बड़े जोखिम वाले रोगियों के लिए अधिक फायदेमंद हो सकता है।



**Dr. Santosh Kumar**
Orthopaedic and Joint Replacement Surgeon

अब तक, विभिन्न आर्थोपेडिक सर्जरी में निष्क्रिय और अर्ध-सक्रिय रोबोटों का उपयोग किया गया है। अब, प्रौद्योगिकी की उन्नति ने मनुष्य की भलाई के लिए चिकित्सा विज्ञान के साथ एक गांठ बांध ली है। इसे ध्यान में रखते हुए कोलकाता के अग्रणी ऑर्थोपेडिक सर्जन और पूर्वी भारत में प्रमुख ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ संतोष कुमार ने अब पूर्वी भारत में ज्वाएंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए अल-पावर्ड सक्रिय स्वचालित रोबोट पेश किया है। सीयूवीआईएस जैसे सक्रिय रोबोटों में एक सक्रिय स्वचालित रोबोटिक भुजा होती है जो पूर्व-योजना, अनुकरण, आकार और अभिविन्यास के साथ-साथ पूर्व-संचालन निर्धारण की अनुमति देती है और अंत में शून्य त्रुटि के साथ योजना के अनुसार हड्डी को तैयार करने का काम करती है। सर्जरी के सभी चरण स्वचालित रूप से ही होते रहते हैं और सर्जन रोबोट को हाथ से पकड़े हुए रिमोट से नियंत्रित करता है। हालांकि पूरी प्रक्रिया इस सक्रिय स्वचालित रोबोट द्वारा की जाएगी लेकिन पूरी प्रक्रिया को डॉ. संतोष कुमार के नेतृत्व में कुशल आर्थोपेडिक सर्जनों की टीम द्वारा नियंत्रित किया जाएगा।




**ADVANTAGES**

- इंसान की आंखें एक मिली मीटर से करीब दो बिंदुओं में अंतर नहीं कर सकती हैं, लेकिन रोबोट एक मिलीमीटर के दसवें हिस्से तक माप का सटिक आंकलन कर सकता है। इसलिए, एक सर्जन अत्यंत सबमिली मीटर सटीकता के साथ सटीक प्रदर्शन कर सकता है।
- सर्जरी में सीयूवीआईएस का उपयोग करने की एक और खासियत अनुकूलित सरेखण भी है। यह सक्रिय रोबोट घुटने के प्रतिस्थापन में अति-उच्च परिशुद्धता के साथ हासिल किया जाता है। यह चलने की स्थिरता को पुनर्स्थापित करता है। इस प्रकार, यह एक सुरक्षित तकनीक है।
- 0% मानव त्रुटि होने की संभावना।
- सीयूवीआईएस अपने न्यूनतम इनवेसिव दृष्टिकोण, चिकनी हड्डी के कारण पोस्ट-ऑपरेटिव रिकवरी को भी तेज करता है। कटौती, प्रत्यारोपण की अनुकूलित नियुक्ति, कम खून का बहना और कम दर्द, रिकवरी में तेजी लाती है।

**प्रत्यारोपण में इसकी लंबी उम्र है।**

**Institute of Robotic Joint Replacement Surgery (Belle Vue Clinic)**

Dr Santosh Kumar is available for Consultation at Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata 17 (daily) and the office of Hip and Knee Foundation at Plot number 332, Lake Town block A, Kolkata-700 089

More information call us 9831911584/9831266632

Visit our website www.mykneemylife.org

## खुशी व सामाजिक जवाबदेही का फर्क

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में जानलेवा प्रदूषण के दौरान जमकर हुई पटाखेबाजी पर तल्ख टिप्पणी की है। प्रदूषण संकट को देखते हुए इस टिप्पणी से सहमत हुआ जा सकता है कि कोई भी धर्म प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधि को प्रोत्साहित नहीं करता। यही वजह है कि कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों पर लगे प्रतिबंध को सालभर के लिये लागू करने हेतु एक पखवाड़े के भीतर ही फैसला ले। वहीं दूसरी ओर सरकारों को जिम्मेदारी का अहसास कराते हुए कोर्ट ने याद दिलाया कि अनुच्छेद 21 के तहत प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना आम नागरिक का मौलिक अधिकार है। वहीं कोर्ट ने धर्म की वास्तविक व्याख्या को बताते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी धर्म द्वारा किसी ऐसे काम को प्रोत्साहित नहीं किया जाता है, जो समाज या व्यक्ति के लिये नुकसानदायक हो। यानी धर्म तो मानव मात्र के कल्याण के लिये सदैव आकांक्षी रहता है। निश्चित रूप से अदालत ने स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया कि किसी सामूहिक या व्यक्तिगत खुशी के लिये विषम परिस्थितियों में पटाखे चलाना दूसरे व्यक्ति के नागरिक अधिकारों का भी हनन है। विडंबना यह है कि पटाखों पर प्रतिबंध को लोग धार्मिक अस्मिता से जोड़ लेते हैं। हम यह याद नहीं रखते हैं कि पटाखों से होने वाले प्रदूषण से उन लोगों पर क्या गुजरती होगी, जो श्वसनतंत्र से जुड़े रोगों से जूझ रहे हैं। कमोबेश यही स्थिति उम्रदराज नागरिकों, अस्पतालों में उपचार हेतु भर्ती लोगों तथा धमाकों के प्रति अधिक संवेदनशील व्यक्तियों को लेकर भी होती है। यह सवाल तार्किक है कि क्या खुशी की अभिव्यक्ति का कोई रिश्ता पटाखों से होता है? वह भी उस स्थिति में जब देश की राजधानी दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों में गिनी जाती हो। कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली पुलिस को भी फटकार लगाई कि वह पटाखों पर लगे प्रतिबंध को अमल में नहीं ला पायी। हालांकि, पुलिस की मजबूरी का एक पहलू पर्व की संवेदनशीलता व इस मामले में राजनीतिक हस्तक्षेप भी रहता है।

हालांकि, आलोचक पर्व-त्योहार पर पटाखों पर प्रतिबंध की तार्किकता को लेकर सवाल भी उठाते हैं। उनका कहना होता है कि यदि दिवाली पर पटाखों पर प्रतिबंध लगता है तो अन्य धर्मों के पर्वों पर यह नियम-कानून लागू होना चाहिए। वे सवाल उठाते हैं कि क्या पटाखों पर प्रतिबंध से दिल्ली का प्रदूषण खत्म हो जाएगा? क्या वास्तव में प्रतिबंध के परिणाम प्रभावी होते हैं? क्या अदालत प्रदूषण के अन्य बड़े कारकों के प्रति भी ऐसा ही सख्त रवैया अपनाती है? वे मानते हैं कि पटाखे चलाने की गतिविधि एक-दो दिन की होती है,लेकिन प्रदूषण तो राजधानी में बारह महीनों होता है। कहा जाता है कि पिछले कुछ वर्षों में सर्दियों में दिल्ली समेत देश के व्यापक क्षेत्रों में वातावरण जहरीला हो जाता है। आलोचकों का तर्क होता है कि राज्य सरकारें व प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण में अपनी नाकामी का ठीकरा पटाखों के सिर फोड़ते हैं। लेकिन सवाल सिर्फ दिल्ली का ही नहीं है राजधानी की आबोहवा में प्रदूषण बढ़ाने में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आने वाले अन्य राज्यों में स्थित शहरों की भूमिका भी होती है। वहीं एक सवाल यह भी रहता है कि शीर्ष अदालत दिल्ली की स्थिति को लेकर तो सख्त रहती है लेकिन देश के अन्य राज्यों के कई शहरों में दिल्ली जैसा प्रदूषण विद्यमान रहने पर ऐसी सक्रियता नजर नहीं आती। देश के अन्य भागों की ओर भी ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही आबोहवा में जहर घोलने वाले प्रमुख कारकों की तलाश करके इस दिशा में गंभीर पहल किए जाने की भी आवश्यकता है। इसके अलावा इस दिशा में सामाजिक जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को वातावरण साफ रखने के मिशन से जोड़ा जाना चाहिए। एक हकीकत यह भी है कि जागरूकता के अभाव में हम जीवन-व्यवहार में बहुत कुछ ऐसा करते हैं जो कालांतर प्रदूषण बढ़ाने में भूमिका निभाता है। निश्चित रूप से पूरे देश में यह सोच विकसित करनी होगी कि हमारे किसी कार्य से दूसरे व्यक्ति के जीवन के अधिकारों का अतिक्रमण नहीं किया जाना चाहिए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 14 नवम्बर, गुरुवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष त्रयोदशी, 09:43 तक, नक्षत्र : अश्विनी, 24:31 तक, योग : सिद्धि, 11:24 तक, सूर्योदय: 5:49, सूर्यास्त: 16:53, चन्द्रोदय : 15:32, चन्द्रास्त: 03:49, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 12:42 से 14:05

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों के लिए दिन खुशियों से भरा रहेगा और आपको सफलता प्राप्त होगी। आपकी तरक्की होगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। किसी डिबेट में आपकी जीत हो सकती है।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन का आरंभ शुभ अवसरों के साथ होगा। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आप पूरी मेहनत और लगन से जुट जाएं।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में लाभ होगा। आप दूसरों के इमोशंस को पहचानें और उनके अनुसार चलें तो आपको लाभ होगा।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में लाभ का दिन है और आपके पास कारोबार में लाभ हासिल करने के कई शानदार अवसर आएंगे।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों का दिन सामान्य रहेगा और किसी दोस्त या रिश्तेदार को दिया गया छोटा मोटा कर्ज आपको वापस मिल सकता है। बड़ों से सलाह लेना अच्छा रहेगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों के लिए दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा। आपके ऊपर ढेर सारी जिम्मेदारियां निभाने का दिन है। घर के सभी पुराने लटके हुए काम पूरे होंगे और आपकी तरक्की होगी।

**तुला :** तुला राशि के लोगों का दिन सफलता से भरा होगा और धन लाभ के साथ ही कारोबार में आपकी तरक्की होगी। आप पुराने कर्ज को चुकाने में आपको सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों के लिए दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपके लिए लाभ के साथ ही तरक्की के योग भी बन रहे हैं।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को ऑफिस के मामले में लाभ होगा। आपको आपके कर्मक्षेत्र यानी ऑफिस में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। किसी क्रिएटिव काम को करने में आपकी रुचि काफी बढ़ेगी।

**मकर :** मकर राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपके अंदर एक नई शक्ति और एनर्जी रहेगी। किसी लव अफेयर को लेकर भी आप काफी एक्साइटेड रहेंगे।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों का दिन तरक्की से भरा होगा और आपको दिन के पहले हिस्से में आपको छुटपुट धन का लाभ होने की संभावना है। मन प्रसन्न होगा।

**मीन :** मीन राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आप अपने जरूरी कार्य को पहले पूरा करेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की तरफ बिल्कुल ध्यान न लगाएं।

# अब महाकाल की नगरी उज्जैन बनेगी वैश्विक आध्यात्मिक नगरी

**अंजनी सक्सेना**

महाकाल की नगरी उज्जैन में इन दिनों महाकवि कालिदास के नाम पर आयोजित अखिल भारतीय कालिदास समारोह का धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है । पांच दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम का शुभारंभ उपराष्ट्रपति जयदीप धनखड़ ने अपने शानदार भाषण से किया। सरकार ने अब उज्जैन को वैश्विक आध्यात्मिक नगर (ग्लोबल स्पिरिचुअल सिटी) बनाने की तैयारियां भी प्रारंभ कर दी हैं। इस योजना के अंतर्गत मोक्षदायिनी शिप्रा नदी से सटी 3062 हेक्टेयर जमीन पर सड़क, पानी, बिजली, सीवरेज का स्थायी काम कराकर आश्रम, स्कूल-कॉलेज और धर्मशाला बनाने के लिए भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इससे साधु-संत और श्रद्धालुओं को होटलों के महंगे किराये से मुक्ति मिलेगी और पर्यटन के साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उज्जैन में सर्वाधिक भीड़भाड़ बारह वर्षों में एक बार आयोजित होने वाले कुंभ (जिसे उज्जैन के लिए सिंहस्थ कहा जाता है ) में हुआ करती है । जिसमें साधुसंतों और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वैश्विक आध्यात्मिक नगरी बनने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में निस्संदेह कई गुना वृद्धि होगी।इसके समाधान के लिए ही यह नयी योजना लायी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ होना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंहस्थ क्षेत्र में साधु-संतों के लिए आश्रम, स्कूल-कॉलेज और धर्मशाला बनवाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री का कहना था कि उज्जैन की पहचान साधु-संतों से है। इनके उज्जैन में रुकने, ठहरने, कथा भागवत करने के लिए भूमि की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए अब उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से भूखंड लेकर लेकर पक्के और स्थायी आश्रम बनाए जा सकेंगे।

उज्जैन के मास्टर प्लान 2035 के अंतर्गत इस योजना में यदि किसी को आश्रम के लिए पांच बीघा जमीन दी जाती है तो उसमें से चार बीघा जमीन उसे खुली रखनी होगी ताकि वहां कथा, यज्ञ जैसे कार्यक्रम आसानी से हो सकें। परिसर में वाहन भी पार्क किए जा सकें। इन भूखंडों का व्यावसायिक उपयोग नहीं किया जा सकेगा।

2023 में संकल्प पत्र के रूप में जारी किए भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में उज्जैन को वैश्विक आध्यात्मिक नगर बनाने का उल्लेख है। सरकार का मानना है कि उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर, क्षिप्रा तट और योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का शिक्षा स्थल महर्षि सांदीपनि आश्रम होने से पूरे वर्ष श्रद्धालुओं का मेला लगा रहता है। लैंड पूलिंग योजना के अंतर्गत भूमि का अधिग्रहण कर स्थायी सड़क, नाली, बिजली, पानी की व्यवस्था कराकर भूखंड आवंटित करने की योजना बनाई गई है। अब ये भूखंड कितने बड़े होंगे, क्या कोई संस्था या साधु-संत एक से अधिक भूखंड ले सकेगा, इस बारे में नीति अभी तैयार होना शेष है।



वर्ष 2016 और उसके पहले के सिंहस्थ आयोजनों में साधु-संत एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र में सड़क, पानी, सीवरेज, बिजली की व्यवस्था अस्थायी की जाती रही है। इन व्यवस्थाओं पर के लिए सरकार को काफी बड़ी राशि खर्च करनापड़ती है।एक अनुमति के अनुसार पिछले सिंहस्थ में जितनी राशि खर्च हुई, उतने में ईतने ही स्थायी कार्य हो जाते। पिछली बार सरकार ने इन व्यवस्थाओं पर 4500 करोड़ रुपए खर्च किए थे।

### श्री महाकालेश्वर मंदिर में स्वचालित वेंडिंग मशीन से प्रसाद वितरण

उज्जैन में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए निरंतर नए-नए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में अब ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में स्वचालित वेंडिंग मशीन से श्रद्धालुओं को प्रसाद मिलेगा। भक्तों द्वारा क्यूआर कोड स्कैन कर पेमेंट करने के बाद लड्डू का पैकेट मशीन से बाहर निकलेगा। इसके लिए मंदिर समिति ने कोयंबटूर की 5ऋ टेक्नोलॉजी नामक कंपनी को ऑटोमेटिक मशीन का ऑर्डर दिया है। मशीन से 100 ग्राम, 200 ग्राम और 500 ग्राम लड्डू के पैकेट प्राप्त होंगे। विश्व प्रसिद्ध बारह ज्योतिर्लिंगों में से एकमात्र दक्षिणमुखी भगवान श्री महाकालेश्वर मन्दिर में प्रबंध समिति द्वारा लड्डू प्रसाद निर्माण इकाई एवं निशुल्क अन्नक्षेत्र संचालित किया जाता है। उल्लेखनीय है

कि कोविड-19 के दौरान भी गाईड लाइन का पालन करते हुए दर्शनार्थियों को सुलभ दर्शन कराने के साथ-साथ हाईजेनिक लड्डू प्रसाद एवं अन्नक्षेत्र में निशुल्क भोजन प्रसादी की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गयी थी।इसे उच्च उत्कृष्टता स्तर की 5 स्टार रेटिंग में शामिल किया गया। इस संबंध में भारत सरकार के एफएसएसएआई द्वारा प्रमाण- पत्र जारी किया जा चुका है। वर्ष 2021 में सम्पूर्ण भारत में श्री महाकालेश्वर मन्दिर प्रबंध समिति द्वारा लड्डू प्रसाद के क्षेत्र में हाईजेनिक उत्कृष्टता में 5 स्टार रेटिंग प्राप्त करने वाला सम्भवतः प्रथम धार्मिक संस्थान है और निशुल्क अन्नक्षेत्र हाईजेनिक उत्कृष्टता 5 स्टार रेटिंग प्राप्त करने वाला धार्मिक संस्थानों में तीसरा संस्थान है। भारत सरकार की एफ.एस.एस.ए.आई. द्वारा उक्त दोनों ईकाइयों में निरीक्षण कर ऑडिट किया गया और दोनों इकाईयों को उत्कृष्ट माना गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति को सेफ भोग प्लेस का प्रमाण-पत्र भी प्राप्त है।(विभूति फीचर्स)

# वक्त की नजाकत को समझें 'मराठी मानुष '



सुशील कुमार 'नवीन'

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर की चुनाव आयोग की टीम द्वारा जांच का मामला इन दिनों पूरा गर्माया हुआ है। हालांकि चुनाव आयोग के अनुसार ये एक सामान्य प्रक्रिया है, जो सभी के साथ होती रही है। इसमें कोई विशेष बात नहीं है। हर चुनाव में यह होता रहा है। आयोग के अनुसार भले ही ये सामान्य प्रक्रिया हो, पर ' मराठी मानुष ' की 24 घंटे में दो बार की चेकिंग ने पक्ष-विपक्ष के नेताओं की बयानबाजी को पूरी हवा दे दी है।

महाराष्ट्र में कभी पावरफुल रही शिवसेना आज धड़ों में बंटी हुई है। एक झंडे के नीचे बरसों रहे नेता आज अलग झंडा, अलग निशान लिए एक-दूसरे के सामने खड़े हैं। यह ठीक है कि उद्धव ठाकरे उस शख्शियत (बाला साहब ठाकरे) के उतराधिकारी हैं जिसका बरसों तक महाराष्ट्र में अपना विशेष दबदबा रहा है। ' आता माझी सटकले ' डायलॉग 'सिंघम' फिल्म से 2011 में जरूर मशहूर हुआ था। बाला साहब ठाकरे पर ये डायलॉग शुरू से ही सटीक बैठता रहा था। उन्होंने जो कह दिया, सो कह दिया। मुंबई से लेकर दिल्ली तक उसे मोड़ना या मोड़ने का प्रयास करना सहज नहीं था। बाबरी मस्जिद गिराने पर उनका बयान हो, या भारत-पाक मैच कहीं पर भी न होने देने की बात हो। जो कहा उसे खुलकर कहा। जब तक जिए तब तक अपना दबदबा कम नहीं होने दिया। शिव-सेना जितनी मजबूत उनके समय थी वो अब नहीं है। ताकत बंट चुकी है तो कमजोरी होना स्वाभाविक है। प्रकृति का यह नियम भी है कि शिकार हमेशा कमजोर ही बनते हैं। ताकतवर तो शिकार बनाते हैं।

ठाकरे के हेलीकॉप्टर की सोमवार को यवतमाल और मंगलवार को लातूर में जांच की गई। हेलीकॉप्टर में रखे गए पूरे सामान को भी चेक किया गया। वैसे तो जांच प्रक्रिया कोई बड़ी बात नहीं है। बड़े बड़े महानुभावों की जांचें चर्चाओं में रही हैं। एयरपोर्ट पर तो ये एक सामान्य क्रिया है। इलेक्शन टाइम ही ऐसा होता है जब अधिकारी फुल पावर में और नेताओं के हाथ पूरी तरह से बंधे होते हैं। अन्यथा क्या मजाल कोई बड़े से बड़ा अधिकारी जांच करना तो दूर जांच करने की बात ही कह कर दिखाए। ऐसे में ठाकरे साहब को टीम के प्रति नाराजगी नहीं दिखानी चाहिए। जांच में नाराजगी दिखाने से बचकर जांच में उदारता दिखानी चाहिए।

**टॉकिंग प्वाइंट**
**महाराष्ट्र चुनाव**

वैसे भी नाराजगी दिखना और नाराजगी दिखाना दोनों में अंतर है। नाराजगी दिखना मौके पर चौके की तरह होती है। समय अच्छा हो तो यह कई गुणा परिणाम देती है। शब्दों के कटुजाल से यदि अपने आपको बचाये रखा तो इससे संबंधों में सुधार के चांस भी बने रहने के आसार रहते हैं। दूसरे मौके पर ही नाराजगी दिखा देना संबंधों में कड़वाहट और बढ़ाने का काम करता है। राजनीति में कौन किस समय दोस्त बनाना पड़ जाए, कब किसे सजदा करना पड़ जाए। किससे गले मिलना पड़ जाए। पता नहीं चलता। ऐसी स्थिति में शब्दों के कटुजाल बहुत परेशानी पैदा करते हैं।

महाराष्ट्र सियासत के प्रमुख ध्रुव रहे उद्धव ठाकरे के साथ इस तरह की घटना पर चर्चाएं भी एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। चुनाव में यदि कुछ नया न हो तो चुनाव का माहौल नहीं बनता। महाराष्ट्र की राजनीति वैसे भी औरों से हटकर है। यहां ' अपने वर्सिज अपने ' चुनाव लड़ रहे हैं। गठबंधन टिके रहेंगे, ये कौनसा तय है। चुनाव से पहले और परिणाम के बाद अलग रुख होता है। सामने से नमस्ते करने वाले नजरें चुराते देर नहीं लगाते। क्या पता, किससे हाथ मिलाना पड़ जाए। ठाकरे साहब ऐसे में इसे दिल पर न लें। ' आल इज वेल ' कहकर इसे एक सामान्य प्रक्रिया के रूप में स्वीकारें । प्रतिष्ठा का सवाल न बनाएं। राजनीति में प्रतिष्ठा बनती ओर बिगड़ती रहती है। प्रतिष्ठा लगातार बरकरार रहे, इसके लिए पहले से भी मजबूत होकर दिखाएं। वैसे भी नाराजगी मौके पर ही दिखाने की होती है। चुनाव के माहौल में इससे बचना चाहिए। कई बार ये विपरीत दिशा में चल पड़ती है तो संभालनी मुश्किल हो जाती है। भाजपा को तो बैठे बैठाए शानदार मुद्दा मिल गया है। ठाकरे साहब के एक वीडियो के जवाब में धड़ाधड़ बयानबाजी होने लगी है। बाकायदा चुनाव आयोग की टीम से अपने बड़े नेताओं के वाहनों की जांच के वीडियो अपलोड किए जा रहे है। मशहूर शायर बशीर बद्र ने ठीक कहा है

# जीरो टका की जुमला गारंटी



रामविलास जांगिड़

**व्यंग्य**

बेताल ने चुनावी सभा में खंभे पर लटकते हुए कहा, राजा विक्रम, तुम्हें एक ऐसा रहस्य बताने जा रहा हूं, जिसे सुनकर तुम्हारी चुनावी समझ गहरी हो जाएगी। सुनो, ये कहानी है 'मोहब्बत की दुकान, गठबंधन की जोड़ी चार, जुमलों का बाजार, और सौ टका का गारंटी' की। इन मंत्रों में ही छुपी है आज के नेता की असली चाल। विक्रम ने मुस्कुराते हुए कहा, बोलो बेताल, ये मोहब्बत की दुकान से चुनाव का क्या संबंध है?

बेताल ने चुनावी गारंटी के पोस्टर के आगे अपना हाथ नचाते हुए कहा, सम्बंध गहरा है, हे राजन! चुनावी माहौल में मोहब्बत की दुकान बहुत ही महत्वपूर्ण है। समझो, जब नेता जनता से मिलने निकलते हैं, तो उनके चेहरे पर एक झूठी मोहब्बत का नकाब होता है। मोहब्बत की दुकान चलाने का सबसे बड़ा हुनर है, जिससे जनता नेता के झूठे वादों पर भरोसा करने लगती है। विक्रम ने सिर हिलाया और कहा, तुम्हारी बात में दम है। अब बताओ यह 'गठबंधन की जोड़ी चार' क्या है?

बेताल ने रहस्यमयी अंदाज में कहा, हे राजन, गठबंधन भी एक अद्भुत खेल है। जब चुनाव पास आते हैं, तो नेता सोचते हैं कि अकेले काम नहीं चलेगा, तो अपने प्रतिद्वंद्वियों से हाथ मिला लेते हैं। गठबंधन एक ऐसा विवाह है, जिसमें दोनों पक्ष अपनी-अपनी कुर्सी के लालच में एक-दूसरे से 'मोहब्बत' दिखाते हैं। इसमें वे लोग साथ आते हैं, जो चुनाव से पहले एक-दूसरे को कोसते रहते हैं।

चुनावी जोड़ी चार लोग बना लेते हैं, फिर हाथ में हाथ डालकर कहते हैं, 'देश का विकास हमारे हाथों में है।' और चुनाव बाद, यह जोड़ी टूट जाती है, जैसे शादी के तुरंत बाद झगड़े का आगाज। विक्रम हंसी रोकते हुए बोला, तो गठबंधन की यह जोड़ी भी एक छलावा है? बेताल ने मुस्कुराते हुए कहा, हां राजन! हां! सब कुछ छलावा है, और सुनो! जुमलों का बाजार तो सबसे मजेदार है। चुनावी मौसम में हर नेता एक 'सुपरमार्केट' बन जाता है, जहां जुमले एकदम ताजे और चमचमाते मिलते हैं। जैसे, 'अच्छे दिन आएंगे', 'हर घर नौकरी', 'हर हाथ में पैसा'। ये जुमले ऐसे हैं, जिनकी न कोई मियाद होती है, न कोई गारंटी। जनता जुमलों के इस बाजार में आकर खुश हो जाती है और अपनी मर्जी का चुनावी वादा खरीद लेती है। नेता लोग जानते हैं कि चुनावी समय में थोड़ी सी चिकनी-चुपड़ी बातों से जनता मंत्रमुग्ध हो जाएगी। जनता भी सुनती है और कहती है, 'वाह! नेता जी क्या कह रहे हैं।' और बाद में वही जनता अपना सिर पकड़ लेती है। विक्रम ने ठहाका लगाते हुए कहा, बेताल, तुम सही कह रहे हो। और ये 'सौ टका का गारंटी' क्या चक्कर है?

बेताल ने गंभीरता से कहा, हे राजन, यह चुनावी दुनिया का सबसे बड़ा छल है। नेता कहते हैं, 'हम सौ टका का गारंटी देते हैं कि हम जो कह रहे हैं, वही करेंगे।' लेकिन असल में यह गारंटी केवल चुनावी भाषण तक सीमित होती है। चुनाव के बाद ये गारंटी 'जीरो टका की जुमला गारंटी' बन जाती है। जैसे ही नेता कुर्सी पर बैठते हैं, तो उन्हें अपनी गारंटी का मतलब ही समझ में नहीं आता। वे सबकुछ भूल जाते हैं और जनता देखती रह जाती है।

## वर्ग पहेली नं. 2916

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| | ■ | | ■ | 7 | 8 | | ■ | 9 | |
| 10 | | | 11 | ■ | 12 | | 13 | | ■ |
| | ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | 16 |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | ■ | 20 | | |
| ■ | | ■ | ■ | 21 | | 22 | | ■ | |
| 23 | | 24 | | | ■ | | ■ | 25 | |
| | ■ | | ■ | 26 | 27 | | 28 | | ■ |
| 29 | | | | ■ | | ■ | 30 | | |

➲ *बायें से दायें:-* 2) सब से पहले, 4) किसी को झट से पकड़कर दबा लेना, 7) हिजड़ा; नपुंसक, 9) कीर्ति, 10) द्विदल धान्य, 12) जल्दी-जल्दी, 14) कारण, 15) हाथ का पंजा ; राजस्व, 17) सप्ताहान्त, 20) खुले में, 21) पात्र, 23) प्रभावशाली, 25) परिणाम, ख़ात्मा, 26) हिंदी में *सोशलिज़्म*, 29) गायब, 30) सुलझा ; सीधा.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) सहायक; सरपरस्त, 2) झोंका; बहाव, 3) निषिद्ध, 4) करुणाजनक, 5) निर्वाचन; नियुक्ति; चुनने का कार्य, 6) विध्वंस, 8) उन्माद; घमंड, 11) निगाह, 13) द्वारपाल, 16) थंड़ा मीठा पेय, 18) फैलाव; उन्नति, 19) एक हिंसक पशु, 21) साल, 22) विवेक, 23) एक पांडव *(महाभारत)*, 24) गति, 25) बीच में, 27) स्त्रीलिंगीय सजीव, 28) गंध.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न्न | त | ■ | ■ | के | व | ल | ■ | धा |
| ध्यां | ■ | बा | जी | ग | र | ■ | थ | प्प | ड़ |
| त | र | ह | ■ | ह | ल | ■ | प | ■ | ■ |
| र | ज | ■ | घ | ना | ■ | प | थ | री | ला |
| ■ | नी | हो | न | ■ | द | ल | ■ | झ | ■ |
| ऐ | श | ■ | च | टो | रा | ■ | गु | ना | ह |
| सा | ■ | ■ | क | ■ | र | च | ना | ■ | ड़ |
| वै | ■ | धा | र | ना | ■ | प्प | ■ | मा | ता |
| सा | मा | न्य | ■ | च | ह | ल | प | ह | ल |

## सुडोकू-पहेली-2876

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | | 1 | | |
| | | | 6 | | 2 | | | |
| | | | 5 | | | | | |
| 3 | | | 1 | | | | | |
| | | | | 3 | | 4 | | |
| | | 5 | | | | | 2 | |
| 8 | 2 | | | 7 | | | | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | | | | 6 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2875 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 3 | 2 | 6 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 | 4 | 5 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 3 | 4 | 7 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 7 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 5 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 7 | 4 | 2 | 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 6 | 8 | 5 | 7 | 4 |

# गंगा सागर में 31 छात्रों के टैब के पैसे हुए गायब, जांच हुई शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में सामने आए टैब घोटाले में अब गंगासागर स्कूल के 31 छात्रों के टैब के पैसे गायब होने की खबर सामने आयी है। सागर थाने की पुलिस ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। कथित तौर पर दक्षिण 24 परगना के गंगासागर के महेंद्रगंज हाई स्कूल के 31 छात्रों के टैब के पैसों को जालसाजों ने गायब कर लिया है। बताया जा रहा है कि स्कूल के 166 छात्रों में से 31 को छोड़कर सभी को टैब के पैसे मिल चुके हैं। ऐसा देखा गया है कि 31 छात्रों का पैसा दूसरे खाते में चला गया है। स्कूल अधिकारियों ने कल पुलिस स्टेशन में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई। स्कूल के कार्यवाहक शिक्षक श्यामल कुमार बाला ने कहा, जालसाजों ने स्कूल के 31 छात्रों का पैसा हड़प लिया है। सागर पुलिस स्टेशन द्वारा शिकायत दर्ज किए जाने के बाद दक्षिण 24 परगना के जिला शिक्षा निरीक्षक के पास एक लिखित शिकायत दर्ज की गई। सुंदरबन जिला पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



### टैब स्कैम में बेहाला का नाम भी जुड़ा

**कोलकाता, समाज्ञा : टैब स्कैम मामले में अब बेहाला का नाम भी जुड़ गया है। सरशुना गर्ल्स हाई स्कूल में टैब घोटाले को लेकर सरशुना थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी है। स्कूल की एक छात्रा के अभिभावक ने बताया कि उनकी बेटी को टैब नहीं मिला। जिन लोगों को टैब नहीं मिला, उनसे दोबारा दस्तावेज जमा कराये गये हैं। हालांकि, उक्त स्कूल की प्रधानाध्यापिका शर्मिला मुखर्जी ने कैमरे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।**

### टैब स्कैम मामले में 6 और गिरफ्तार, अबतक कुल 10 गिरफ्तारी

**बर्दवान/उत्तर दिनाजपुर :** टैब स्कैम मामले में मालदह से 4 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में से एक स्कूल का कंप्यूटर शिक्षक है। पुलिस गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर इस गिरोह में शामिल अन्य लोगों के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है। बर्दवान पुलिस ने टैब स्कैम मामले की जांच करते हुए सोमवार की रात मालदह से हासेम अली नामक युवक को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ के बाद पुलिस ने मालदह से पिंटू शेख, जमाल शेख, श्रवण सरकार और रॉकी शेख नाम के चार लोगों को गिरफ्तार किया। मालूम हो कि रॉकी शेख मालदह के भगवानपुर केबीएस स्कूल में कॉन्ट्रैक्चुअल कंप्यूटर शिक्षक है। दूसरी तरफ, छात्रों के टैब मनी धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने चोपड़ा थाना क्षेत्र से दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों का घर घिरनी गांव ग्राम पंचायत क्षेत्र में है। चोपड़ा थाने के पुलिस सूत्रों के अनुसार, लालबाजार की खुफिया विभाग की टीम ने चोपड़ा थाने की पुलिस की मदद से मंगलवार की देर रात शरीफुल इस्लाम और कृष्ण पद बर्मन दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों को ट्रांजिट रिमांड के लिए बुधवार को इस्लामपुर कोर्ट भेजा गया है।

# आरजीकर मेडिकल कॉलेज में बिना अनुबंध के तृणमूल विधायक की कंपनी से भारी मात्रा में खरीदे गए चिकित्सा उपकरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में पिछले वित्तीय वर्ष (2023-24) के दौरान बिना सरकारी अनुबंध के बड़ी मात्रा में दवाओं और इनहेलर की खरीद का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर अस्पताल प्रशासन पर वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, आरजीकर मेडिकल कॉलेज ने हुगली जिले के रिषड़ा स्थित 'ए. एस. मेडिकल एजेंसी' नामक एक निजी एजेंसी से बड़ी मात्रा में श्वसन रोग से संबंधित दवाएं और इनहेलर खरीदे। यह एजेंसी सरकार द्वारा चयनित विक्रेताओं की सूची में नहीं थी और इसके पास अस्पताल को दवाएं आपूर्ति करने का कोई सरकारी अनुबंध भी नहीं था। सरकारी नियमों के अनुसार, अस्पतालों को आवश्यक दवाओं की खरीद सरकारी एजेंसियों और अधिकृत विक्रेताओं से ही करनी होती है, परंतु इस मामले में 'लोकल परचेज' के माध्यम से बाहर की कंपनी से दवाएं खरीदी गईं। सीबीआई के एक अधिकारी के मुताबिक, पिछले वर्ष सरकारी चयनित विक्रेताओं से दवा खरीदने के बावजूद आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज ने सरकारी अधिकृत विक्रेताओं की अपेक्षा निजी कंपनी से लगभग 60 लाख रुपये की दवाएं खरीदीं।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य के अन्य बड़े अस्पतालों ने सरकारी अनुबंध के तहत ही दवाएं खरीदी थीं, लेकिन आरजीकर मेडिकल कॉलेज ने 4.98 लाख रुपये के इनहेलर खरीदने के साथ-साथ रिषड़ा की इस एजेंसी से लगभग दो करोड़ रुपये के दवाओं की खरीद की। इस पर पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम ने कहा, अगर इस प्रकार की कोई अनियमितता हुई है, तो इसकी निश्चित रूप से जांच की जाएगी। वहीं, 'ए. एस. मेडिकल एजेंसी' के प्रमुख अनूप कुमार मंडल ने इस मामले पर कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/618, दिनांक 12.11.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3367; कार्य का नाम:** हावड़ा स्टेशन में कैमटेक डिजाइन एकमोडेशन में रूपांतरण के लिए रनिंग रूम के नवीनीकरण के साथ रसोईघर एवं शौचालयों, गैंगवे के नवीनीकरण, रूफ ट्रीटमेंट इत्यादि के संबंध में विद्युतीय सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 17,45,947। **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 34,900; **समापन अवधि:** 90 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 03.12.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है।

(HWH-415/2024-25)


निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# टैब मनी भ्रष्टाचार मामले में लालबाजार की सख्त कार्रवाई जारी

- **किराए में लेकर होता था बैंक अकाउंट का इस्तेमाल?**
- **अब तक कुल 56 प्राथमिकी दर्ज, 10 गिरफ्तारी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के स्कूली छात्रों को दिए जाने वाले टैब खरीदने वाले रुपयों के भ्रष्टाचार पर हंगामा जारी है। कोलकाता से लेकर अन्य जिलों तक, पुलिस हर जगह तलाशी और जब्ती कर रही है। सूत्रों के अनुसार टैब मनी भ्रष्टाचार को लेकर विभिन्न जिलों में अब तक कुल 56 प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जिसमें सिलीगुड़ी में 2, इस्लामपुर में 4, कलिम्पोंग में 3, आसनसोल दुर्गापुर में 1, हावड़ा में 4, बीरभूम में 1, बांकुड़ा में 1, मुर्शिदाबाद में 3, झाड़ग्राम में सबसे ज्यादा मामले हैं। इसके अलावा चंदननगर, बैरकपुर, बशीरहाट, बारासात, मालदह में भी शिकायतें दर्ज की गई हैं। कोलकाता शहर में भी शिकायतें दर्ज की गई हैं। चोपड़ा से पहले ही गिरफ्तार किए गए 2 लोगों को तीन दिनों के लिए ट्रांजिट रिमांड पर लिया गया है। लालबाजार के अधिकारियों को शुरू में पता चला कि उनके बैंक खातों का इस्तेमाल कमीशन के आधार पर किया गया था। उनके बैंक खातों का उपयोग किसने किया, किसके निर्देश पर किया गया, इसकी जांच की जा रही है। इसके अलावा, लालबाजार सूत्रों के मुताबिक फॉरेंसिक ऑडिट भी किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इन सभी के खाते में 10 हजार रुपये आये हैं। जिसके बदले 300 रुपए कमीशन जेब में गया। मिली जानकारी के अनुसार, अब तक 31 शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं।



इसके अलावा, बेनियापुकुर थाने में 5 शिकायतें की गई हैं, मानिकतला में 2 शिकायतें, वाटगंज में भी दो शिकायतें, कसबा में 10 शिकायतें और जादवपुर में अब तक 12 शिकायतें दर्ज की गई हैं। लालबाजार सूत्रों के मुताबिक, अब तक की जांच से पता चला है कि जिन लोगों के खातों में कमीशन के आधार पर पैसे आये हैं, सभी मामलों में सिर्फ एक टैब में ही पैसा आया है। मालूम हो कि सरसुना थाने के 31 शिकायतकर्ताओं के टैब का अधिकांश पैसा चोपड़ा और आसपास के इलाकों के विभिन्न खातों में चला गया।

### माध्यमिक के टेस्ट परीक्षा के प्रश्नों को लेकर दिशानिर्देश जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मध्य शिक्षा पर्षद स्कूलों में होने वाले माध्यमिक परीक्षा को लेकर सतर्क है। राज्य की छवि या बोर्ड की छवि को धूमिल करने वाले किसी भी प्रश्न पर सवाल नहीं किया जाएगा। टेस्ट परीक्षा को केंद्र कर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का स्कूलों को ऐसा निर्देश दिया गया है। निर्देश के अनुसार, यदि कोई स्कूल पाठ्यक्रम से बाहर या विवादास्पद प्रश्न पूछता है तो इसकी जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक की होगी। प्रत्येक स्कूल को अलग-अलग प्रश्न पत्र तैयार करना होगा। क्षेत्र के कई स्कूल एक साथ टेस्ट पेपर तैयार नहीं कर सकते। साथ ही, 2025 में माध्यमिक परीक्षा में बैठने वालों के लिए भी बड़ी खबर है। मध्यमिक परीक्षा के फॉर्म भरने में एक नयी पद्धति शुरू की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को स्कूल में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# मुख्यमंत्री ममता ने किया दो हिम तेंदुआ और चार लाल पांडा का नामकरण



**दार्जिलिंग :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार की सुबह सरकारी कार्यक्रम में शामिल होने दार्जिलिंग पहुंची है। सरस मेले का उद्घाटन से पहले मुख्यमंत्री नियमित रूप से प्रातः भ्रमण पर निकली। रिचमंड हिल से सीधे हिलकार्ट रोड की ओर उतरते समय वह दार्जिलिंग चिड़ियाघर के सामने पहुंची। दार्जिलिंग पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क के निदेशक बासवराज ने वहां मुख्यमंत्री से मुलाकात किये। उनके अनुरोध पर मुख्यमंत्री ने दो हिम तेंदुए और चार लाल पांडा का नामकरण किया। मुख्यमंत्री ने दो हिम तेंदुए के नाम डार्मिंग और चार्मिंग रखा। जबकि, चार लाल पांडाओं का नाम हीली, पहाड़िया, विक्ट्री और ड्रीम रखा। दार्जिलिंग चिड़ियाघर के निदेशक बासवराज ने मुख्यमंत्री द्वारा रखी गयी नामों की जानकारी पत्रकारों से साझा किया।

# लॉर्ड्स मोड़ के संध्या बाजार में भीषण आग, मौके पर पहुंची 16 दमकल की गाड़ियां

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर अगलगी की घटनाएं घट रही है। अभी कालिकापुर बस्ती की झोपड़ियों में लगी आग की तपिश ठण्डी भी नहीं हुई कि दक्षिण कोलकाता के लॉर्ड्स मोड़ के पास संध्या बाजार में भीषण आग लग गई। खबर के लिखे जाने तक दमकल की 16 गाड़ियां घटनास्थल पर मौजूद थी और आग बुझाने का काम जारी था। वैसे दमकल कर्मियों ने दावा कि आग लगभग बुझा लिया गया है। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आग किस वजह से लगी। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों ने बताया कि आग लगने के बाद स्थानीय निवासियों ने पहले तो इसे बुझाने की कोशिश की। आग की सूचना मिलने के बाद दमकल की 10 गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। बाद में, 6 इंजन और भेजे गए। घटना के बाद जादवपुर थाने से पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। बाजार क्षेत्र होने के कारण यहां कई छोटी-छोटी झोपड़ीनुमा दुकानें हैं। माना जा रहा है कि वहां कुछ ज्वलनशील पदार्थ के कारण आग भीषण हुई। आग के अंदर से धमाकों की आवाज भी सुनी गई। कहा जा रहा है कि दुकानों में रखे गैस सिलेंडर फट गए होंगे। झुग्गी बस्ती इलाका होने के कारण आग तेजी से मार्केट के अंदर फैल गई। आग की तीव्रता के कारण कई झोपड़ीनुमा दुकानों को नुकसान पहुंची है। यहां के दुकानों को काफी नुकसान पहुंचा है। न केवल झोपड़ीनुमा दुकानें, बल्कि बाजार क्षेत्र में फुटपाथ के किनारे की कुछ स्थायी दुकानें भी कमोबेश क्षतिग्रस्त हो गईं।



कोलकाता नगर निगम के मेयर परिषद देबाशीष कुमार दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और घटना पर दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा कि दमकल अधिकारियों की जांच के बाद ही आग लगने का कारण स्पष्ट हो सकेगा। स्थानीय निवासियों के एक वर्ग ने शिकायत की कि आग लगने के बाद दमकल की गाड़ी पहुंचने में देरी हुई। हालांकि, देबाशीष इस आरोप को खारिज करते हुए कहा अगर फायर ब्रिगेड देर से आती तो आग पर काबू नहीं पाया जा सकता था। देबाशीष ने यह भी आश्वासन दिया कि राज्य सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी रहेगी।

# उपचुनाव के लिए बंद बड़ो मां मंदिर में तृणमूल उम्मीदवार ने की पूजा-अर्चना, दर्शनार्थियों का पूटा गुस्सा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के 5 जिलों की 6 सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। चुनावों को ध्यान में रखते हुए, अधिकारियों ने इस दिन आगंतुकों के लिए बड़ो मां मंदि को बंद करने का फैसला किया गया था। लेकिन, नैहाटी के तृणमूल उम्मीदवार सनत दे सुबह मंदिर में पूजा करने गये। उन्हें मंदिर के अंदर देखकर दर्शन करने आए श्रद्धालु भड़क उठे। प्रत्याशी की कार के आस-पास भी विरोध प्रदर्शन हुआ। इसके बाद, जैसे ही प्रत्याशी मंदिर से बाहर निकले तो दर्शनार्थियों ने भी



उनके सामने विरोध जताया। प्रत्याशी की कार के सामने भी लोगों ने तोड़-फोड़ व हंगामा करते हुए नजर आये। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से सनत दे मंदिर से चले गये। वह मंदिर से निकल कर मतदान केंद्र पर गये।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत **नलहाटी एवं हिन्दमोटर** स्टेशनों में 3 वर्षों की अवधि के लिए सामान्य पे एंड यूज शौचालय के संचालन एवं रखरखाव के लिए नई संविदा की सुपुर्दगी हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। यह ई-नीलामी रेलवे बोर्ड की फ्रेट मार्केटिंग सर्कुलर सं. 11 ऑफ 2022 तथा कमर्शियल सर्कुलर सं. 14 ऑफ 2022 के अनुसार संचालित की गई है। और अधिक विवरण तथा ई-नीलामी में भाग लेने के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-नीलामी पट्टा प्रारूप देखें। **नीलामी सूचीपत्र सं.:** पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-2-आर, **लॉट नं./श्रेणी: (1)** पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-एनएचटी-टीओआई-42-24-1; **स्टेशन:** नलहाटी। **(2)** पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-एचएमजेड-टीओआई-29-23-1; **स्टेशन:** हिन्दमोटर। **नीलामी की तारीख एवं समय:** 26.11.2024 को सुबह 10.00 बजे। (HWH-416/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर फिर से होगी सुनवाई, क्या इस साल मिलेगी जमानत?

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर सुनवाई अभी भी अनिश्चित है। बुधवार को सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई नहीं हुई। आगामी 22 नवंबर को इस मामले की सुनवाई कौन सी अदालत करेगी इसका फैसला हो सकता है। नतीजतन, इस साल के अंदर उनकी जमानत संभव है या नहीं, इसे लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है. राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में 2021 में केंद्रीय जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया था। तब से उनकी जमानत के मामले में देरी हो रही है। दरअसल, इस मामले में ईडी चाहती है कि प्राथमिक भ्रष्टाचार से जुड़े सभी मामलों की सुनवाई ईडी की विशेष अदालत में हो। यानी भ्रष्टाचार के मामले की सुनवाई एक ही जज को करनी चाहिए। वहीं पार्थ चटर्जी की जमानत मामले की सुनवाई बुधवार को विचार भवन स्थित विशेष सीबीआई अदालत में होनी थी। ईडी की अर्जी को ध्यान में रखते हुए इस दिन उनके जमानत मामले पर सुनवाई नहीं हुई। शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के खिलाफ कोर्ट में पुख्ता सबूत पेश करने के लिए सीबीआई सक्रिय है। सूत्रों के मुताबिक, 22 नवंबर को फैसला होगा कि प्राथमिक भ्रष्टाचार के संबंध में दायर सीबीआई मामले की सुनवाई कौन सी अदालत करेगी। अब सवाल ये है कि क्या पार्थ चटर्जी को इस साल जमानत मिलेगी?

### हाईकोर्ट ने कुंतल की जमानत के मामले के फैसला रखा स्थगित

प्राथमिक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार कुंतल घोष की जमानत के मामले की सुनवाई के बाद न्यायाधीश शुभ्रा घोष ने फैसला स्थगित कर दिया। भर्ती भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार कुंतल घोष ने ईडी मामले में जमानत के लिए अर्जी दी है। सुनवाई जस्टिस शुभ्रा घोष की अदालत में हुई। कुंतल घोष के वकील ने कोर्ट से मांग की कि सुप्रीम कोर्ट 4 हफ्ते में मामले की सुनवाई करे और जमानत का फैसला करे। बुधवार को हाई कोर्ट में कुंतल घोष की जमानत मामले की सुनवाई खत्म हो गई।

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 59/ईटी/2024-25 — दिनांक: 09.11.2024

| क्र.स. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03241842ए | सेट एआर ग्रिल फॉर एलएचबी पावर कार यूएसबीआरएल कोचेज | 65 सेट | 03/12/2024 |
| 02 | 03241971 | सप्लाई, इन्स्टालेशन एंड कमीशिनिंग फॉर कम्प्लीट फर्निसिंग ऑफ एलएचबी ट्रैक इन्सपेक्शन कम मॉनिटेरिंग कोचेज | 69 नग | 29/11/2024 |
| 03 | 15245204ए | सप्लाई, इन्स्टालेशन टेस्टिंग एंड कमीशिनिंग ऑफ ट्रांसफर/सटल कार ऑफ कैप्सटी 30 टन | 01 नग | 10/12/2024 |
| | | टोटल कास्ट ऑफ कॉम्प्रिहेसिव एएमसी फॉर पाँच वर्ष ऑफ्टर एक्सपायरी ऑफ वारंटी पीरियड ऑफ टू ईयर | 01 नग | |
| 04 | 03241905 | लांगीट्यूडिनल लगेज रैक | 919 नग | 02/12/2024 |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/शेल

**निविदा संख्या:- AMC-UROMAC-24-25-114**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम&पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या **AMC-UROMAC-24-25-114 नियत तिथि:-02.12.2024** जारी की जाती है। यह खुली ई. निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है- यह निविदा **एकल** पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नाम**- खुली निविदा के माध्यम से आधुनिक कोच फैक्ट्री लालगंज में दो वर्ष की अवधि के लिए 01 नग रेल सह सड़क वाहन (मेक-यूरोमैक) के लिए स्पेयर पार्ट्स के बिना गैर-व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में** - रु. 22,07,072.00 (बाईस लाख सात हजार बहत्तर रुपये मात्र)। **धरोहर राशि** - रु. 44,200.00। **निविदा प्रपत्र का मूल्य**- रु 3,000.00। **कार्य समापन की अवधि**- दो वर्ष (24 माह)।

- **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय 02.12.2024 को 15:30 बजे।**
- विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

कार्य प्रबंधक/संयंत्र

ई-निविदा सूचना सं०. MCF-ELECT-PR-03T2 — दिनांक: 11.11.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप. मुख्य विद्युत अभियंता/विद्युत परियोजना, आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली द्वारा भारतीय रेलवे के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से सक्षम एवं अनुभवी निविदाकारों से सिंगल पैकेट सिस्टम पर आधारित ओपन ई-निविदा निम्न कार्य के लिए आमंत्रित की जा रही है। **विवरण:- कार्य का नाम:** आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री रायबरेली में स्मार्ट एनर्जी मीटरिंग सिस्टम का प्रावधान। **कार्य का स्थान:** आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली। **लागत (लगभग):** रु 2,24,81,920.00। **अग्रिम राशि:** रु 2,62,400.00। **निवदा बंद करने की तिथि व समय:** 03.12.2024 (15:30 बजे)। **कार्य समाप्ति की अवधि:** आठ महीने। **नियम और शर्तें:** अन्य विवरण, नियम और शर्तें www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज में उपलब्ध हैं।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस एवं प्रोजेक्ट

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**रेलवे रिक्रुटमेंट सेल**
**पूर्व रेलवे**
**56, सी. आर. एवेन्यू, कोलकाता - 700012, वेबसाइट:www.rrcer.org**

**वर्ष 2024-2025 के लिए स्पोर्ट्स कोटा के तहत भर्ती**

**सांकेतिक रोजगार अधिसूचना**

**रोजगार अधिसूचना सं.: आरआरसी/ईआर/स्पोर्ट्स कोटा (ओपन एडवर्टिजमेंट)/2024-2025**

**1. अनुसूची:**
i) **ऑनलाइन आवेदन आरंभ होने की तिथि और समय: 15.11.2024 को 10.00 बजे।**
ii) **ऑनलाइन आवेदन बंद होने की तिथि और समय: 14.12.2024 को 18.00 बजे।**

पूर्व रेलवे में रोजगार अधिसूचना सं. **आरआरसी/ईआर/स्पोर्ट्स कोटा (ओपन एडवर्टिजमेंट)/2024-2025** के तहत 60 (साठ) पदों को भरने के लिए पात्र और मेधावी भारतीय नागरिक वाले खिलाड़ियों से वेतन मान रु.5200-20200/- में पीबी-1 के लिए [ ग्रेड पे रु. 2400/2800 (लेवल-4/5), रु.1900/2000 (लेवल-2/3) और रु.1800/- (लेवल-1)के साथ] **ऑनलाइन** आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। नीचे दी गई तालिका के अनुसार निम्नलिखित क्षेत्रों में रिक्तियाँ उपलब्ध हैं। **इस नियुक्ति में किसी विशिष्ट समुदाय अर्थात एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस को योग्यता मानदंड, आयु या आरक्षण में कोई छूट नहीं दी गई है।**

**2. ग्रुप-'सी' एवं ग्रुप-'डी' के पदों का विवरण:**

| कैटेगरी सं. | 7वें सीपीसी के अनुसार पद | पदों की सं. | पदों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्रुप-'सी' लेवल-4/लेवल-5 (7वां सीपीसी) [जीपी रु.2400/2800/- (6ठा सीपीसी)] | 05 (पाँच) | पूर्व रेलवे की किसी भी यूनिट में लेवल-4/5 पदों में कोई उपयुक्त पद। |
| 2. | ग्रुप-'सी' लेवल-2/लेवल-3 (7वां सीपीसी) [जीपी रु.1900/2000/- (6ठा सीपीसी)] | 16 (सोलह) | पूर्व रेलवे की किसी भी यूनिट में लेवल-2/3 पदों में कोई उपयुक्त पद। |
| 3. | ग्रुप-'डी' लेवल-1 (7वां सीपीसी) [जीपी रु.1800/- (6ठा सीपीसी)] | 39 (उनतालीस) | पूर्व रेलवे की किसी भी यूनिट में लेवल-1 पदों में कोई उपयुक्त पद। |

**3 प्रत्येक कोटि में पद का विभाजन निम्नानुसार है::**

**कैटेगरी-1: पीबी-1 (रु.5200-20200) के साथ जीपी रु. 2400 या 2800 (7वें सीपीसी के अनुसार पे मैट्रिक्स का लेवल-4 या लेवल 5)-(कोटा-05)**

| क्रम सं. | खेल-कूद का नाम | स्पेशलिटी (पोजिशन/इवेंट) | भर्ती किए जाने वाले प्रस्तावित खिलाड़ी |
|---|---|---|---|
| 1 | आर्चरी (पुरुष/महिला) | रिकर्व/कम्पाउंड | 01 (एक) |
| 2 | एथलेटिक्स (महिला) | 1500 मी./3000 मी./5000 मी./10000 मी./3000 मी. स्टीपलचेज 100 मी. हर्डल/400 मी. हर्डल/100 मी./200 मी./डिसकस थ्रो/जैवलिन थ्रो/हैमर थ्रो | 02 (दो) |
| 3 | बॉक्सिंग (महिला) | 54 किलो से 57 किलो/60 किलो से 63 किलो | 01 (एक) |
| 4 | शूटिंग (पुरुष/महिला) | 10 मी. एयर राइफल/50 मी. प्रोन/50 मी. 3 पोजिशन/10 मी. एयर पिस्टल /25 मी. पिस्टल | 01 (एक) |
| कुल | | | 05 (पाँच) |

**कैटेगरी-2: पीबी-1 (रु.5200-20200) के साथ जीपी रु. 1900 या 2000 (7वें सीपीसी के अनुसार पे मैट्रिक्स का लेवल-2 या लेवल 3)-(कोटा-16)**

| क्रम सं. | खेल-कूद का नाम | स्पेशलिटी (पोजिशन/इवेंट) | भर्ती किए जाने वाले प्रस्तावित खिलाड़ी |
|---|---|---|---|
| 1 | एक्वैटिक वाटर पोलो (पुरुष) | साइड बैक/साइड विंग्स/सेंटर बैक | 02 (दो) |
| 2 | एथलेटिक्स (महिला) | 1500 मी./3000 मी./5000 मी./10000 मी./3000 मी. स्टीपलचेज 100 मी. हर्डल/400 मी. हर्डल/100 मी./200 मी./डिसकस थ्रो /जैवलिन थ्रो/हैमर थ्रो | 01 (एक) |
| 3 | बास्केटबॉल (पुरुष) | पॉइंट गार्ड/पावर फॉरवर्ड/पोस्ट (सेंटर) | 01 (एक) |
| 4 | बास्केटबॉल (महिला) | पॉइंट गार्ड/फॉरवर्ड/पोस्ट (सेंटर) | 01 (एक) |
| 5 | क्रॉस कंट्री (महिला) | ******* | 01 (एक) |
| 6 | फुटबॉल (पुरुष) | स्ट्राइकर/विंग हाफ राइट/विंग हाफ लेफ्ट/साइड बैक राइट/साइड बैक लेफ्ट/सेंटर मिडफील्ड/सेंटर बैक | 02 (दो) |
| 7 | हॉकी (पुरुष) | ऑलराउंडर | 01 (एक) |
| 8 | कबड्डी (महिला) | लेफ्ट रेडर/लेफ्ट कवर/ऑलराउंडर | 01 (एक) |
| 9 | पावर लिफ्टिंग (महिला) | 47 किलो/ 63 किलो/ 69 किलो/ 76 किलो/ 84 किलो/ 84 + किलो | 01 (एक) |
| 10 | शूटिंग (पुरुष/महिला) | 10 मी. एयर राइफल/50 मी. प्रोन/50 मी. 3 पोजिशन/10 मी. एयर पिस्टल/25 मी. पिस्टल | 01 (एक) |
| 11 | वॉलीबॉल (पुरुष) | अटैकर/सेटर/यूनिवर्सल | 01 (एक) |
| 12 | वॉलीबॉल (महिला) | अटैकर/ब्लॉकर/यूनिवर्सल | 01 (एक) |
| 13 | वेटलिफ्टिंग (पुरुष) | 55 किलो/ 73 किलो/ 109 किलो | 01 (एक) |
| 14 | वेटलिफ्टिंग (महिला) | 55 किलो/ 81 किलो/+87 किलो | 01 (एक) |
| कुल | | | 16 (सोलह) |

**कैटेगरी-3: पीबी-1 (रु.5200-20200) के साथ जीपी रु. 1800 (7वें सीपीसी के अनुसार पे मैट्रिक्स का लेवल 1)-(कोटा-39)**

| क्रम सं. | खेल-कूद का नाम | स्पेशलिटी (पोजिशन/इवेंट) | भर्ती किए जाने वाले प्रस्तावित खिलाड़ी |
|---|---|---|---|
| 1 | एथलेटिक्स (महिला) | 3000 मी./5000 मी./10000 मी./3000 मी. स्टीपलचेज/हेप्टाथलॉन /हाई जम्प/100 मीटर/200 मी. जैवलिन थ्रो | 01 (एक) |
| 2 | एक्वैटिक डाइविंग (पुरुष) | प्लेटफॉर्म/स्प्रिंग बोर्ड | 01 (एक) |
| 3 | एक्वैटिक डाइविंग (महिला) | प्लेटफॉर्म/स्प्रिंग बोर्ड | 01 (एक) |
| 4 | एक्वैटिक वाटर पोलो (पुरुष) | क) साइड बैक/साइड विंग्स/सेंटर बैक | 01 (एक) |
| | | ख) गोलकीपर | 01 (एक) |
| 5 | एक्वैटिक स्विमिंग (पुरुष) | 50 मी. बैकस्ट्रोक/100 मी. बैकस्ट्रोक/200 मी. बैकस्ट्रोक/400 मी. बैकस्ट्रोक/200 मी. इंडिविजुअल मेडली (आई/एम)/400 मी. इंडिविजुअल मेडली (आई/एम) | 01 (एक) |
| 6 | क्रिकेट (पुरुष) | क) फास्ट बोलर ख) लेफ्ट आर्म स्पिनर ग) लेफ्ट हैंड बैटर घ) बैटर-ऑलराउंडर ङ) बोलर-ऑलराउंडर | 05 (01 प्रत्येक स्पेशलिटी) |
| 7 | क्रॉस कंट्री (महिला) | ******* | 01 (एक) |
| 8 | साइक्लिंग (पुरुष) | रोड/ट्रैक | 02 (दो) |
| 9 | फुटबॉल (पुरुष) | क) गोलकीपर | 01 (एक) |
| | | ख) स्ट्राइकर/विंग हाफ राइट/विंग हाफ लेफ्ट/साइड बैक राइट/साइड बैक लेफ्ट/सेंटर मिडफील्ड/सेंटर बैक | 08 (आठ) |
| 10 | जिमनास्टिक्स (पुरुष) | ऑलराउंडर/फ्लोर एक्सरसाइज/पोमेल हॉर्स/स्टिल रिंग्स/वॉल्ट/पैरलल बार /हॉरिजॉन्टल बार | 02 (दो) |
| 11 | हॉकी (पुरुष) | क) गोलकीपर | 01 (एक) |
| | | ख) डिफेंस/फॉरवर्ड/मिड-फील्डर/ऑलराउंडर | 06 (छह) |
| 12 | कबड्डी (महिला) | लेफ्ट रेडर/लेफ्ट कवर/ऑलराउंडर | 01 (एक) |
| 13 | पावर लिफ्टिंग (पुरुष) | 59 किलो/74 किलो/ 83 किलो/ 93 किलो/ 105 किलो/120 किलो/ 120 +किलो | 02 (दो) |
| 14 | वेटलिफ्टिंग (पुरुष) | 61 किलो/67 किलो/ 81 किलो/ 89 किलो | 02 (दो) |
| 15 | वेटलिफ्टिंग (महिला) | 64 किलो/71 किलो/ 87 किलो | 02 (दो) |
| कुल | | | 39 (उनतालीस) |

**4. आयु सीमा:** (i) **न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 25 वर्ष। आयु की गणना की तिथि 01.01.2025 होगी।** (ii) **कोई आयु छूट (ऊपरी या निचली) स्वीकार्य नहीं होगी।**

**टिप्पणी:** आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरते समय अनिवार्य रूप से अपने आयु प्रमाण प्रमाण पत्र (मैट्रिकुलेशन या 10वीं कक्षा का प्रमाण पत्र या माध्यमिक/सेकंडरी परीक्षा का एडमिट कार्ड जिसमें जन्म तिथि अंकित हो) की स्कैन की हुई प्रति अपलोड करनी होगी तथा आयु प्रमाण प्रमाण पत्र की मूल प्रति परीक्षण (ट्रायल) के दिन कागजातों के सत्यापन के दौरान और निर्देशानुसार प्रस्तुत करनी होगी। **क्षेत्र वार पात्रता मानदंड, चिकित्सा मानक, अन्य मानदंड और भर्ती प्रक्रिया के लिए, इच्छुक पात्र आवेदकों को उपर्युक्त भर्ती के लिए विस्तृत अधिसूचना देखने का निर्देश दिया जाता है जो रेलवे रिक्रुटमेंट सेल, पूर्व रेलवे, कोलकाता की आधिकारिक वेबसाइट www.rrcer.org के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।**

**आवेदन ऑनलाइन जमा करने का लिंक RRC-ER की वेबसाइट (www.rrcer.org) पर उपलब्ध होगा।**

सहायक कार्मिक अधिकारी/भर्ती,
रेलवे रिक्रुटमेंट सेल, पूर्व रेलवे/कोलकाता

पूर्व रेलवे

# उपचुनाव : हड़ोआ में तृणमूल और भाजपा के बूथ एजेंटों के बीच छिड़ी बहस

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव बुधवार की सुबह 7 बजे शुरू होते ही हड़ोआ के सदरपुर स्थित 200 नंबर बूथ में भाजपा और तृणमूल के कार्यकर्ताओं के बीच तनावपूर्ण माहौल पैदा हो गया। भाजपा प्रत्याशी विमल दास और तृणमूल के बूथ एजेंट के बीच बहस छिड़ गई। विमल ने आरोप लगाया कि ईवीएम मशीन को बूथ के दरवाजे की तरफ घुमाया जाए, ताकि मतदाता आसानी से मतदान कर सकें। लेकिन तृणमूल एजेंट ने इसका विरोध किया, जिसके बाद दोनों पक्षों में तीखी बहस शुरू हो गई। इस घटना के बाद बूथ के बाहर भी भाजपा और तृणमूल कार्यकर्ताओं की भीड़ इकट्ठा हो गई, जिससे माहौल गर्मा गया। पुलिस को हालात काबू में लाने के लिए मौके पर आना पड़ा और भीड़ को हटाया गया।

**❑ नैहाटी में भाजपा एजेंट को बूथ में घुसने से रोका गया**

नैहाटी के 63 नंबर बूथ में मतदान शुरू होने से पहले ही विवाद खड़ा हो गया। भाजपा का आरोप है कि तृणमूल समर्थकों ने उनके बूथ एजेंट को अंदर घुसने से रोक दिया। इस खबर पर नैहाटी के भाजपा प्रत्याशी रूपक मित्रा वहां पहुंचे और अपने एजेंट को बूथ में बैठाया। रूपक मित्रा ने कहा कि तृणमूल उनके एजेंट को अंदर आने से रोक रही थी, और इस घटना की शिकायत निर्वाचन आयोग से की जाएगी। हालांकि, तृणमूल ने इन आरोपों का खंडन किया है।

## मदारीहाट में भाजपा उम्मीदवार पर हमला, कार में तोड़फोड़




**अलीपुरद्वार :** मदारीहाट विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राहुल लोहार पर हमला करने और उनकी कार में तोड़फोड़ करने का आरोप तृणमूल पर लगा है। घटना बुधवार की सुबह करीब 11 बजे मदारीहाट के मुजनाई चाय बागान के बंगाबाड़ी डिवीजन के बूथ नंबर 14/62 की है। इस दिन, भाजपा प्रत्याशी उस बूथ का दौरा करने आये थे। कथित तौर पर, उनके आसपास गो बैक के नारे दिए गए, उनको घेर कर विरोध प्रदर्शन किया गया। घटना को लेकर इलाके में तनाव फैल गया। बाद में मदारीहाट थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। भाजपा प्रत्याशी राहुल लोहार का आरोप है कि उनके साथ धक्का-मुक्की किया गया। उनकी गाड़ी में तोडोफड़ की गई। इसके अलावा उन्होंने बूथ संख्या 14/62 पर कब्जा करने का भी आरोप तृणमूल पर लगाया। दूसरी ओर, तृणमूल के मदारीहाट ब्लॉक उपाध्यक्ष राजेश साव ने हमले से इनकार करते हुए कहा कि तृणमूल के लोग इससे जुड़े नहीं हैं। स्थानीय लोगों ने भाजपा प्रत्याशी को घेरकर विरोध प्रदर्शन किया। आठ साल तक विधायक रहने के बाद भी भाजपा के मनोज तिग्गा ने क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं किया है। जिसे लेकर इलाके के निवासियों ने आक्रोश जताया है।

## सिताई में इवीएम बटन पर टेप लगाने का आरोप, सिताई में भाजपा उम्मीदवार का विरोध प्रदर्शन

**कूचबिहार : जिले के सिताई विधानसभा क्षेत्र के होकदाह आदाबाड़ी एसएसके प्राथमिक विद्यालय में एक मतदान केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) के बटन पर टेप लगाने के आरोप से विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा उम्मीदवार दीपक राय ने शिकायत की कि मतदान केंद्र पर इवीएम के पहले दो बटनों पर सेलोटेप चिपका हुआ था। उन्होंने मतदान कर्मियों और प्रिसाइडिंग ऑफिसर पर लापरवाही का आरोप लगाया। इस घटना के बाद दीपक राय ने स्वयं बूथ में जाकर इवीएम से सेलोटेप हटाया। इसके चलते मतदान केंद्र पर बहस और हंगामा शुरू हो गया। दीपक राय ने प्रिसाइडिंग ऑफिसर से इस पर तीखी बहस की। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि भाजपा उम्मीदवार खुद बूथ में आकर विवाद उत्पन्न कर रहे हैं। तृणमूल ने आरोप लगाया कि यह भाजपा द्वारा चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने का षड्यंत्र है।**

### सिताई में बिना पॉलिंग एजेंट के मॉक पोल

सिताई विधानसभा क्षेत्र में स्थित आदर्श मतदान केंद्र में मॉक पोल पॉलिंग एजेंट की अनुपस्थिति में ही संपन्न किया गया। निर्वाचन कर्मियों ने बिना किसी पॉलिंग एजेंट के मॉक पोल की प्रक्रिया को अंजाम दिया, जिससे इस बूथ पर मतदान की शुरुआत हुई। सिताई के एक बूथ पर केंद्रीय बल के जवान सुरक्षा में तैनात रहे।

## मतदान के बीच भांगड़ में तृणमूल कार्यालय में आगजनी के आरोप, इलाके में तनाव



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ इलाके में तृणमूल कांग्रेस कार्यालय में आग लगाये जाने की घटना सामने आई है। इस घटना को लेकर आईएसएफ पर संदेह जताया गया है। बुधवार की सुबह से इस घटना के कारण इलाके में तनाव का माहौल है। हालांकि, आईएसएफ के नेता नौशाद सिद्दीकी ने आरोप को सिरे से नकार दिया है और इसे तृणमूल की अंदरूनी गुटबाजी का नतीजा बताया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और तृणमूल के वरिष्ठ नेता मौके पर पहुंचे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, भांगड़ के चालताबेड़िया क्षेत्र में स्थित 141 बूथ के कृष्णमती इलाके में तृणमूल कांग्रेस का एक कार्यालय था, जिसे मंगलवार की रात अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिया। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं का दावा है कि इस घटना के पीछे आईएसएफ समर्थित असामाजिक तत्वों का हाथ है। कार्यालय में रखी कुछ महत्व-पूर्ण सामग्रियां जलकर राख हो गई हैं। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी, और भांगड़ के तृणमूल पर्यवेक्षक व विधायक शौकत मोल्ला की तस्वीरों में भी आग लगा दी गई।

पुलिस के अनुसार, घटना की जांच शुरू हो चुकी है और इलाके में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है ताकि तनाव को काबू में रखा जा सके। फिलहाल इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं मिली है।

## सभी छह विधानसभा सीट जीतेगी तृणमूल कांग्रेस : कुणाल घोष



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की छह विधानसभा सीटों पर उप-चुनाव के लिए बुधवार को मतदान संपन्न हो गया। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस सभी सीटों पर अपनी-अपनी जीत के दावे किए हैं। तृणमूल नेता कुणाल घोष ने इन सीटों पर हुए उपचुनाव और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि बंगाल में भाजपा को जनता पसंद नहीं करती है क्योंकि भाजपा बंगाल के खिलाफ है। बंगाल में सभी सीटों पर जीत हासिल करेंगे। विधानसभा चुनाव पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा है कि ममता बनर्जी की सरकार में विकास की बात होती है और विकास हुआ है। यहां की जनता ने तृणमूल सरकार में विकास देखा है। केंद्र सरकार बंगाल के प्रति सौतेला व्यवहार कर रही है। बंगाल के हिस्से का पैसा रिलीज नहीं किया जा रहा है। भाजपा जानती है कि जनता उन्हें वोट नहीं करेगी, इसलिए केंद्र सरकार बंगाल के हिस्से का पैसा नहीं जारी कर रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल की छह विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस छह में से छह सीट जीतने जा रही है।



**वृद्ध दंपत्ति ने किया मतदान**

## कान्यकुब्ज समाज के दीपावली प्रीति मिलन में प्रतिभावान बच्चे सम्मानित



**कोलकाता :** कलकत्ता कान्यकुब्ज सभा एवम् शाकुन्तल महिला कान्यकुब्ज समिति के संयुक्त तत्व-ावधान में दीपावली प्रीति मिलन समारोह में समाज के प्रतिभावान छात्र - छात्राओं को सम्मानित किया गया। कान्यकुब्ज सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्रा, सचिव कुलदीप दीक्षित, महिला समिति की संरक्षक शकुंतला तिवारी, अध्यक्ष प्रभा वाजपेयी, सचिव पूनम दीक्षित एवम् सदस्य - सदस्याओं ने परस्पर एक - दूसरे को दीपावली की शुभकामना दी। समाज के प्रतिभावान बच्चों आर्या मिश्रा, शाश्वत बाजपेई, आस्था तिवारी, वैदेही तिवारी, ध्रुव दीक्षित, शिवम मिश्रा, शुभम बाजपेई, अर्शित तिवारी, अंशिका मिश्रा, कुशाग्र बाजपेई, श्रेयांश पाण्डेय, आयुषी तिवारी का डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, विनय दुबे, रामलाल तिवारी सहित सभी ने उत्साहवर्धन किया एवम् कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की सराहना की। ताड़क दत्त सिंह, जगदीश अग्रवाल, शंकर बक्श सिंह, भोला सोनकर, आनन्द किशोर मिश्रा, राजेन्द्र द्विवेदी, अशोक शुक्ला, सुनील दीक्षित, देवेन्द्र वाजपेई, सुनील अवस्थी, बीरेंद्र त्रिवेदी, सतीश शुक्ला, विश्वनाथ त्रिवेदी, अशोक तिवारी, रविन्द्र नाथ मिश्रा, बीरेंद्र तिवारी, जितेन्द्र शुक्ला, उत्तम त्रिपाठी, मुकेश तिवारी, संगम पाण्डेय, बिमल बाजपेई, राजीव मिश्रा, अमित बाजपेई, मुकेश शर्मा, उमेश बाजपेई, शशि बाजपेई, शशि शुक्ला, आशा लता तिवारी, मल्लिका बाजपेई, नीतू दीक्षित एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे। संचालन दया शंकर मिश्रा ने किया।

## बिष्णुपुर में एक व्यवसायी का लटकता शव ऑफिस से बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**बिष्णुपुर :** बिष्णुपुर में एक व्यवसायी का उसी के ऑफिस में लटकता हुआ शव मिलने से हंगामा मच गया। मृतक का नाम श्यामपद चट्टोपाध्याय है। वह बिष्णुपुर शहर के वार्ड नंबर तीन का रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार, श्यामापद की बिष्णुपुर में कपड़े की फैक्ट्री है। साथ ही एक रेडीमेड कपड़ों का भी व्यवसाय है। वह प्रमोटर का काम भी करता था।

सूत्रों के मुताबिक, उसने कुछ दिन पहले एक बंगाली फिल्म में निवेश किया था। पिछले कुछ समय से उसका व्यवसाय भी घाटे में चल रहा था। इस कारण वह डिप्रेशन से पीड़ित था। मंगलवार को श्यामपद 11 बजे ऑफिस आया। ऑफिस के पीछे एक अलग कमरे में वह आराम करता था। घटना वाले दिन वह उस कमरे में काम कर रहा था। विभास रॉय नाम के एक कर्मचारी ने दोपहर का खाना खाने जाने से पहले मालिक को उस कमरे में देखा। बाद में, कर्मचारी खाना खाने के लिए बाहर चला गया। दोपहर को जब वह वापिस लौटा तो उसने देखा कि ऑफिस के कमरे में व्यवसायी का शव लटका हुआ है। उसने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मौके पर बिष्णुपुर थाने की पुलिस पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा आत्महत्या का प्राथमिक अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल, पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कांकसा में परित्यक्त कार के अंदर खेल रहे 4 बच्चे झुलसे



**दुर्गापुर :** एक लावारिस चारपहिया वाहन के अंदर खेलते समर चार बच्चे आग की चपेट में आ गए। घटना बुधवार की दोपहर करीब 3 बजे पश्चिम बर्दवान जिले के कांकसा राइस मिल रोड पर हुई। चारों बच्चों को पहले स्थानीय पानागढ़ ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। उनमें से दो की हालत बिगड़ने पर उन्हें वहां स्थानांतरित कर दिया गया। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, चार स्थानीय बच्चे लावारिस कार में खेल रहे थे। सभी सात साल से कम उम्र के हैं। अचानक कार में आग लग गई और वे अंदर फंस गए। उनकी चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग दौड़ पड़े। लेकिन उसी समय चारों लोग आग में जल गये। स्थानीय लोगों ने चारों को पहले स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। बाद में, दोनों को अन्यत्र ले जाया गया। एक व्यक्ति को दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अन्य बच्चे को दुर्गापुर उप-जिला अस्पताल ले जाया गया। आग लगने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आग में झुलसे चारों बच्चों के नाम शिवा सिंह, गोलू सिंह, आरुष शाओ और पूरब शाओ हैं। सभी सात साल से कम उम्र के हैं।

### निहार नैचुरल्स ने एक नया टीवी विज्ञापन कैंपेन किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** मैरिको लिमिटेड के निहार नैचुरल्स ने एक नया टीवी विज्ञापन कैंपेन लॉन्च किया है। जिसमें बालों की सेहत को बनाए रखने के लिए नियमित तेल लगाने की महत्वपूर्ण आदत पर जोर दिया गया है। इस कैंपेन में दिखाया गया है कि नियमित तेल लगाने से बालों की मजबूती बढ़ती है, जिससे वे बाहरी प्रदूषण, स्टाइलिंग ट्रीटमेंट्स और रोजमर्रा के असर से सुरक्षित रहते हैं। निहार नैचुरल्स का यह प्रयास बालों को फिट रखने और उनकी प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखने के प्रति जागरूकता बढ़ाने का है। इस कैंपेन के लिए, निहार नैचुरल्स ने मशहूर अभिनेत्री और मॉडल रुक्मिणी मैत्रा को चुना है। इस टीवी विज्ञापन में बताया गया है कि बालों में नियमित रूप से निहार नैचुरल्स कोकोनट हेयर ऑयल का उपयोग क्यों जरूरी है। इसमें मेथी और चमेली के प्राकृतिक गुण शामिल हैं, जो बालों की सेहत को बनाए रखने में मदद करते हैं।

### अलीपुर कोर्ट के परिसर में गाड़ी में लगी आग

**कोलकाता :** अलीपुर थाना अंतर्गत अलीपुर जजेस कोर्ट के परिसर में एक गारी में अचानक आग लगने से लोगों में आतंक फैल गया। उक्त घटना बुधवार की दोपहर लगभग 12.55 बजे घाटी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आग लगते ही दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी गयी, जिसके बाद दमकल की एक इंजन मौके पर पहुंची। हालांकि दमकल इंजन पहुँचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया था। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## फतेहपुर शेखावाटी प्रगति संघ द्वारा श्री लक्ष्मीनाथ महोत्सव एवं दीपावली प्रीति सम्मेलन




**कोलकाता :** फतेहपुर शेखावाटी प्रगति संघ द्वारा आयोजित श्री लक्ष्मीनाथ महोत्सव एवं दीपावली प्रीति सम्मेलन में चुवास, फतेहपुर शेखावाटी के पीठाधीश्वर महन्त श्री श्री 108 निश्चलनाथजी, भजन सम्राट पंकज हरितवाल एवं रोशनी शर्मा (कोलकाता) ने भजनों की अमृत वर्षा से सभी को भाव विभोर किया। उद्घाटन कर्ता राम अवतार रामसीसरिया, समारोह अध्यक्ष सुबोध कुमार बाजोरिया, प्रधान अतिथि विनोद कुमार लोहिया, सूर्य प्रकाश भट्ट, विशिष्ट अतिथि एवं प्रधान वक्ता वरिष्ठ पत्रकार विश्वंभर नेवर, समाजसेवी लक्ष्मी नारायण गोयनका, ओम प्रकाश बिदावतका एवम् सभी सदस्यों ने परस्पर एक दूसरे को दीपावली की शुभकामना दी। अतिथिगण ने परम्परागत लक्ष्मीनाथ जी की ज्यौत ली। काशी प्रसाद धेलिया, अजय कुमार सराफ, राजेश गोयनका, मनोज गोयनका, प्रकाश गोयनका, संजय शर्मा, प्रदीप चौधरी, मनोज धेलिया, रामोतार शर्मा, अनुप शर्मा, प्रदीप शर्मा, पंकज देवड़ा, मनोज चमड़िया, सम्पत सिंघानिया एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे। मंच संचालन महावीर प्रसाद रावत ने किया।

## बाल श्रमिकों के लिए प्राथमिक विद्यालय शिक्षा सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य पोषण, पुनर्वासन और मौलिक अधिकार कार्यक्रम



**कोलकाता, समाज्ञा :** द इंटरनेशनल मिशन फॉर सोशल वेल्फेयर एंड चैरेटी के तरफ से 8 नवंबर से तामिलनाडु राज्य के अंतर्गत सिवागंगा जिले के अधीन मानामाडुराई,कराईकुदि और पूलानकुरिची गांव में बाल श्रमिकों के लिए शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास सहयता सुनिश्चित करना, बाल मजदूरी रोकथाम, शोषण ग्रसित बाल मजदूरी और यौन पीड़ित बाल शिशुओं को पुनर्वासन सहायता, शिशु बाल श्रमिकों का तस्करी रोकथाम, बाल श्रमिकों को शिक्षा के प्रति उत्साहित करना और शिशुओं के वाता-वरण का विकास कार्यक्रम का आयोजोन किया गया। इस कार्यक्रम में 794 बाल श्रमिकों ने हिस्सा लिया। 9 नवंबर को आंध्र प्रदेश राज्य के अंतर्गत अनन्तपुर जिले के अधीन गोल्लापाल्ले, कान्दाकुर और साज्जालाकालभा गांव में बाल श्रमिकों के लिए विद्यालय शिक्षा, घरेलू हिंसा रोकथाम, शिशु जन्म पंजीकरण, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और पोषण परिसेवा, शिशु स्वनिर्भरता प्रशिक्षण, शिशु को मन एवं आत्मा स्वाधीन विकास सहायता, उपेक्षित शिशु को प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य विजान शिक्षा, शिशु अधिकार सुरक्षा तथा शिशु नियमित शिक्षा के तहत अभेद रखकर उनका कुशलता विकास सहायता कर्मशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 693 बाल श्रमिकों ने हिस्सा लिया। 10 नवंबर को पॉन्डिचेरी राज्य के अन्तर्गत माहे जिले के अधीन छालाक्कारा, नाल-ुथारा और पांडाक्काल गांव में बाल श्रमिकों के लिए प्राथमिक विद्यालय शिक्षा, आर्थिक, सामाजिक और संस्कृतिक अधिकार, सुरक्षा, स्वस्थ्य परिसेवा, शिशु बाल श्रमिक का उत्पीड़न, यौन शोषण और हिंसा रोकथाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में 598 बाल श्रोमिकों ने हिस्सा लिया। 11 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य के अन्तर्गत दांतेवाड़ा जिले के अधीन नितापुर, फूलनार और कामालूर गांव में बाल श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य पोषण, टिकाकरण परिसेवा, स्वास्थ्य विज्ञान, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा सहायता, बाल श्रमिकों की गरीबी दूर करना और मौलिक अधिकार रक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 679 बाल श्रमिकों ने हिस्सा लिया। और 12 नवंबर को पश्चिम बंगाल राज्य के अन्तर्गत आलिपुरदुआर जिले के अधीन भाटिबारि, खोरडांगा और पाश्चकलगूरी प्रमोदिनी उच्च विध्यालय मे 44वां वर्षगांठ पर राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर बाल श्रमिकों के लिए प्राथमिक विद्यालय शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पुनर्वासन और मौलिक अधिकार बाल मजदूरों के लिए स्वनिर्भर कर्म निश्चयता प्रशिक्षण, आत्मा सामाजिक सहायता, बाल श्रमिकों के लिए शांति, प्रतिष्ठा, सहिष्णुता, स्व-ाधीनता, समानता, एकता वातावरण विकास सुनिश्चितकरण, असुरक्षित बालश्रमिकों को सुरक्षा प्रदान कर्मशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 846 बाल श्रमिकों ने हिस्सा लिया। बाल श्रमिकों को शिक्षा के प्रति उत्साहित करने हेतु बालपोथी, कापी, चटाई, लालटेन, पेंसिल, कलम आदि वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में मिशन के महासचिव देवाशीष घोष, मलि बगची, डॉ. मनसुख मंडाविया- मंत्री, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, शोभा करंदलाजे- राज्य मंत्री, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, सुमिता डावरा- सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, पी. संगीत कुमार- महानिदेशक (एस), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, जयंत चौधरी- राज्य मंत्री, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, सान्तिराम गराई- अतिरिक्त जिला अधिकारी (विकास), जिला : आलिपुरदुआर, पश्चिम बंगाल सरकार, दिब्यानन्दु दुत्त- जिला सोशल वेलफेयर अधिकारी, जिला: आलिप-ुरदुआर, पश्चिम बंगाल सरकार, श्रीमथ स्वामी ब्रह्मत्मानन्द महाराज, श्रीमथ स्वामी जीतेनड्रियानन्द महाराज, श्रीमथ स्वामी बालाभद्रानन्द महाराज आदि उपस्थित थे।

## आईआरआईएसईटी, सिकंदराबाद और एमसीकेवी इंजीनियरिंग, लिलुआ के बीच हुआ महत्वपूर्ण समझौता

**हावड़ा :** एमसीकेवी इंजीनियरिंग संस्थान ने भारतीय रेल सिग्नल इंजीनियरिंग और दूरसंचार संस्थान (आईआरआईएसईटी), सिकंदराबाद के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमसीकेवीआईई की ओर से संस्थान के चेयरमैन श्री किशन कुमार केजरीवाल और आईआरआईएसईटी की ओर से डीन श्री गौरव गोविल ने एमसीकेवी इंजीनियरिंग संस्थान के परिसर में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एमसीकेवीआईई के प्रिंसिपल प्रो. (डॉ.) अभिजीत लाहिड़ी, डीन (अकादमिक) प्रो. (डॉ.) सतदल साहा, डीन (प्रशासन) प्रो. (डॉ.) सुदीप्तो चाकी और डीन (अनुसंधान और परामर्श) प्रो. (डॉ.) प्रसनजीत चटर्जी के साथ विभिन्न विभागों के प्रमुख उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में आईआरआईएसईटी के कावच विभाग के संकाय सदस्य श्री ए. वी. गिरि, कोलकाता मेट्रो रेलवे निगम के जीजीएम (इलेक्ट्रिकल) श्री देव-ाशीष बसु और सियालदाह के मुख्य तकनीकी अधिकारी श्री पलाश सरकार भी शामिल हुए। इस आयोजन का समन्वय ईसीई विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. कल्याण बिस्वास ने किया। उल्लेखनीय है कि भारतीय रेल सिग्नल इंजीनियरिंग और दूरसंचार संस्थान, सिकंदराबाद (आईआरआईएसईटी) रेलवे सिग्नलिंग और दूरसंचार के क्षेत्र में रेलवे अधिकारियों और पर्यवेक्षकों की विशेष प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान है। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से एमसीकेवीआईई के छात्रों और संकाय सदस्यों को आईआरआईएसईटी की अत्याधुनिक



प्रयोगशाला सुविधाओं और प्रशिक्षण संसाधनों तक आसान पहुंच प्राप्त होगी। इस समझौते के तहत, एमसीकेवीआईई रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग और कावच पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों की पेशकश कर सकेगा और इन पाठ्यक्रमों को विभिन्न शाखाओं के इंजीनियरिंग स्नातकों के लिए ओपन इलेक्टिव्स के रूप में पेश कर सकेगा। आईआरआईएसईटी नामित एमसीकेवीआईई संकाय सदस्यों के लिए फैकल्टी विकास कार्यक्रम और प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजाइन और संचालित करेगा। आईआरआईएसईटी छात्रों को रेलवे सिग्नलिंग और कावच को वैकल्पिक विषयों के रूप में अपनाने पर अपने परिसर में प्रयोगशालाओं में प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, आईआरआईएसईटी संस्थान को शैक्षिक उद्देश्यों के लिए जोनल रेलवे/डिवीजनों में शैक्षिक प्रशिक्षण और साइट विजिट की व्यवस्था करने में भी सहायता करेगा। दोनों संस्थानों के बीच फैकल्टी आदान-प्रदान की भी संभावनाएं हैं, ताकि एफडीपी आयोजित किया जा सके और इन क्षेत्रों में सहयोगी अनुसंधान कार्य किया जा सके। यह समझौता ज्ञापन प्रारंभिक रूप से पांच वर्षों की अवधि के लिए किया गया है, जिसे आपसी सहमति से नवीनीकृत किया जा सकता है।

आईआरआईएसईटी के डीन गौरव गोविल ने कहा, यह रेल मंत्रालय की एक पहल है कि हमने रेलवे सिग्नलिंग और सुरक्षा प्रणाली के क्षेत्र में देश भर में कुशल मानव संसाधन तैयार करने के उद्देश्य से एआईसीटीई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस संदर्भ में हमने पहले ही आईआईटी मद्रास, एनआईटी वारंगल सहित नौ संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और एमसीकेवीआईई दसवां संस्थान है। हमें आशा है कि इस समझौते का संस्थान प्रभावी ढंग से उपयोग करके लाभान्वित होगा। एमसीकेवी इंजीनियरिंग संस्थान के चेयरमैन श्री किशन कुमार केजरीवाल ने एमओयू पर अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा, आईआरआईएसईटी के साथ जुड़ना वाकई रोमांचक है। इस बात की भी संभावना हो सकती है कि हम अपने संस्थान में सिग्नलिंग और कावच पर प्रयोगशाला का एक हिस्सा स्थापित कर सकें। हम रेलवे सुरक्षा और सुरक्षा प्रणालियों की दिशा में सहयोगी अनुसंधान की संभावना का भी पता लगा सकते हैं, लेकिन सबसे पहले एमओयू के अनुसार मूल गतिविधियों की शुरुआत आवश्यक है। प्रिंसिपल, एमसीकेवीआईई प्रो. (डॉ.) अभिजीत लाहिरी ने कहा, इस सहयोग के माध्यम से संस्थान के छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए उन्नत रेलवे संचार और सुरक्षा तकनीक पर ज्ञान बढ़ाने के अवसरों को लेकर पूरा एमसीकेवीआईई परिवार उत्साहित है। श्री देवाशीष बसु को विशेष धन्यवाद देना आवश्यक है, जिन्होंने दोनों संगठनों के बीच समन्वय स्थापित कर यह अवसर प्रदान किया।

# रिसड़ा शूटआउट के आरोपी ने मूंछों को ताव देते हुए कहा, तृणमूल करता हूं

❑ **शुरू हुई राजनीतिक खींचतान**

**हुगली :** हुगली जिले के रिसड़ा बाघखाल में शूटआउट की घटना में आरोपी रंजन यादव को उत्तरपाड़ा थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया। बुधवार को उसे श्रीरामपुर अदालत में पेश किया गया। उत्तरपाड़ा थाने से अदालत ले जाते समय रंजन बेहद शांत दिख रहा था। मूंछों को ताव देते हुए उसने दावा किया कि वह तृणमूल का कार्यकर्ता है। रंजन ने बताया कि एक साल पहले शम्सुद्दीन ने उसकी मां को मारा था, उसी गुस्से में उसने गोली चलाई। आरोपी के पिता एक समय शम्सुद्दीन के वाहन



चालक थे। शम्सुद्दीन के भाई मोहम्मद नसरत का कहना है कि रंजन के सिर पर तृणमूल का हाथ है, और इस घटना की ठीक से जांच होनी चाहिए। व्यवसायी के दोस्त आफताब आलम ने बताया कि आरोपी पहले बजरंग दल का सदस्य था। पिछले साल दिसंबर में मारपीट के मामले में जेल भी गया था। आफताब का मानना है कि आरोपी के पीछे कोई है, नहीं तो उसे हथियार कहां से मिला?

भारतीय जनता पार्टी के श्रीरामपुर संगठन के सचिव इंद्रनील दत्ता ने आरोप लगाया कि तृणमूल समाज-विरोधी तत्वों को संरक्षण देती है। वोट के लिए ऐसे लोगों की जरूरत होती है। तृणमूल युवा अध्यक्ष शुभदीप मुखोपाध्याय ने भाजपा के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि लगाए गए आरोप निराधार है। भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं वह मुद्दों की तलाश करती है। आरोपी का तृणमूल से कोई संबंध नहीं है। हमने जानकारी ली है, आरोपी बजरंग दल का सदस्य है। जो व्यक्ति बजरंग दल करता है, वह तृणमूल कैसे कर सकता है? यह सब भाजपा का षड्यंत्र है।

ज्ञात हो कि उत्तरपाड़ा थाना अंतर्गत कोन्ननगर में व्यवसायी शमसुद्दीन अंसारी एक व्यक्ति के साथ खड़े होकर बात कर रहे थे, तभी रंजन यादव ने उनके सिर पर गोली मार दी। गंभीर हालत में उन्हें पहले श्रीरामपुर वाल्स अस्पताल ले जाया गया, फिर कोलकाता के रेफर कर दिया गया। ऑपरेशन कर गोली निकाल दी गई है।

# सरकारी कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर नवान्न सख्त, बायोमेट्रिक अनिवार्य

**कोलकाता, समाज्ञा**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुरू से ही राज्य के सरकारी कार्यालयों में कार्य संस्कृति को मजबूत करने को लेकर कड़ा रुख दिखाया है। उन्होंने किसी राजनीतिक दल द्वारा आहूत हड़ताल के दौरान सरकारी कार्यालयों में अधिक से अधिक कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए भी कई उपाय किये हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा समेत विभिन्न विभागों ने सरकारी व सरकार प्रारोजित स्कूलों व कॉलेजों में शिक्षकों व शिक्षा कर्मियों की उपस्थिति व समय की पाबंदी सुनिश्चित करने को लेकर सख्त रवैया दिखाया है। हालांकि, बारोमेट्रिक सिस्टम कहीं भी पूरी तरह से सफल नहीं हो पाया है। हालांकि, कई



स्कूलों में बारोमेट्रिक्स अभी भी सभी स्कूलों में 'अनिवार्य' नहीं है। वित्त विभाग के अधिकारी ने कहा कि ज्यादातर मामलों में मुख्य वजह कर्मचारियों की अनिच्छा होती है। हालांकि, कई स्कूलों में अभिभावकों की शिकायत के बाद स्थिति नियंत्रण में आ गई है। कई अस्पतालों में रोगी कल्याण समितियां इसकी निगरानी करती हैं। लेकिन, नवान्न में ही वित्त विभाग को एक साल के प्रयास में पूरी सफलता नहीं मिली। हस्ताक्षर को खाते में सौंपने का निर्णय लेना होगा। वित्त विभाग में कर्मचारिरों की समय की पाबंदी की समस्या नई नहीं है। एक अधिकारी एक पुरानी कहावत का हवाला देते हुए कहते हैं, कर्मचारिरों के विनियमन की प्रक्रिया तब शुरू हुई जब एचके द्विवेदी (जो बाद में राज्य के मुख्य सचिव बने) वित्त विभाग के प्रमुख सचिव थे। वह कई दिनों तक कार्यालय शुरू होने के बाद अचानक उपस्थिति पुस्तिका मांगते था और अनुपस्थित लोगों के नाम लाल स्याही से अंकित कर देते थे। ऐसे में संबंधित कर्मी को अनुपस्थित दिखाकर उसकी छुट्टी काट दी गयी। इस बार यह उपस्थिति का एकमात्र तरीका बन गया।

## नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में कंप्यूटर ट्रेनर गिरफ्तार

**हुगली :** हुगली के तारकेश्वर में एक कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में एक ट्रेनर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नाबालिग छात्रा मंगलवार को तारकेश्वर में एक कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में कक्षाएं ले रही थी। उस दौरान ट्रेनर ने कथित तौर पर उसके साथ छेड़छाड़ की। छात्रा के परिजनों को घटना का पता चलते ही तारकेश्वर थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्रेनिंग सेंटर के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसके बाद, ट्रेनर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। बुधवार को आरोपी को चंदननगर महकमा अदालत में पेश किया गया।

# लोकल ट्रेनों के देरी से चलने के कारण यात्रियों ने किया रेल अवरोध

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के फुलेश्वर स्टेशन पर बुधवार को यात्रियों ने रेल अवरोध किया। यात्रियों की शिकायत है कि दक्षिण पूर्व रेलवे की हावड़ा-खड़गपुर शाखा पर कई लोकल ट्रेनें लंबे समय से निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। साथ ही टिकियापाड़ा से हावड़ा में प्रवेश करने में भी ट्रेनों को काफी देरी होती है। जिस कारण यात्री समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाते हैं। इसके अलावा, ट्रेन के हावड़ा में देरी से पहुंचने के कारण स्टेशन तक अपने कर्मस्थान पर पहुंचने में भी देरी हो जाती है। कुल मिलाकर अतिरिक्त देरी से यात्रियों को परेशानी हो रही है। बुधवार की सुबह हावड़ा-खड़गपुर शाखा पर फुलेश्वर में यात्रियों ने रेल अवरोध किया।



सुबह 10:30 बजे से अवरोध शुरू हुआ। रेलवे अधिकारियों द्वारा समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिए जाने के बाद 12 बजे अवरोध खत्म हुआ। इस अवरोध के कारण कई ट्रेनें एक के बाद एक कई स्टेशनों पर रुकीं रही। हालांकि, बाद में स्थिति सामान्य हो गई थी। रेलवे की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक जगह-जगह रेल लाइन के मरम्मत का काम चल रहा है। इसके चलते लोकल ट्रेनें लेट हो रही हैं।

# जगद्धात्री पूजा के जुलूस के दौरान जेनरेटर में बाल फंसने से महिला की मौत

**हुगली, समाज्ञा :** मोटरचालित वैन में खुले बालों में बैठीं। बगल में जेनरेटर रखा हुआ था। वह चल रहा था। तभी, एक महिला के बाल उसमें उलझ गए। तेज चल रहे जेनरेटर ने महिला का बाल इस तरह से खींचा कि उसकी खोपड़ी उड़ गई और मौत हो गई। हुगली के चंडीतला में जगद्धात्री पूजा में शामिल होने के दौरान 30 वर्षीय महिला की यह दुखद मौत हुई। घटना गत मंगलवार की रात की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतका का नाम उज्ज्वला संतरा है। बीती रात वह अपने पति और दो बच्चों के साथ चंडीतला के कालचाया इलाके में जगद्धात्री मूर्ति के विसर्जन जुलूस में शामिल हुईं। उज्ज्वला के पति झंटू सांतरा के पास मोटराइज्ड वैन है। वैन में पत्नी और बेटा बैठे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा



उस वक्त हुआ जब जुलूस धर्मतला से चंडीतला के पालपाड़ा की ओर जा रहा था। अचानक हुई इस घटना से हर कोई स्तब्ध रह गरा। एक प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, महिला खुले बालों में वैन में बैठी थी। वैन में जनरेटर था। महिला के बाल अचानक जेनरेटर मोटर में फंस गए। चीख सुनकर देखा तो महिला वैन से उछलकर सड़क पर गिर पड़ी। उसकी खोपड़ी फट गई थी। उस वैन में उज्ज्वला के साथ उसका दो साल का बेटा भी था। अतीक की बेटी अपने पिता के साथ सड़क पर चल रही थी। मां को इस तरह गिरता देख दोनों बच्चों की चीख निकल गई। उज्ज्वला का पति झंटू ने तुरंत अपनी पत्नी को बचाया और उसे चंडीला ग्रामीण अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# नकली नोटों के गिरोह के चार लोग गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने नकली नोटों के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। कोलकाता पुलिस के खुफिया विभाग ने मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के मुताबिक, ये गुप्त रूप से पैसे छापते थे। गुप्त सूत्रों से जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के नाम कन्हैया लाल, कन्हैया लाल, सीताराम और अफरीदी हुसैन है। कोलकाता पुलिस के मुताबिक, उन्होंने कुल 30 लाख रुपये के नोट छापे थे। फिर वे उस नोट से सोने के आभूषण खरीदने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने कहा कि लेनदेन में इस्तेमाल की गई सभी सामग्री और नकली नोट जब्त कर लिए गए हैं। कोलकाता पुलिस की ओर से एक्स हैंडल पर कई तस्वीरें पोस्ट की गई हैं। वहां बड़ी संख्या में 500 रुपये के नोट जब्त किये गये हैं। अब सवाल यह है कि क्या इन नोटों के कुछ हिस्से खुले बाजार में आ गए हैं?

# पांच साल बाद शांतिनिकेतन में लगेगा पौष मेला, विश्व भारती करेगी आयोजित

**बीरभूम :** पांच साल बाद पारंपरिक पौषमेला की वापसी हो रही है। शांतिनिकेतन ट्रस्ट और विश्व भारती प्राधिकरण द्वारा आयोजित पौष मेला इस बार बीरभूम में होने जा रहा है। जनसंपर्क अधिकारी अतिग घोष ने बुधवार को विश्व भारती विश्वविद्यालय में एक बंद कमरे में बैठक के बाद अंतिम निर्णय की घोषणा की। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह इस मेले के आयोजन के लिए जिला और राज्य प्रशासन की मदद चाहते हैं। अतिग घोष ने सभी स्तर के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मेले की रूपरेखा तय करने की बात कही। उल्लेखनीयय है कि 2019 में, यानी कोरोना काल से ठीक पहले आखिरी बार विश्व भारती अधिकारियों ने पारंपरिक पौष मेले का आयोजन किया था। उसके बाद, कोरोना काल और उसके बाद के कुछ वर्षों में शांतिनिकेतन में पौष मेले की चर्चित छवि बदल गई। मिश्रित संस्कृति का प्रभाव देखा गया। पिछले साल राज्य सरकार की पहल पर प्रसिद्ध मेला मैदान यानी पूर्वपल्ली में पौषमेला का आयोजन किया गया था, लेकिन इसमें विश्व भारती या शांतिनिकेतन ट्रस्ट की कोई भूमिका नहीं थी। पूर्वपल्ली में जमीन किराये पर लेकर मेला सात के बजाय चार दिनों के लिए आयोजित किया जाता है। बोलपुर बिजनेस एसोसिएशन और कबिगुरु हस्तशिल्प विकास एसोसिएशन ने विश्व भारती के अवसर पर पूर्वपल्ली मैदान में पौषमेला आयोजित करने के लिए विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति को एक ज्ञापन दिया। विश्व भारती सूत्रों के मुताबिक, अंतिम फैसला कुलपति, प्रशासनिक अधिकारी, स्टाफ की संयुक्त बैठक में लिया जाएगा। उसके बाद, विश्व भारती सर्वोच्च सम्मेलन समिति के निर्णय के अनुसार, विश्वविद्यालय के अधिकारी और शांतिनिकेतन ट्रस्ट पौष मेले का आयोजन कर सकते हैं। बैठक बुधवार को विश्व भारती के केंद्रीय पुस्तकालय के बैठक कक्ष में हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष पारंपरिक पौष मेला विश्व भारती और ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया जाएगा। लेकिन इसके लिए उन्हें जिला और राज्य प्रशासन की मदद की जरूरत है। इसके लिए अलग से बैठक होगी।

# जायसवाल संरक्षक संघ का मानव सेवार्थ जायसवाल समाज भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न





**कोलकाता, समाज्ञा :** जायसवाल संरक्षक संघ द्वारा कोलकाता के मानिकतल्ला क्षेत्र में मानव कल्याण के अनवरत सेवाकार्य, एक ही स्थान से, व्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए, नए और आधुनिक जायसवाल समाज भवन के निर्माण हेतु, बुधवार को भूमि पूजन कार्यक्रम विधि-विधान के साथ बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। जायसवाल संरक्षक संघ के सदस्य, सभी स्वजातीय भाइयों और बहनों के उल्लेखनीय सहयोग से नए आधुनिक जायसवाल समाज भवन के निर्माण हेतु खरीदे गए इस भूखण्ड का निर्माण, सुप्रसिद्ध समाजसेवी, सुप्रतिष्ठित उद्य-ोगपति नागपुर निवासी बसंत लालजी साव (बाबुजी) द्वारा स्थापित प्रसिद्ध औद्योगिक फर्म जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ, संयुक्त तत्वावधान में संपन्न किया जाएगा। इस अवसर पर 101 जरूरतमंद महिलाओं को नया वस्त्र भी वितरित किया गया और भक्तिमय भजन संध्या कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इन सभी कार्यक्रमों के सुचारू एवं सुव्यवस्थित



आयोजन के लिए संस्था के नेतृत्ववर्ग एवं समर्पित कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा। जिसमें विशेष रूप से प्रभात जायसवाल, राजेश जायसवाल, रिक्की जायसवाल, संतोष जायसवाल, रतन लाल गुप्ता, शुभम जायसवाल, रीता गुप्ता, नारायणी जायसवाल एवं उनकी टीम ने तथा युवा मंच के युवा कार्यकर्ताओं ने बहुत ही प्रशंसनीय कार्य किया।

इन कार्यक्रमों में संस्था के अधिकारीगण, सम्मानित सदस्यगण, अन्य सामाजिक संस्थाओं के अधिकारीगण, विशिष्ट गणमान्य व्यक्तिगण, जिसमे काफी संख्या में महिलाओं सहित लगभग 300 लोग बड़े उत्साह के साथ शामिल हुए जिनमें संस्था के अध्यक्ष उमाशंकर जायसवाल, जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर रमेश चंद्र जायसवाल एवं उनकी धर्मपत्नी रीता रमेश जायसवाल, उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट संदीप बत्ता, होटल हिन्दुस्तान इंटरनेशनल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर दिलीप जायसवाल, मध्य प्रदेश से आयीं हुई सुप्रसिद्ध समाजसेविका अर्चना जायसवाल, संस्था के संयोजक अवधेश साव, सचिव राजीव कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष अक्षय कुमार जायसवाल, उपाध्यक्षगण हरीश चंद जायसवाल, संजय साव, रामचन्द्र जायसवाल, सरोज जायसवाल, विजय साव, ध्रुवचंद जायसवालजी, भागवत जायसवाल, उपसचिवगण राजेश जायसवाल, रिक्की जायसवाल, उमेशचंद जायसवाल, गणेश चंद जायसवाल, उप-कोषाध्यक्षगण प्रभात जायसवाल, संतोष जायसवाल, कार्यकारिणी के सदस्यगण कृष्ण चंद जायसवाल, रामचंद्र जायसवाल, प्रभाकर जायसवाल, रतन लाल जायसवाल, आशीष गुप्ता, अंजना जायसवाल, अमित जायसवाल, विशिष्ट सदस्यगण रामअवध जायसवाल, द्वारका प्रसाद जायसवाल, तारक नाथ साव, मेवालाल जायसवाल, जवाहर लाल जायसवाल, विकास जायसवाल, काली प्रसाद जायसवाल, लालता प्रसाद जायसवाल, अरविंद साव, महेन्द्र जायसवाल, रामानंद जायसवाल, राजेश जायसवाल (बेलियस रोड), राजेश जायसवालजी (ऐडकॉम), अजय गुप्ता, अशोक कुमार शाह, सतीश जायसवाल, दिलीप गुप्ता, सीताराम जायसवाल, संजय गुप्ता, रीता गुप्ता, राधा देवी जायसवाल, रमा जायसवाल, रेखा जायसवाल, पुष्पा गुप्ता, पूजिता जायसवाल, शुभम जायसवाल एवं अन्यान्य सदस्यगण, सहयोगी संस्था प.बं. जायसवाल युवा मंच के अध्यक्ष सुमित जायसवाल, सचिव मयूर जायसवाल, दीप चंद गुप्ता, राकेश जायसवाल, दिनेश जायसवाल, पूनम जायसवाल, मनोज साव एवं कई सारे युवा साथीगण तथा युवा मंच की महिला यूनिट एवं विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

# पीएम मोदी ने किया कोलकाता मेट्रो स्टेशन पर जन औषधि केंद्र का उद्घाटन

**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोलकाता के नेताजी मेट्रो स्टेशन (कुदघाट) पर 'प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र' का उद्घाटन किया। यह केंद्र दक्षिणेश्वर-न्यू गरिया सेक्शन (ब्लू लाइन) पर स्थित है। मोदी ने बिहार के दरभंगा से इस कार्यक्रम के तहत भारतीय रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर 18 जन औषधि केंद्रों का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य 'स्वस्थ भारत, विकसित भारत' की परिकल्पना को साकार करना है। नेताजी मेट्रो स्टेशन पर नव-उद्घाटित केंद्र पश्चिम बंगाल का दूसरा जन औषधि केंद्र है। इससे पहले, कुछ दिनों पहले मालदा में पहला जन औषधि केंद्र खोला गया था। मेट्रो रेलवे कोलकाता की ओर से जारी बयान में इसकी जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन




में कहा, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र लोगों को सस्ती दरों पर दवाइयां उपलब्ध कराकर उनकी बचत में मदद करेगा। उद्घाटन समारोह में कोलकाता मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी, वरिष्ठ अधिकारी, मेट्रो स्टाफ और यात्री उपस्थित थे। महाप्रबंधक रेड्डी ने बताया कि नेताजी मेट्रो स्टेशन पर स्थित यह केंद्र जेनरिक दवाइयां सस्ती दरों पर उपलब्ध कराएगा, जो स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा, इस केंद्र में ब्रांडेड दवाइयों के मुकाबले 50 से 90 प्रतिशत कम दरों पर दवाइयाँ उपलब्ध कराई जाएँगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस केंद्र से दवाइयां खरीदें और जन औषधि केंद्र को लोकप्रिय बनाने में मदद करें।


# 41 घंटे लगातार कार्तिक मेला श्याम जन्मोत्सव में सराबोर रहा श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम

❑ **बारस धोक लगाने उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, दिन भर गूंजता रहा 'हैप्पी बर्थ डे टू यू बाबा श्याम'**

**हावड़ा :** खाटूधाम के बाद श्याम जगत में श्याम भक्तों की परम आस्था का अन्यतम केन्द्र श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर लगातार 41 घंटों तक बाबा श्याम की भक्ति में डूबा रहा। अपने परम आराध्य का जन्मोत्सव मनाने कोलकाता-हावड़ा सहित विभिन्न स्थानों से पहुंचे श्याम दीवानों ने अपने अपने अंदाज में बाबा श्याम का जन्मोत्सव मनाया। कोई नंगे पैर अपने घर से पैदल चलकर निशाना लेकर आया तो किसी ने सवामनी, छप्पन भोग और मिल्क केक का प्रसाद चढ़ाया। ड्राइ फ्रूट्स का भोग लगाने वालों की कमी नहीं थी अपितु अनेक भक्तों ने तो बाबा को



चाकलेट-टाफी भी भेंट की। कार्तिक शुक्ल द्वादशी अर्थात श्री श्याम जयंती मेला के दूसरे दिन श्याम भक्तों के उत्साह का कोई पारावार नहीं रहा। बाबा के दरबार, अखण्ड ज्योत, प्रसाद, जिधर देखें उधर ही बाबा श्याम के भक्तों की कतार। इस अवसर पर आलोक सज्जा से जगमगाते सुसज्जित मंदिर में विराजित बाबा श्याम को धोक लगाने सपरिवार इष्ट मित्रों सहित मंदिर में पहुंच कर श्याम भक्तों ने अखण्ड ज्योति में पवित्र आहुति देकर और प्रसाद चढ़ाकर बाबा श्याम से आशीष प्राप्त किया। इस दौरान पूरे दिन 'हैप्पी बर्थ डे टू यू श्याम बाबा' सहित 'जय श्री श्याम', 'घुसुड़ी नरेश की जय', 'शीश के दानी की जय', 'श्याम सरकार की जय' जैसे नारों से मंदिर प्रांगण अनवरत् गूंजता रहा। सुबह बारस धोक का कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व गत् रात्रि से श्री श्याम



प्रभु के अखण्ड ज्योति पाठ का सामूहिक वाचन सैकड़ों भक्तों ने मनोज बालासिया व अजय मिश्रा के साथ सस्वर किया।

महोत्सव को सफल बनाने में भरपूर सेवा प्रदान करने हेतू मंदिर के प्रबंध न्यासी बिनोद कुमार टिबड़ेवाल ने हावड़ा सिटी पुलिस, न्यू ऑयरन मार्केट एसोसियेशन, पवन गर्ग, हावड़ा वेलफेयर ट्रस्ट, मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी व श्री श्याम सेव-ादार समिति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। संचालन मिडिया प्रभारी सुरेश कुमार भुवालका ने किया। मेला की सफलता में नवल सुल्तानिया, किशन काशुका, सुरेंद्र अग्रवाल, शिवप्रकाश परसरामपुरिया, कपिल अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, नारायण टिबड़ेवाल, पवन गर्ग, मुकेश कानोड़िया, राकेश गर्ग, राजेश अग्रवाल, टिंकू चौधरी, दिलीप केडिया, संतोष अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संजय टिबड़ेवाल, अविनाश अग्रवाल, पप्पू जमालपुरिया, राजेश सिंघानिया सहित सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्त्ताओं ने अहम् योगदान दिया। देर रात आरती के साथ दो दिवसीय महोत्सव सम्पन्न हुआ।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

## न्यूज इन ब्रीफ

### उत्तर प्रदेश उच्च न्यायिक सेवा में सीधी भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा टली

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश उच्च न्यायिक सेवा 2023 में सीधी भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से टाल दी गई है। यह परीक्षा आठ दिसंबर, 2024 को प्रस्तावित थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के महानिबंधक की ओर से बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि उत्तर प्रदेश उच्च न्यायिक सेवा 2023 में सीधी भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से टाल दी गई है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि अभ्यर्थी इस संबंध में नोटिस के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय की वेबसाइट देख सकते हैं।

### शिक्षिका को 'लॉरेंस बिश्नोई गैंग' से मिली दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी

**बस्ती :** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में एक नृत्य शिक्षिका ने कुख्यात 'लॉरेंस बिश्नोई गैंग' के एक कथित सदस्य द्वारा दुष्कर्म और जान से मारने की धमकियां दिये जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सतेंद्र भूषण तिवारी ने बुधवार को बताया कि शिक्षिका ने मुकदमे में आरोप लगाया है कि खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताने वाले एक व्यक्ति ने उसे फोन पर धमकाया और कहा कि वह पहले ही ''25 महिलाओं के साथ दुष्कर्म कर उन्हें मार चुका है और अब वह उसकी अगली शिकार बनेगी।'' पीड़िता बस्ती सदर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली नृत्य शिक्षिका है। उसका आरोप है कि उसे कई नंबरों से धमकी भरे कॉल आ रहे हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। लॉरेंस बिश्नोई एक गैंगस्टर है। उसका नाम हाल ही में महाराष्ट्र के एक विधायक की हत्या के मामले में भी आया था। वह फिलहाल गुजरात की एक जेल में बंद है।

### भूमि विवाद में पड़ोसियों को फंसाने के लिए बेटी की हत्या, आरोपी पिता गिरफ्तार

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में बुधवार को एक व्यक्ति ने अपने पड़ोसियों को भूमि विवाद में झूठा फंसाने के लिए अपनी ही बेटी की गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी पिता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बताया कि शुक्रवार की रात कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया गांव में जयनारायण सिंह ने अपने पड़ोसियों को फंसाने के लिये अपनी 16 वर्षीय बेटी प्रिया की गला रेतकर हत्या कर दी। उसने पुलिस में इसकी शिकायत भी दर्ज करायी मगर जांच में सच्चाई सामने आ गयी। सूत्रों ने बताया कि सिंह ने पुलिस को पहले बताया था कि नौका टोला में कुछ लोगों ने उसके घर में घुसकर उनकी सो रही बेटी पर हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि वारदात के दिन परिवार के बाकी लोग छठ पूजा के लिए बाहर गये थे और उस रात घर पर सिर्फ जयनारायण सिंह और उसकी बेटी प्रिया ही थे। अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान सिंह ने अपनी बेटी की हत्या करने का जुर्म कुबूल कर लिया।

### हरियाणा विधानसभा ने दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि

**चंडीगढ़ :** हरियाणा विधानसभा में बुधवार को उद्योग जगत की दिग्गज हस्ती रतन टाटा और कुछ अन्य प्रमुख हस्तियों को श्रद्धांजलि दी गई। रतन टाटा का हाल में निधन हो गया था। सदन ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की। सदन के नेता एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संदेश पढ़ा। सदन ने हरियाणा के पूर्व मंत्री जसवंत सिंह, पूर्व विधायक नरेश यादव और राकेश दौलताबाद को भी श्रद्धांजलि दी। सदन ने महेंद्रगढ़ जिले में अप्रैल माह में हुए एक हादसे में छह स्कूली बच्चों की मौत पर भी शोक व्यक्त किया। विधानसभा ने हरियाणा के 46 वीर शहीदों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने मातृभूमि की एकता और अखंडता की रक्षा करते हुए अदम्य साहस का परिचय दिया और सर्वोच्च बलिदान दिया। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने भी दिवंगत हस्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपनी पार्टी की ओर से शोक संदेश पढ़ा और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि भी दी।

# झारखंड में रोटी-बेटी-माटी की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा, भाजपा इससे खिलवाड़ नहीं होने देगी: मोदी



**देवघर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को झारखंड विधानसभा के चुनाव में रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा को 'सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण' मुद्दा करार दिया और लोगों को विश्वास दिलाया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार इनकी सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं होने देगी। देवघर जिले के सारठ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि आज झारखंड की पहचान बदलने की बहुत बड़ी साजिश हो रही है और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) तथा कांग्रेस सरकार में बाहर से आए घुसपैठियों को यहां का स्थायी निवासी बनाने के लिए हर गलत काम किया गया। उन्होंने कहा, ''इन घुसपैठियों के लिए रातों-रात पक्के कागज बनाए गए। आदिवासी बेटियों को शादी के नाम पर ठगा गया और उनकी जमीन हथिया ली गई। इन घुसपैठियों ने आपसे आपका रोजगार छीन लिया और आपकी रोटी भी छीन ली। लेकिन यहां की सरकार का रवैया देखिए। झामुमो सरकार ने अदालत में कह दिया कि झारखंड में कोई घुसपैठ हुई ही नहीं है।'' प्रधानमंत्री ने झारखंड में अपने चुनावी अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि इस दौरान वह जहां भी गए, हर जगह 'विदेशियों की घुसपैठ' को लेकर सबसे बड़ी चिंता रही है। उन्होंने कहा, ''झारखंडी गौरव और झारखंड की पहचान, आप सबकी ताकत रही है। अगर ये पहचान ही खत्म हो गई तो क्या होगा? आंकड़े बताते हैं कि संथाल क्षेत्र में आदिवासियों की संख्या करीब-करीब आधी रह गई है।''

### झारखंड में घुसपैठ खतरनाक स्तर पर पहुंच गई हैं

**गोड्डा (झारखंड) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को झारखंड में घुसपैठ के खतरनाक स्तर पर पहुंचने का दावा करते हुए घुसपैठियों को 'संरक्षण' देने के लिए सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन पर प्रहार किया। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के स्थान पर राज्य सरकार की 'अबुआ आवास' आवास योजना को 'कट मनी और कमीशन' के लिए 'फर्जी' योजना करार दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में घुसपैठ खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है और इससे बेटी, माटी और रोटी पर हमले हो रहे हैं।

# उच्चतम न्यायालय ने बुलडोजर को हमेशा के लिए गैराज में खड़ा कर दिया है : अखिलेश



**कानपुर (उप्र) :** बुलडोजर कार्रवाई को लेकर उच्चतम न्यायालय की तल्ख टिप्पणी के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अदालत ने बुलडोजर को हमेशा के लिए गैराज में खड़ा कर दिया है। यादव ने यह भी दावा किया कि बुलडोजर कार्रवाई के नाम पर गरीबों के घर तोड़े जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने सीसामऊ सीट पर 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी के समर्थन में यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए बुलडोजर नीति पर उच्चतम न्यायालय की तल्ख टिप्पणी की सराहना की। अखिलेश ने कहा, ''बुलडोजर कार्रवाई के नाम पर गरीबों के घर तोड़े जा रहे थे। अब उच्चतम न्यायालय ने अवैध रूप से मकान गिराने पर रोक लगा दी है।'' उन्होंने कहा कि अयोध्या में जिस तरह से बुलडोजर चलाए गए उसी के कारण लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हार हुई। मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उप-चुनाव भी स्थगित कर दिया गया।

### उप्र सरकार ने की बुलडोजर कार्रवाई पर उच्चतम न्यायालय के फैसले की सराहना

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को बुलडोजर कार्रवाई पर उच्चतम न्यायालय के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि यह फैसला संगठित अपराध पर लगाम लगाने और अपराधियों में कानून का डर पैदा करने में मदद करेगा। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा, ''सुशासन की पहली शर्त होती है कानून का राज। इस दृष्टि से उच्चतम न्यायालय द्वारा आज दिया गया फैसला स्वागत योग्य है। इस फैसले से अपराधियों के मन में कानून का भय पैदा होगा और माफिया प्रवृत्ति के तहत एवं संगठित पेशेवर अपराधियों पर लगाम कसने में आसानी होगी।''

# यूएनओडीसी ने कैदियों के स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं में सुधार की जरूरत बतायी

**लखनऊ :** संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएनओडीसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जेलों में बंद कैदियों की स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं में सुधार की खासी गुंजाइश बताते हुए बुधवार को कहा कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारी दोनों से ही जुड़ा मामला है। यूएनओडीसी के क्षेत्रीय प्रतिनिधि मार्को टेक्सिएरा ने अपने संस्थान, इंडिया विजन फाउंडेशन और उत्तर प्रदेश कारागार विभाग की संयुक्त पहल से 'जेल में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने' के लिए एक परामर्श कार्यक्रम में कहा, ''जेल स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत भलाई का मामला नहीं हैं, यह सार्वजनिक स्वास्थ्य से गहराई से जुड़ा हुआ है।'' उन्होंने कहा, ''कई कैदी सजा पूरी होने के बाद अपने समुदायों में लौटते हैं। अगर जेल में उन्हें उचित स्वास्थ्य सेवा नहीं मिलती, तो वे संक्रामक रोग फैलाने, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करने और नशे की लत का शिकार बने रहने के जोखिम में होते हैं। इससे व्यापक स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रभावित होती है। इसलिए, जेलों में स्वास्थ्य सेवा में सुधार सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारी दोनों का मामला है।''

# गाजियाबाद में यातायात जाम और मारपीट के आरोप में अज्ञात वकीलों पर मुकदमा

**गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में जनपद न्यायाधीश के तबादले और निलंबन की मांग को लेकर यातायात जाम करने के आरोप में अज्ञात वकीलों के खिलाफ दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज किये गये हैं। वकीलों ने गाजियाबाद सदर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के बहिष्कार का भी एलान किया है। वे 16 नवंबर को महापंचायत करेंगे जिसमें वे अपनी आगे की रणनीति तय करेंगे। पुलिस उपायुक्त (नगर) राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार और मंगलवार को वकीलों ने दोपहर में दो घंटे तक पुलिस कार्यालय और



कविनगर कॉलोनी की सर्विस रोड को जाम कर रास्ता जाम किया। इस दौरान उन्होंने जिला न्यायाधीश अमन कुमार का पुतला फूंका तथा उनके खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने बताया कि वकील जिला न्यायाधीश तथा 29 अक्टूबर को अदालत परिसर में उन पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों के तबादले और निलंबन की मांग कर रहे हैं।

## न्यूज अपडेट

### झारखंड : 'हत्या मामले' में न्याय की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया

**चतरा (झारखंड) :** झारखंड के चतरा जिले के एक गांव के 900 से अधिक मतदाताओं ने एक ''हत्या मामले'' में कथित तौर पर न्याय नहीं मिलने के कारण बुधवार को विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्य की राजधानी रांची से लगभग 170 किलोमीटर दूर परतापुर ब्लॉक के अंतर्गत नवरतनपुर गांव के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। चतरा जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) रमेश घोलप ने कहा, ''मतदान के अंतिम समय शाम चार बजे तक नवरतनपुर के बूथ संख्या - 201 पर कोई वोट नहीं डाला गया। बूथ पर 459 महिलाओं सहित 913 मतदाता पंजीकृत थे।'' ग्रामीणों ने दावा किया कि गांव के रंजीत कुमार यादव की दो महीने पहले हत्या कर दी गई थी, लेकिन आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। यादव का शव एक पेड़ से लटका हुआ पाया गया था। चतरा के पुलिस उपाधीक्षक संदीप सुमन ने ग्रामीणों के दावे को खारिज करते हुए कहा कि उस व्यक्ति ने आत्महत्या की थी।

### राजस्थान : निर्दलीय प्रत्याशी ने एसडीएम को कथित तौर पर थप्पड़ मारा

**जयपुर :** विधानसभा उपचुनाव के लिए चल रहे मतदान के दौरान देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में एक निर्दलीय उम्मीदवार ने चुनाव ड्यूटी पर तैनात एक अधिकारी एसडीएम को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया। यह वाकया कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहे नरेश मीणा से जुड़ा है। उन्होंने चुनाव ड्यूटी पर तैनात मालपुरा के उपखंड अधिकारी अमित चौधरी का कॉलर पकड़ लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी और टोंक कलेक्टर सौम्या झा ने बताया कि समरावता गांव के मतदाताओं ने अपनी एक मांग के समर्थन में मतदान का बहिष्कार करने की घोषणा की थी, लेकिन मतदान केंद्र और बूथ तक पहुंचने वाला रास्ता खुला था। उन्होंने बताया कि जब एसडीएम चौधरी जब लोगों को वोट डालने के लिए मनाने वहां गए तो निर्दलीय प्रत्याशी ने उन्हें थप्पड़ मार दिया। नरेश उन ग्रामीणों का समर्थन कर रहे थे जिन्होंने मतदान का बहिष्कार करने की घोषणा की थी। जिला कलेक्टर ने बताया, यह गांव वर्तमान में नगर फोर्ट तहसील में आता है और ग्रामीण गांव को उनियारा तहसील के अंतर्गत लाने की मांग कर रहे हैं जो उनके गांव के पास है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने कुछ दिन पहले यह मांग उठाई थी और उन्हें 30 अक्टूबर को आश्वासन दिया गया था कि आदर्श आचार संहिता हटने के बाद इस मामले पर विचार किया जाएगा।

### सुखबीर बादल ने धार्मिक कदाचार के लिए सजा सुनाने का अकाल तख्त से किया आग्रह

**चंडीगढ़ :** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने बुधवार को अकाल तख्त के जत्थेदार से धार्मिक कदाचार के आरोप में उनकी सजा की घोषणा करने का आग्रह किया और कहा कि उन्हें 'तनखैया' (धार्मिक कदाचार का दोषी) घोषित किये हुए दो महीने से अधिक समय बीत चुका है। तीस अगस्त को अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने 2007 से 2017 तक अकाली दल और उसकी सरकार द्वारा की गई गलतियों के लिए बादल को 'तनखैया' घोषित किया था। जत्थेदार ने अभी तक बादल के लिए धार्मिक सजा की घोषणा नहीं की है। बादल ने बुधवार को अमृतसर में अकाल तख्त सचिवालय में अपना लिखित अनुरोध प्रस्तुत किया। पूर्व मुख्यमंत्री बादल ने अपना अनुरोध प्रस्तुत करने के बाद अमृतसर में पत्रकारों से कहा कि अकाल तख्त के आदेश को हर सिख स्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि 'तनखैया' घोषित किए जाने के एक दिन बाद वे सजा के लिए अकाल तख्त के समक्ष उपस्थित हुए थे। उन्होंने कहा, ''मैं आज यहां अनुरोध करने आया हूं कि ढाई महीने से अधिक समय बीत चुका है (जब से मुझे तनखैया घोषित किया गया था) लेकिन सजा के बारे में कुछ नहीं कहा गया है। वे जो भी आदेश देंगे, मैं उसका पालन करूंगा।'' इस बीच अमृतसर में बुधवार को अकाल तख्त पर जत्थेदार से मिलने पहुंचे सुखबीर सिंह बादल की हड्डी में मामूली 'फ्रैक्चर' हो गया। घटना के तुरंत बाद उनके सुरक्षा कर्मचारियों ने उन्हें गुरु रामदास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया, जहां फ्रैक्चर होने का पता चला।

# भाजपा झारखंड की छवि खराब करने की पूरी कोशिश कर रही: मुख्यमंत्री सोरेन का आरोप



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) झूठे प्रचार के माध्यम से उनकी और राज्य की छवि खराब कर रही है। भाजपा ने सोरेन के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि झामुमो नेता ने विधानसभा चुनाव में पहले ही हार मान ली है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि भाजपा राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन सरकार के खिलाफ प्रचार करने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है और उसने 95,000 व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए सोरेन ने कहा, ''तानाशाहों के पास अरबों रुपये हो सकते हैं लेकिन मेरा मानना है कि अनुचित तरीकों से जीत हासिल करने के बजाय सिद्धांतों पर अड़े रहना बेहतर है।'' भाजपा ने कहा कि ये आरोप सोरेन की हताशा और निराशा को दर्शाते हैं। भाजपा की झारखंड इकाई के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता दीपक प्रकाश ने कहा, ''सोरेन की पोस्ट उनकी हताशा और निराशा को दर्शाती है। उन्हें समझ आ गया है कि वह लड़ाई हार चुके हैं और निराशा में इस तरह की टिप्पणियां कर रहे हैं। आरोप मनगढ़ंत, झूठे और सत्य से परे हैं। ये आरोप ऐसे समय लगाए गए जब राज्य में पहले चरण के तहत 81 विधानसभा क्षेत्रों में से 43 सीट के लिए मतदान हो रहा है। सोरेन ने कहा, ''मैं आपके समक्ष एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट पेश करना चाहता हूं। भाजपा द्वारा छद्म प्रचार के माध्यम से मेरी और राज्य की छवि को खराब करने के लिए फेसबुक पर विज्ञापन पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं।'' सोरेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया, ''पिछले 30 दिन में 'झारखंड चौपाल', 'रांची चौपाल' जैसे विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट से 72 लाख रुपये के विज्ञापन दिए गए हैं।

# अवैध घुसपैठ मामले में ईडी ने दो बांग्लादेशी नागरिकों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ से जुड़े धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में दो बांग्लादेशी नागरिकों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि रोनी मंडल और समीर चौधरी बांग्लादेश के नागरिक हैं जबकि पिंटू हलदर भारतीय नागरिक है। मामले में पिंकी बासु मुखर्जी नामक एक भारतीय महिला को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। सूत्रों ने बताया कि ऐसा संदेह है कि पहले तीन आरोपी दलाल हैं और उन्हें मंगलवार रात को भारत में मानव तस्करी के लिए बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि चारों को धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया है। संघीय एजेंसी ने मंगलवार को धन शोधन के इस मामले में पश्चिम बंगाल और चुनावी राज्य झारखंड में 17 स्थानों पर तलाशी ली थी। एजेंसी ने अपने आधिकारिक 'एक्स' खाते पर मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा था कि उसने छापेमारी के दौरान फर्जी आधार कार्ड, जाली पासपोर्ट, अवैध हथियार, अचल संपत्ति के दस्तावेज, नकदी, आभूषण, आधार में जालसाजी के लिए इस्तेमाल किए गए प्रिंटिंग पेपर और मशीनें तथा खाली प्रोफार्मा जैसी ''आपत्तिजनक'' सामग्री बरामद की हैं।

# शादियों में शामिल होगी पुलिस, चोरों पर नजर रखने के लिए आगरा पुलिस ने बनाई विशेष टीम

**आगरा :** चाहे आमंत्रित हों या न हों, मगर अब आगरा पुलिस के जवान जिले में होने वाली हर शादी में शामिल होंगे। इसका मकसद विवाह स्थलों पर चोरी की घटनाओं को रोकना है। पुलिस उपायुक्त (नगर) सूरज राय ने बुधवार को बताया कि जिला पुलिस ने विवाह समारोहों में संदिग्ध आगंतुकों, चोरों और बच्चों के गिरोह आदि पर नजर रखने के लिए पुलिसकर्मियों की एक विशेष टीम बनाई है। टीम के सदस्य पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में तैनात रहेंगे और परिवार के सदस्य की तरह विवाह समारोहों में शामिल होंगे। राय ने संवाददाताओं से कहा, ''शादियों में चोरी की पिछली घटनाओं को देखते हुए उनकी रोकथाम के लिये यह पहल की गई है। चोर अक्सर मेहमान बनकर विवाह समारोह में दाखिल होते हैं और मौका मिलते ही नकदी या जेवरात से भरे बैग चोरी कर लेते हैं।'' उन्होंने कहा, ''विवाहों में चोरी की ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 18 क्लस्टर चिह्नित किए गए हैं जहां मुख्य रूप से मैरिज लॉन और बैंक्वेट हॉल और अन्य स्थल हैं। हर क्लस्टर में पुलिसकर्मियों की तीन टीमें होंगी।'' राय ने बताया कि विवाह समारोहों में ये पुलिसकर्मी सामान्य कपड़ों में तैनात होंगे और संदिग्ध लोगों पर नजर रखेंगे। कोई गड़बड़ होने पर कार्रवाई करेंगे। पुलिस उपायुक्त ने कहा, ''जिन निवासियों को दूसरे जिलों या क्षेत्रों में होने वाली शादियों में जाना है वे स्थानीय पुलिस थानों या चौकियों को सूचित कर सकते हैं, ताकि उनकी अनुपस्थिति के दौरान उनके घर के पास पुलिस गश्त की जा सके।



# झारखंड: चुनाव बहिष्कार के आह्वान के बीच माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से मतदान हुआ

**चाईबासा :** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में बुधवार को विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने के आह्वान के बावजूद तेजी से मतदान हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि माओवादियों ने मनोहरपुर निर्वाचन क्षेत्र के रबांगा गांव में एक मतदान केंद्र के द्वार पर पोस्टर और बैनर लगाए थे, जिनमें मतदाताओं से मतदान का बहिष्कार करने का आह्वान किया गया था। साथ ही उन्होंने एक ऐसी वस्तु भी रखी थी, जिसके बम होने का संदेह था, जिसके कारण मतदान में आधे घंटे की देरी हुई। पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर बैनर, पोस्टर तथा संदिग्ध वस्तु को हटाया और मौके पर खोजी




कुत्तों और बम निरोधक दस्ते को तैनात कर दिया गया। घटना के बावजूद सैकड़ों मतदाता सुबह से ही मतदान केंद्र पर मतदान करने के लिए एकत्रित हो गए। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। इस बीच जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के छोटानागरा थाना क्षेत्र के हथनाबुरू और डिकूपोंगा गांवों के बीच नक्सलियों ने पेड़ के तने रखकर सड़क को अवरुद्ध कर दिया, जिसे बाद में पुलिस ने हटा दिया। इन स्थानों पर नक्सलियों ने पोस्टर और बैनर भी लगाए थे।

# बिहार: प्रधानमंत्री मोदी के पैर छूने पर तेजस्वी का तंज, 'सभी के पैरों पर गिर रहे नीतीश'

**पटना :** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को यहां एक समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पैर छूने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष हाल के दिनों में सभी के पैरों पर गिर रहे हैं। दरभंगा में आयोजित एक समारोह में नीतीश अपना भाषण खत्म करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के पैर छूने के लिए नीचे झुके थे। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में नीतीश प्रधानमंत्री मोदी के पैरों को छूने के लिए नीचे झुकते हैं तभी मोदी मुख्यमंत्री को कंधे से पकड़ते हुए उनकी कुर्सी पर बैठाते हुए दिखाई दे रहे हैं। तेजस्वी यादव ने इस घटना के बारे में पूछे जाने पर तंज कसते हुए कहा कि इसमें क्या असामान्य बात है, वह (मुख्यमंत्री) हाल के दिनों में सभी के पैरों पर गिर रहे हैं। राजद नेता ने आरोप लगाया कि उन्होंने (नीतीश ने) ऐसा अपनी सरकार के अधिकारियों के साथ भी किया।

# झारखंड चुनाव: शाम पांच बजे तक 43 विधानसभा सीट पर लगभग 65 प्रतिशत मतदान

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीट के लिए बुधवार को शाम पांच बजे तक 64.86 प्रतिशत मतदान हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि लोहरदगा जिला 73.21 प्रतिशत मतदान के साथ शीर्ष पर रहा जबकि हजारीबाग जिले में सबसे कम 59.13 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि मतदान शाम पांच बजे तक जारी रहा। उन्होंने बताया कि अन्य जिलों में मतदान प्रतिशत सरायकेला-खरसावां में 72.19, गुमला में 69.01, सिमडेगा में 68.66, खूंटी में 68.36, गढ़वा में 67.35, लातेहार में 67.16, पश्चिमी सिंहभूम में 66.87, रामगढ़ में 66.32, पूर्वी सिंहभूम 64.87, चतरा 63.26, पलामू में 62.62, कोडरमा में 62, रांची 60.49 और हजारीबाग में 59.13 रहा। चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और पूर्व सांसद गीता कोड़ा सहित कुल 683 उम्मीदवार अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''आज झारखंड विधानसभा चुनाव में पहले चरण का मतदान है। मैं सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस उत्सव में पूरे उत्साह के साथ मतदान करने का आग्रह करता हूं। इस अवसर पर पहली बार वोट देने जा रहे मेरे सभी युवा मित्रों को मेरी हार्दिक बधाई। याद रखें - पहले मतदान, फिर जलपान।'' झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के एटीआई मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गंगवार ने कहा, आज झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान है। मैं सभी मतदाताओं से आग्रह करता हूं कि वे यथाशीघ्र अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में पूरे उत्साह के साथ मतदान करें। याद रखें, पहले मतदान फिर जलपान।''

### बिहार विधानसभा उपचुनावः शाम छह बजे तक औसतन 52.84 प्रतिशत मतदान

**पटना :** बिहार की तरारी, इमामगंज, बेलागंज और रामगढ़ विधानसभा सीटों पर बुधवार को संपन्न उपचुनाव में शाम छह बजे तक 12 लाख से अधिक मतदाताओं में से औसतन 52.84 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार शाम छह बजे तक तरारी, रामगढ़, इमामगंज और बेलागंज में मतदान का प्रतिशत क्रमशः 50.10, 54.02, 51.01 और 56.21 प्रतिशत रहा। इन विधानसभा क्षेत्रों में हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान का प्रतिशत क्रमशः 50.10, 58.68, 51.68 और 52.10 प्रतिशत रहा था। इन विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से मतदान कराए जाने के लिए 1277 मतदान केंद्र बनाए गए थे।

### राजस्थानः सात विधानसभा सीट पर उपचुनाव में लगभग 69.29 प्रतिशत मतदान

**जयपुर :** राजस्थान में विधानसभा की सात सीट पर उपचुनाव के लिए बुधवार को हुए मतदान में लगभग 69.29 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। अधिकारियों ने बताया कि मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण और सफल रहा। मतगणना 23 नवंबर को होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि सात विधानसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के समय संभावित मतदान का प्रतिशत 69.29 दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को मतदान दस्तावेजों की जांच के बाद ही मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े प्राप्त हो सकेंगे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### कर्ज में डूबे एक किसान ने फाइनेंस कंपनी की ओर से ट्रैक्टर जब्त किये जाने के बाद की आत्महत्या

**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में कर्ज में डूबे एक किसान ने कथित तौर पर एक फाइनेंस कंपनी का कर्ज न चुका पाने और कंपनी द्वारा ट्रैक्टर जब्त किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार सुबह नागपुर से करीब 50 किलोमीटर दूर जिले की भिवापुर तहसील के मांडवा सोमनाला गांव में हुई। एक अधिकारी ने बताया कि किसान रवींद्र विट्ठल अलोन (55) के पास तीन एकड़ कृषि भूमि थी। उन्होंने ऋण लिया था, लेकिन पिछले दो वर्षों में फसल खराब होने के कारण वह इसे चुकाने में असफल रहे। अलोन ने दो साल पहले एक ट्रैक्टर खरीदा था, लेकिन ऋण की राशि चुकाने में असमर्थ होने के कारण फाइनेंस कंपनी ने वाहन जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि इससे दुखी होकर उन्होंने एक झोपड़ी में लकड़ी के तख्ते से फांसी लगाकर आत्महत्य कर ली। उन्होंने बताया कि उनकी मौत की सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है।

### महाराष्ट्र चुनाव: पुलिस ने अमरावती में दो वाहनों में से 2.30 करोड़ रुपये बरामद किये

**अमरावती :** महाराष्ट्र के अमरावती शहर में पुलिस ने बुधवार को दो वाहनों को रोका जिनमें से करीब 2.30 करोड़ रुपये बरामद किये गये। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव होंगे। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गणेश शिंदे ने बताया, आज दोपहर अमरावती शहर की सीमा में मालवीय चौक के पास दो वाहनों को रोका गया, जिनमें नकदी थी। अपराध शाखा द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस को बताया गया कि वाहन एक ही एजेंसी के हैं और यह नकदी एक बैंक से दूसरे बैंक में ले जाई जा रही है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि एक वाहन में 2.15 करोड़ रुपये पाए गए, जबकि दूसरे वाहन में 14 लाख रुपये थे। उन्होंने कहा, पुलिस इस दावे की पुष्टि करने का प्रयास कर रही है कि क्या यह नकदी एक बैंक से दूसरे बैंक में ले जाई जा रही थी और यह वैध थी या नहीं। यदि कुछ भी अवैध नहीं पाया गया तो इन्हें जाने दिया जायेगा।

### ज्वालामुखी विस्फोट के बाद इंडिगो और एअर इंडिया ने बाली के लिए उड़ान रद्द कीं

**नयी दिल्ली :** इंडिगो और एअर इंडिया ने इंडोनेशियाई द्वीप में ज्वालामुखी विस्फोट से उत्पन्न राख के कारण बुधवार को बाली के लिए अपनी उड़ानें रद्द कर दीं। पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत के एक सुदूर द्वीप में स्थित माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी ज्वालामुखी इस महीने की शुरुआत में फटा था और इसके परिणामस्वरूप राख के बादल छा गए थे। ये बादल उड़ान संचालन के लिए खतरा बन सकते हैं और इसके परिणामस्वरूप, कई विमानन कंपनियों ने बाली के लिए अपनी सेवाएं रद्द कर दी हैं। इंडिगो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 6ई यात्रा परामर्श: बाली में हाल ही में हुए ज्वालामुखी विस्फोट के कारण, इस क्षेत्र से आने-जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, क्योंकि राख के बादल हवाई यात्रा को प्रभावित कर सकते हैं।

### महापौर चुनाव : सत्या शर्मा को फिर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर पद के लिए बृहस्पतिवार को होने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पार्षद और पूर्वी दिल्ली की पूर्व महापौर सत्या शर्मा को फिर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर निकाय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शर्मा एक बार फिर से चुनाव प्रक्रिया की देखरेख का जिम्मा संभालेंगी। शर्मा ने दिसंबर 2022 में पिछले महापौर चुनाव की भी अध्यक्षता की थी। इस वर्ष महापौर पद के चुनाव में देवनगर से आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षद महेश खिंची का मुकाबला शकूरपुर से भाजपा पार्षद किशन लाल से है जबकि अमन विहार से 'आप' के रविंदर भारद्वाज और सादतपुर से भाजपा की नीता बिष्ट उपमहापौर पद के लिए आमने-सामने हैं।

# महायुति 'चोरों की सरकार' है : खरगे

**लातूर (महाराष्ट्र) :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति को 'चोरों की सरकार' करार दिया और 20 नवंबर के चुनाव में इसे हराने का आह्वान किया। खरगे ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए यहां प्रचार करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा और उसके वैचारिक मार्गदर्शक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्वतंत्रता संग्राम और देश की एकता में कोई भूमिका नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने सत्तारूढ़ पार्टी पर तीखा हमला करते हुए नारों – बंटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं की आलोचना की और इन्हें विभाजनकारी बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा जिन्होंने कांग्रेस नेताओं द्वारा संविधान की पुस्तक लहराने पर सवाल उठाया था। खरगे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लगाए जा रहे क्रमशः 'बंटेंगे तो कटेंगे' और 'एक हैं तो सेफ हैं' के नारे की आलोचना करते हुए कहा, कांग्रेस नेताओं ने देश और सभी समुदायों को एकजुट रखने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। इसके विपरीत, भाजपा और संघ का स्वतंत्रता आंदोलन और देश की एकता में कोई योगदान नहीं था। खरगे ने कहा कि महायुति 'चोरों की सरकार' है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव देशद्रोहियों को सबक सिखाने का मौका है। रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या समेत विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधा। खरगे ने कहा कि जाति जनगणना, जिसका वादा कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में किया था, का उद्देश्य एकता को बढ़ावा देना और सभी वर्गों के लिए लाभों का समान वितरण करना है। उन्होंने कहा, जाति जनगणना लोगों को बांटने के लिए नहीं है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में औसतन प्रतिदिन सात किसान आत्महत्या करते हैं, जिससे पिछले छह महीनों में यह संख्या 2,336 हो गई है। ये आंकड़े सत्तारूढ़ महायुति द्वारा राज्य विधानसभा में उद्धृत किए गए। इन विनाशकारी आंकड़ों के बावजूद सरकार चुप रही है। यह झूठ की सरकार है। उन्होंने लोगों से 50 खोखे, कल्याण विरोधी (धनकुबेर) सरकार को सत्ता से हटाने का आह्वान किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि भारत की 62 प्रतिशत संपत्ति पांच प्रतिशत आबादी की जमीनों में केंद्रित है।



## राष्ट्रपति मुर्मू 22 नवंबर को हैदराबाद में 'लोकमंथन-2024' का उद्घाटन करेंगी

**हैदराबाद :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 नवंबर को यहां राष्ट्रवादी विचारकों की संगोष्ठी 'लोकमंथन-2024' का उद्घाटन करेंगी। हैदराबाद में 21 से 24 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और अन्य लोगों के भी शामिल होने की उम्मीद है। 'राष्ट्र-प्रथम' की भावना वाले बुद्धिजीवियों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों के संगठन 'प्रज्ञा प्रवाह' द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर बहस के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। 'प्रज्ञा प्रवाह' के राष्ट्रीय संयोजक जे. नंदकुमार के अनुसार, राष्ट्रपति 22 नवंबर को इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी। उन्होंने बताया कि लोकमंथन के लिए प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम 21 नवंबर से शुरू होंगे।

## चेन्नई में मरीज के बेटे ने चिकित्सक पर किया चाकू से हमला

**चेन्नई :** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई स्थित सरकारी कलैइगनार सेंटेनरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल(केसीएसएसएच) में एक मरीज के बेटे ने कैंसर रोग विशेषज्ञ चिकित्सक पर चाकू से कई बार हमला किया। अस्पताल के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने बाह्य रोगी विभाग के कमरे में हमले को अंजाम दिया और वह अस्पताल में भर्ती अपनी मां की इलाज से कथित तौर पर असंतुष्ट था। उन्होंने बताया कि अस्पताल के कर्मचारियों ने आरोपी को तुरंत पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि चिकित्सक का इलाज किया जा रहा है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। इस हमले से आक्रोशित चिकित्सक और नर्स अस्पताल के प्रवेश द्वार के सामने एकत्र होकर



अपना विरोध जताया। प्रदर्शन कर रहे केसीएसएसएच के चिकित्सकों में से एक एक ने कहा, ''हमें अपना कर्तव्य निभाते समय सुरक्षा नहीं मिलती है।''जानकारी के मुताबिक, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम नाराज चिकित्सकों से बात करेंगे। घटना से स्तब्ध मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा कि हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्होंने विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं।

## मेरी सरकार गिराने के लिए कांग्रेस के 50 विधायकों को 50-50 करोड़ रुपये की पेशकश की गई : सिद्धरमैया

**मैसुरु :** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को दावा किया कि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उनकी सरकार को गिराने के लिए कांग्रेस के 50 विधायकों को 50-50 करोड़ रुपये की पेशकश की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के किसी विधायक ने यह पेशकश स्वीकार नहीं की जिसकी वजह से भाजपा अब उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज करा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''सिद्धरमैया सरकार को किसी तरह से उखाड़ फेंकने के लिए उन्होंने (भाजपा ने) 50 विधायकों को 50-50 करोड़ रुपये की पेशकश की। उनके पास इतना पैसा कहां से आया? क्या पूर्व मुख्यमंत्रियों बी. एस. येदियुरप्पा, बसवराज बोम्मई, विपक्ष के नेता आर अशोक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने नोट छापे?'' उन्होंने यह आरोप मैसुरु जिले के टी नरसीपुरा विधानसभा क्षेत्र में 470 करोड़ रुपये के परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद लगाए। सिद्धरमैया ने कहा कि यह सब 'रिश्वत का पैसा' था। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, ''उन्होंने करोड़ों रुपये कमाए हैं। इस पैसे का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने प्रत्येक विधायक को 50 करोड़ रुपये की पेशकश की।'' सिद्धरमैया ने कहा, लेकिन इस पेशकश को हमारे किसी भी विधायक ने स्वीकार नहीं किया। इसलिए उन्होंने किसी भी तरह इस सरकार को हटाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

## भारत-फिलीपीन की दोस्ती स्थायी, नयी ऊंचाई छूने के लिए तैयार : जयशंकर

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत-फिलीपीन संबंधों की जड़ें लोकतांत्रिक मूल्यों, बहुलतावादी लोकाचार और आर्थिक समानताओं में समाई हुई हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच दोस्ती वास्तव में स्थायी है और अब यह नयी ऊंचाई छूने को तैयार है। जयशंकर ने भारत-फिलीपीन राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नयी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि दोनों देश अंतरराष्ट्रीय कानून, मानदंडों और नियमों को बनाए रखने के लिए दृढ़ प्रतिबद्ध हैं। भारत और फिलीपीन के बीच औपचारिक रूप से 26 नवंबर 1949 को राजनयिक संबंध कायम हुए थे। दक्षिण एशिया के कई देशों की तरह ही फिलीपीन के भी भारत के साथ गहरे सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध हैं। जयशंकर ने कहा, मुझे आज आपके साथ जुड़कर खुशी हो रही है, क्योंकि हम भारत-फिलीपीन के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। मैं भारत की सरकार और जनता की तरफ से फिलीपीन की सरकार और जनता को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा, हमारे संबंध लोकतांत्रिक मूल्यों, बहुलतावादी लोकाचार और आर्थिक समानताओं में निहित हैं और हम दोनों देश अंतरराष्ट्रीय कानून, मानदंडों और नियमों को बनाए रखने के लिए दृढ़ प्रतिबद्ध हैं। विदेश मंत्री ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में हमारे रिश्ते खासतौर पर मजबूत हुए हैं।



## न्यूज अपडेट

### 'अंतरिक्ष अभ्यास' भारत की अंतरिक्ष-आधारित परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने में अहम कदम : रक्षा मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** अंतरिक्ष में भारत के राष्ट्रीय रणनीतिक उद्देश्यों को सुरक्षित करने के मकसद से आयोजित अपनी तरह का पहला तीन दिवसीय अभ्यास बुधवार को यहां संपन्न हुआ। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि यह अग्रणी आयोजन देश की अंतरिक्ष आधारित परिचालन क्षमताओं को मजबूत करने तथा अंतरिक्ष सुरक्षा के लिए तीनों सेनाओं के एकीकरण को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्रालय ने कहा कि ''अंतरिक्ष आधारित परिसंपत्तियों और सेवाओं पर बढ़ते खतरों से निपटने'' के लिए 'अंतरिक्ष अभ्यास-2024' मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ की रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा 11-13 नवंबर तक आयोजित किया गया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह कार्यक्रम ''भारत की अंतरिक्ष आधारित कार्यात्मक क्षमताओं को विस्तार देने और अंतरिक्ष सुरक्षा दोनों के लिए तीनों सेनाओं के साझा परिचालन को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।''

### 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' से कोई संबंध नहीं: सलमान खान के प्रतिनिधि ने कानूनी नोटिस पर कहा

**मुंबई :** सलमान खान की टीम ने बुधवार को कहा कि नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' पर रवींद्रनाथ टैगोर के बारे में की गई कथित टिप्पणियों को लेकर अभिनेता के प्रोडक्शन हाउस को कानूनी नोटिस मिला है, लेकिन उनका इससे कोई लेना-देना नहीं है। बोंगो भाषी महासभा फाउंडेशन द्वारा भेजे गए कानूनी नोटिस में आरोप लगाया गया है कि नोबेल पुरस्कार विजेता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की गई है, जिससे धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं को ठेस पहुंचने का खतरा है। खान के प्रतिनिधि ने कहा कि अभिनेता के प्रोडक्शन बैनर को कानूनी नोटिस मिला है, जो गलत है क्योंकि वे द ग्रेट इंडियन कपिल शो से जुड़े नहीं हैं। प्रतिनिधि ने कहा, सलमान खान की टीम के बयान से स्पष्ट होता है कि प्रोडक्शन हाउस अब नेटफ्लिक्स पर प्रसारित शो के किसी भी संचालन से जुड़ा नहीं है और कानूनी नोटिस से किसी भी तरह प्रभावित नहीं है। अभिनेता के बैनर 'सलमान खान टेलीविजन' की टेलीविजन शाखा ने 'द कपिल शर्मा शो' के दूसरे और तीसरे सीजन का सह-निर्माण किया था, जो सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन चैनल पर प्रसारित हुआ था।

### मेघालय उपचुनाव : गाम्बेग्रे विधानसभा सीट पर 90.84 प्रतिशत मतदान दर्ज

शिलांग : मेघालय में गाम्बेग्रे विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए बुधवार को 90.84 प्रतिशत मतदान हुआ। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ और शाम चार बजे संपन्न हुआ। मेघालय के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बीडीआर तिवारी ने कहा कि पश्चिमी मेघालय के वेस्ट गारो हिल्स जिले में गाम्बेग्रे उपचुनाव में बुधवार को बड़ी संख्या में मतदाता मतदान के लिए आए और मतदान प्रतिशत 90.84 प्रतिशत रहा। मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा की पत्नी मेहताब चांडी संगमा एनपीपी के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं, जबकि कांग्रेस से जिंगजांग एम मारक, तृणमूल कांग्रेस से साधियारानी एम संगमा, भाजपा से बर्नार्ड एन मारक और दो निर्दलीय उम्मीदवार सेंगकराबिर्थ मारक तथा जेरी ए संगमा भी मैदान में हैं। गाम्बेग्रे निर्वाचन क्षेत्र के लिए उपचुनाव की आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि इस सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायक सालेंग ए संगमा लोकसभा के लिए चुने गए। क्षेत्र में 15,923 महिलाओं समेत कुल 32,254 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं। पश्चिमी गारो हिल्स जिले में इस निर्वाचन क्षेत्र के 51 मतदान केंद्रों में से 31 को संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया है।

### भेड़िये से लड़ने वाली बुजुर्ग महिला को मुख्यमंत्री यादव ने सराहा, एक लाख रुपये सहायता की घोषणा की

भोपाल : मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले में एक भेड़िये को मौत के घाट उतारने वाली 65 वर्षीय एक महिला की बहादुरी की प्रशंसा की और बुधवार को उन्हें एक लाख रुपये की सहायता देने का वादा भी किया। भेड़िये के हमले की घटना पिछले सप्ताह हुई थी। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा के खकरा चौराई गांव की रहने वाली भुजलो बाई को वीडियो कॉल कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। भुजलो बाई फिलहाल अस्पताल में भर्ती हैं। फसलों की रखवाली के लिए अपने खेत में सो रही भुजलो बाई और दुर्गा बाई (55) पर पिछले शुक्रवार को भेड़िये ने हमला किया था। हमले के दौरान भेड़िये ने भुजलो बाई के हाथ का अंगूठा खा लिया। विज्ञप्ति के मुताबिक, जब दुर्गा बाई वहां आईं तो भेड़िये ने उन पर भी हमला कर दिया।

## माय-भारत प्लेटफार्म युवाओं की आशा, आकांक्षा और राष्ट्र निर्माण में योगदान का माध्यम : मांडविया

**रायपुर :** केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए बुधवार को कहा कि माय-भारत प्लेटफार्म युवाओं की आशा, आकांक्षा और राष्ट्र निर्माण में योगदान का माध्यम है। मांडविया ने छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में 'माटी के वीर पदयात्रा' समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। यह कार्यक्रम 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के मद्देनजर जनजातीय गौरव दिवस के तहत आयोजित किया गया था। मांडविया ने कहा, ''15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में 150 महाविद्यालयों के माय-भारत स्वयंसेवकों द्वारा यह पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम पूरी तरह से युवाओं द्वारा आयोजित किया गया है।'' उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से युवाओं को राष्ट्र निर्माण में जोड़ने के उद्देश्य से माय-भारत प्लेटफार्म की शुरुआत की गयी थी। अब तक इस प्लेटफार्म पर लगभग 1.50 करोड़ युवाओं द्वारा पंजीकरण कराया गया है।'' मांडविया ने कहा, ''माय-भारत सिंगल विंडो सिस्टम बनेगा, जहां युवा अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए इस प्लेटफार्म के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकेंगे।'' उन्होंने कहा, ''युवाओं को जिस भी क्षेत्र में रुचि हो उसमें सर्वश्रेष्ठ करना है, चाहे वह खेल हो या कला-संस्कृति।



## सिग्नल समस्या से जुड़े मामले उचित प्रक्रिया के तहत हल किए जाएं : दक्षिण पूर्व रेलवे


**नयी दिल्ली :** दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) ने एक परिपत्र जारी कर सिग्नल और टेलीकॉम (एसएंडटी) विभाग को 'फेलियर मेमो' (सिग्नल या पाइंट की विफलता से जुड़ा मेमो) और 'डिसकनेक्शन मेमो' (ट्रेन की आवाजाही रोकने के लिए सिग्नल गियर बाधित करने से जुड़ा मेमो) लेने के बाद ही सिग्नल संबंधी समस्या को दूर करने का निर्देश दिया है। एसईआर ने पश्चिम बंगाल के नालपुर में एक ट्रेन के पटरी से उतरने की घटना के बाद यह कदम उठाया, जिसकी जांच में यह बात सामने आई थी कि सिग्नल समस्या को उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना हल किया जा रहा था। एसईआर के प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर की ओर से 11 नवंबर को जारी परिपत्र में कहा गया है, यह दोहराया जाता है कि सिग्नल की विफलता से जुड़े मामले को केवल उचित 'फेलियर मेमो' और 'डिसकनेक्शन मेमो' लेकर ही हल किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है, सुधार और गहन परीक्षण के बाद इसे मानक प्रक्रिया के अनुसार उचित 'रिकनेक्शन मेमो' के जरिये फिर से जोड़ा जाना चाहिए। यह परिपत्र खड़गपुर, आद्रा, चक्रधरपुर और रांची रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियरों को भेजा गया है। परिपत्र का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उन्हें सभी रखरखाव कर्मचारियों को जरूरी परामर्श देने का निर्देश दिया गया है।

## गुजरात उपचुनाव: वाव विधानसभा सीट पर 68.01 प्रतिशत हुआ मतदान

**पालनपुर (गुजरात) :** गुजरात के बनासकांठा जिले की वाव विधानसभा सीट पर बुधवार को उपचुनाव संपन्न हो गया और निर्वाचन आयोग के अधिकारियों द्वारा साझा किये गए अनंतिम आंकड़ों के मुताबिक 68.01 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने एक बयान में बताया कि मतदान बिना किसी अप्रिय घटना के शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन क्षेत्र के सभी 321 मतदान केंद्रों से वेबकास्टिंग की गई। सीईओ ने बताया कि मतदान के दौरान एक बैलेट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट और तीन वीवीपैट में खराबी आने की जानकारी मिली जिन्हें बदला दिया गया। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार स्वरूपजी ठाकोर सबसे पहले मतदान करने वाले लोगों में शामिल रहे। वाव विधानसभा सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार गुलाबसिंह राजपूत इस क्षेत्र के पंजीकृत मतदाता नहीं हैं। उन्होंने सुबह निर्वाचन क्षेत्र के धीमा गांव में एक मंदिर में पूजा-अर्चना की। वह मतदाता के रूप में जिले के थराद निर्वाचन क्षेत्र पंजीकृत हैं। बनासकांठा लोकसभा सीट से कांग्रेस सदस्य गेनीबेन ठाकोर ने अपने पैतृक गांव अबासना के मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला और मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने की अपील की।

## दिल्ली में पहली बार घना कोहरा, मौसम का सबसे कम अधिकतम तापमान

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को इस मौसम में पहली बार घना कोहरा छाया और ऋतु का अबतक का सबसे कम अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने कहा, दिनभर दृश्यता कम रहने और सुबह में बहुत घना कोहरा छाए रहने के कारण दिल्ली (सफदरजंग) में अधिकतम तापमान बुधवार को गिरकर 27.8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया जो मंगलवार को 32.8 डिग्री सेल्सियस था। इसने कहा, इस समय दिल्ली में मानसून के बाद का मौसम (ओएनडी-अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर) चल रहा है, जबकि शीत ऋतु दिसंबर से



फरवरी (डीजेएफ) तक होती है। कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर दृश्यता शून्य हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि इससे राजधानी की जलवायु में काफी बदलाव आया और कम दृश्यता के कारण कुछ उड़ानों का मार्ग बदलना करना पड़ा। आईएमडी ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दृश्यता शून्य मीटर दर्ज की गई, जबकि विभिन्न स्थानों पर 'रनवे विजुअल रेंज' 125 से 500 मीटर के बीच रही। इसने बताया कि सुबह करीब साढ़े पांच बजे 'बहुत घना' कोहरा छाना शुरू हुआ, जिससे राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में धुंध छा गई।

# राहुल, प्रियंका में उजले पक्ष को देखने की आदत नहीं : नड्डा

**मुंबई :** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा में उजले पक्ष को देखने की सकारात्मक आदत का अभाव है। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले संवाददाताओं से मुखातिब नड्डा ने राहुल के 'मोहब्बत की दुकान' टिप्पणी पर कटाक्ष किया और कहा कि इसमें विभाजन के उपकरण बेचे जाते हैं। नड्डा ने दावा किया कि भारत की विकास दर 6.8 फीसदी है और देश दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार है। उन्होंने बेरोजगारी और महंगाई का रोना रोने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। भाजपा अध्यक्ष ने राहुल और प्रियंका का नाम लिए बगैर कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग वाहन खरीदते हैं। अगर उनके पास पैसे नहीं हैं, तो क्या वे ऐसा करेंगे? भाई-बहन की जोड़ी के बारे में क्या कहा जाए। क्या मुझे उन्हें अर्थशास्त्र पढ़ाना चाहिए? उनमें उजले पक्ष को देखने की आदत नहीं है। नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को गरीब और किसान हितैषी बताया। उन्होंने कहा कि 2014 में जब उनकी पार्टी सत्ता में आई, तब से देश में 53 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं और विभिन्न योजनाओं के तहत दी जाने वाली सहायता राशि डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के जरिये सीधे लोगों के खातों में दी जा रही है। भाजपा अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक ने भारत की अर्थव्यवस्था को स्थिर बताया है। उन्होंने कहा कि मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। नड्डा ने दावा किया कि भारत सस्ती और प्रभावी दवाओं को उत्पादन कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन ने सत्ता में वापसी की, तो वह 'ब्रेक सरकार' बनाएगा, जो राज्य में विकास की गति धीमी कर देगी। एमवीए में कांग्रेस, शिवसेना (उबाठा) और राकांपा (एसपी) शामिल हैं। नड्डा ने दावा किया कि कांग्रेस ने शहरी नक्सलियों के सामने घुटने टेक दिए हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर राष्ट्र-विरोधियों के एजेंडे को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। भाजपा अध्यक्ष ने शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि उद्धव ने अपने पिता एवं शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के कांग्रेस का कट्टर विरोधी होने के बावजूद पार्टी के साथ गठबंधन किया।



## टमाटर, आलू, प्याज के दामों को लेकर कांग्रेस का प्रधानमंत्री पर निशाना : कहा- थाली से 'टॉप' नदारद

नयी दिल्ली : टमाटर, प्याज और आलू के अधिक मूल्यों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर उनके एक पुराने वीडियो के माध्यम से निशाना साधते हुए कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि मोदी की नीतियों की विफलता के कारण गरीब की थाली से 'टॉप' नदारद है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर मोदी का एक वीडियो साझा किया जिसमें वह भारतीय परिवारों में 'टॉप' (इन तीनों सब्जियों) के महत्व के बारे में बात कर रहे थे। उन्होंने टमाटर (टोमेटो का 'टी'), प्याज (ऑनियन का 'ओ') और आलू (पोटेटो का 'पी') के लिए 'टॉप' शब्द का इस्तेमाल किया गया। रमेश ने कहा, ''यह कैसी 'टॉप' प्राथमिकता है प्रधानमंत्री जी? आपने जिनके दाम प्राथमिकता में सबसे ऊपर रखने की बात कही थी उनके दाम आसमान छूते जा रहे हैं। इनकी वजह से सब्जियों की महंगाई दर 42 प्रतिशत तक पहुंच गई है। टमाटर की महंगाई दर 161.3 प्रतिशत, आलू की महंगाई दर 64.9 प्रतिशत और प्याज की 51.8 प्रतिशत है।'' रमेश ने कहा, ''आपकी नीतियों की नाकामी की वजह से 'टॉप' गरीब की थाली से गायब हो रहा है।'' कांग्रेस नेता ने मंगलवार को खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने के कारण महंगाई में वृद्धि को लेकर चिंता व्यक्त की थी और सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में वह खाद्य पदार्थों की कीमतों को मुद्रास्फीति के आकलन से बाहर कर सकती है। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, ''खाद्य मुद्रास्फीति अब दोहरे अंक में पहुंच गई है। अक्टूबर में सब्जियों की कीमतों में 42.18 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मुंबई जैसी जगहों पर प्याज अब 80 रुपये प्रति किलोग्राम की ऊंची कीमत पर बिक रहा है। खुदरा मुद्रास्फीति अब रिजर्व बैंक (आरबीआई) के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर है।'' उन्होंने कहा, ''यह सब सुस्त खपत, निवेश में कमी, स्थिर वास्तविक मजदूरी और व्यापक बेरोजगारी के साथ हो रहा है। जब खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि का सामना करना पड़ता है, तो सरकार का जोर केवल खाद्य पदार्थों की कीमतों को मुद्रास्फीति के आकलन से बाहर करने पर होता है।'' उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 6.21 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने यानी सितंबर में 5.49 प्रतिशत थी। मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ी है।

## ऐश्वर्य-संजीता को विश्व विश्वविद्यालय निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक



**नयी दिल्ली :** ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और संजीता दास ने बुधवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर मेजबान टीम को तीसरा स्वर्ण दिलाया। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में पांचवें स्थान पर रहने वाले और 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स में रजत पदक जीतने वाले ऐश्वर्य अंतत: स्वर्ण पदक अपने नाम करने में सफल रहे। उन्होंने और संजीता ने किम हयोबीन और ली जुनहवान की दक्षिण कोरिया की जोड़ी को 17-15 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। कांस्य पदक के मुकाबले में यूलिया पित्रोवस्का और मासीज कोवालेविज की पोलैंड की जोड़ी ने माणिनी कौशिक और उमामहेश मादिनेनी की भारतीय जोड़ी को एकतरफा मुकाबले में 16-0 से हराया। संजीता (316.8) और ऐश्वर्य (316.2) इससे पहले कुल 633.0 अंक के साथ क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहे और फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना कोरिया की जोड़ी से हुआ जो क्वालीफिकेशन में 631.7 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही थी।

## तिलक वर्मा के नाबाद शतक से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे टी20 में हराया

**सेंचुरियन :** तिलक वर्मा (नाबाद 107) के पहले अंतरराष्ट्रीय शतक की मदद से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां 11 रन से रोमांचक जीत दर्ज की। भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर छह विकेट पर 219 रन बनाये। जवाब में हेनरिच क्लासेन (41) के आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका की उम्मीदें लगभग खत्म होती दिखी जब उसे 14 गेंद में 53 रन बनाने थे। मार्को जानसेन हालांकि आक्रामक इरादों से ही आये थे और 17 गेंद में पांच छक्कों और चार चौकों की मदद से उन्होंने मेजबान टीम को मैच में लौटाने की कोशिश की। अर्शदीप सिंह ने जानसेन को तीन गेंद बाकी रहते पगबाधा आउटकरके भारत को चार मैचों की श्रृंखला में 2 . 1 की अपराजेय बढत दिला दी। चौथा और आखिरी मैच शुक्रवार को खेला जायेगा। दक्षिण अफ्रीका के लिये क्लासेन ने 22 गेंद में 41 रन बनाये और जानसेन ने आक्रामक अर्धशतक जड़ा। दक्षिण अफ्रीका की टीम सात विकेट पर 208 रन ही बना सकी। रिकी रिकेलटन (20) एक बार फिर नाकाम रहे। रीजा हेंडरिक्स (21) को भी वरूण चक्रवर्ती ने पगबाधा आउट किया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्क्रम (29) आफ स्टम्प से



बाहर जाती गेंद पर शॉट खेलने के प्रयास में विकेट गंवा बैठे। वहीं ट्रिस्टन स्टब्स को अक्षर पटेल ने आउट किया। क्लासेन ने चक्रवर्ती को तीन छक्के जड़े। उधर हार्दिक पंड्या ने डेविड मिलर (18) को अक्षर के हाथों लपकवाया। इससे पहले भारतीय पारी में तिलक को अभिषेक वर्मा का बखूबी साथ मिला जिन्होंने 50 रन की आक्रामक पारी खेली। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्क्रम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। बाईस वर्ष के तिलक ने अपनी 57 रन की पारी में सात छक्के और आठ चौके लगाये। उनकी पारी की मदद से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 प्रारूप में दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया। अभिषेक ने खराब फॉर्म से उबरते हुए 25 गेंद में पांच छक्कों और तीन चौकों की मदद से 50 रन बनाये। तिलक ने पूरे आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए मैदान के चारों ओर स्ट्रोक्स लगाये। उन्होंने दूसरे विकेट के लिये अभिषेक के साथ 107 रन जोड़े। इससे पहले संजू सैमसन खाता खोले बिना आउट हो गए थे। बीच के ओवरों में केशव महाराज ने रनगति पर अंकुश लगाया लेकिन तिलक ने आखिरी छह ओवरों में 22 गेंद में 52 रन बनाकर भारत को बड़ा स्कोर दिलाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव (एक), हार्दिक पंड्या (18) और रिंकू सिंह (8) नाकाम रहे। सैमसन को मार्को जानसेन ने नीचे की ओर जाती गेंद पर आउट किया। पहले मैच में शतक जमाने वाले सैमसन लगातार दूसरे मैच में खाता नहीं खोल सके। इसके बाद हालांकि अभिषेक और तिलक ने न सिर्फ पारी को संभाला बल्कि दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों पर दबाव भी बना दिया। अभिषेक ने आठ मैचों से चले आ रहे खराब फॉर्म को अलविदा कहते हुए उम्दा पारी खेली।

## खेल मंत्री मांडविया ने छत्तीसगढ़ के जशपुर में खेल स्टेडियम के निर्माण की घोषणा की

**जशपुर (छत्तीसगढ़) :** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को यहां एक अत्याधुनिक खेल स्टेडियम के निर्माण की घोषणा की क्योंकि देश को 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की उम्मीद है। भारत ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा व्यक्त करते हुए एक 'आशय पत्र' सौंपा है और यहां बनने वाले स्टेडियम को 'स्थानीय युवाओं को सशक्त बनाने के लिए तैयार किया जाएगा।' मंत्रालय की एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है, ''एक महत्वपूर्ण घोषणा में केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ के जशपुर में एक अत्याधुनिक खेल स्टेडियम की स्थापना की घोषणा की जिसे स्थानीय युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है जो भारत को 2036 ओलंपिक में पदक हासिल करने की स्थिति में लाएगा।'' यह घोषणा 'भगवान बिरसा मुंडा माटी के वीर' पदयात्रा की शुरुआत के दौरान की गई जो बुधवार को आयोजित की गई और इसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई के साथ राज्य के अन्य मंत्री शामिल हुए।

## न्यूज अपडेट

### आईपीएल नीलामी के कारण पर्थ टेस्ट में कमेंट्री नहीं कर पाएंगे पोंटिंग और लैंगर

**मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और लंबे समय तक उनके साथी रहे जस्टिन लैंगर सऊदी अरब में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में कमेंट्री नहीं कर पाएंगे। आईपीएल की नीलामी 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होगी। ऑस्ट्रेलियाई समाचार पत्र 'द एज' के अनुसार, ''प्रतिबद्धताओं के टकराव के कारण चैनल सेवन को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ टेस्ट के कुछ हिस्सों में रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआती मैच में अपने धुर प्रशंसक की कमी खल सकती है। पोंटिंग को पंजाब किंग्स ने हाल में अपना मुख्य कोच नियुक्त किया जबकि लैंगर पहले से ही लखनऊ सुपरजाइंट्स में यह भूमिका निभा रहे हैं। इन दोनों के अलावा ऑस्ट्रेलिया टीम के सहायक कोच डेनियल विटोरी भी पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। वह आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच हैं। इन तीनों की आईपीएल नीलामी में शामिल होने की संभावना है।

### गुजरात टाइटंस ने पार्थिव पटेल को बल्लेबाजी और सहायक कोच नियुक्त किया

**नयी दिल्ली :** गुजरात टाइटंस ने भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए बल्लेबाजी और सहायक कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पार्थिव मुख्य कोच आशीष नेहरा के नेतृत्व वाले सहयोगी स्टाफ में दोहरी भूमिका निभाएंगे। फ्रेंचाइजी ने यहां जारी बयान में कहा,'' गुजरात टाइटन्स को अपने नए सहायक और बल्लेबाजी कोच के रूप में पार्थिव पटेल की नियुक्ति की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज अपने 17 साल के शानदार करियर का अनुभव टीम के साथ जोड़ेगा।'' बयान में कहा गया है,''टाइटंस आईपीएल के आगामी सत्र के लिए तैयारी कर रहा है और ऐसे में पार्थिव की बल्लेबाजी तकनीक और रणनीति तैयार करने की क्षमता खिलाड़ियों के कौशल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।'' पार्थिव ने 2020 में क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। यह पहला अवसर होगा जबकि वह आईपीएल में कोच की भूमिका निभाएंगे। वह पिछले तीन सत्रों से मुंबई इंडियंस के लिए टैलेंट स्काउट के रूप में काम कर रहे थे। वह आईएलटी20 के पहले सत्र में एमआई अमीरात के बल्लेबाजी कोच भी रहे।

### तकनीक पर काम कर खेल में सुधार करें: ब्रेट ली की रोहित और कोहली को सलाह

**सिडनी :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला से पहले भारत के कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को सलाह दी है कि वे अपनी तकनीक पर काम करने के साथ रीसेट बटन (पहले की तरह लय हासिल करें) दबाएं। बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट श्रृंखला का आगाज पर्थ में 22 नवंबर से होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की हालिया टेस्ट श्रृंखला में लचर प्रदर्शन के बाद इन दोनों बल्लेबाजों के ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की श्रृंखला में प्रदर्शन पर नजर रहेगी। न्यूजीलैंड ने भारत को 3-0 से शिकस्त दी थी। ली ने एक 'यूट्यूब चैनल' पर कहा, '' जब आप एक के बाद एक खराब प्रदर्शन करते हैं, तो दबाव बढ़ जाता है। इसलिए, मुझे लगता है कि अब बात यह है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी को फिर से कड़ा अभ्यास करना होगा।''

## ऑस्ट्रेलियाई मीडिया का दावा भारतीय टीम करना चाहती थी 'बंद दरवाजों' के पीछे अभ्यास, बीसीसीआई का इनकार


**पर्थ :** भारतीय टीम प्रबंधन ने यहां के वाका मैदान पर भारत और भारत ए के खिलाड़ियों से बनी टीमों के बीच अभ्यास मैच के दौरान प्रशंसकों को शुक्रवार से रविवार तक के अपने सत्र को देखने की अनुमति देने फैसला किया है। यह ऑस्ट्रेलियाई मीडिया की उस रिपोर्ट के विपरीत है जिसमें दावा किया गया है कि भारतीय टीम का अभ्यास सत्र प्रशंसकों के लिए बंद रहेगा। 'द ऑस्ट्रेलियन' अखबार ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि वाका स्टेडियम के नवीनीकरण के काम मे लगे निर्माण श्रमिकों के दल को उनकी कंपनी के सीईओ द्वारा भारतीय टीम के नेट सत्र के दौरान फोटो खिंचने या ड्रोन के इस्तेमाल के लिए मना किया गया है। अखबार के मुताबिक, '' भारत अपने अभ्यास सत्र को गुप्त रखना चाह रहा है। इसका खुलासा वाका के नवीनीकरण में शामिल श्रमिकों को जारी एक ईमेल के लीक होने से होता है।'' इस रिपोर्ट के मुताबिक, नई सुविधा का निर्माण कर रहे 'एडीसीओ कंस्ट्रक्शन' के एडम सॉजियर द्वारा भेजी गयी ई-मेल के अनुसार भारतीय टीम के अभ्यास सत्र को देखने से प्रशंसकों को रोक दिया गया है।

## पाकिस्तान को भारत के साथ क्रिकेट खेलना बंद कर देना चाहिए, राशिद लतीफ ने कहा

**नयी दिल्ली :** पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज राशिद लतीफ ने कहा कि अगर उनके पास अधिकार होता तो वह पाकिस्तान को किसी भी टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ नहीं खेलने देते और उन्होंने साथ ही सुझाव दिया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को दोनों देशों को तब तक वैश्विक प्रतियोगिताओं की मेजबानी का अधिकार नहीं देना चाहिए जब तक कि दोनों अपनी समस्याएं नहीं सुलझा लेते। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी टीम को आगामी चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया है और इस तरह की अटकलें हैं कि पूरे टूर्नामेंट का आयोजन देश से बाहर हो सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को पत्र लिखकर बीसीसीआई से लिखित में पुष्टि मांगी है कि भारत टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने में असमर्थ है। लतीफ ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''इस तरह की संभावना है कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ क्रिकेट खेलना छोड़ सकता है। अगर मेरे पास अधिकार होता तो हां, मैं शायद यह कड़ा कदम उठा लेता। मैं इसके लए किसी को दोषी नहीं ठहराऊंगा।



## सेंसेक्स ने लगाया 984 अंक का गोता



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 984 अंक का गोता लगा गया। एनएसई निफ्टी भी एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। कारोबारियों के अनुसार, खुदरा महंगाई के अक्टूबर में बढ़कर 14 महीने के उच्चस्तर पर पहुंचने तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली जारी रहने से शेयर बाजार में गिरावट रही। इसके अलावा कंपनियों के तिमाही परिणाम उम्मीद से कमजोर रहने के बीच एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में बिकवाली हुई। साथ ही अमेरिकी तथा एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई सेंसेक्स 984.23 अंक यानी 1.25 प्रतिशत का गोता लगाकर 77,690.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,141.88 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 324.40 अंक यानी 1.36 प्रतिशत लुढ़क कर 23,559.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक सबसे ज्यादा नुकसान में रहे। दूसरी तरफ टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट और इन्फोसिस के शेयर लाभ में रहे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर महीने में बढ़कर 14 महीने के उच्चस्तर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई है। मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से महंगाई बढ़ी है। यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक स्तर से ऊपर है। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,024.31 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त में रहा। यूरोप के बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी रही। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नुकसान में रहे थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72.56 डॉलर प्रति बैरल रहा। बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 820.97 अंक टूटा था जबकि निफ्टी में 257.85 अंक की गिरावट आई थी।

## नगर निगमों को अपनी आमदनी के स्रोत बढ़ाने की जरूरत : आरबीआई रिपोर्ट

**मुंबई :** नगर निगमों को संपत्ति कर में सुधार, उपयोगकर्ता शुल्क को युक्तिसंगत बनाने और बेहतर संग्रह तंत्र के माध्यम से अपनी आमदनी के स्रोतों को बढ़ाने की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट में यह परामर्श दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संपत्ति कर राजस्व में लोचशीलता को ऐसे संपत्ति कर फॉर्मूला को अपनाकर सुधारा जा सकता है जो संपत्ति मूल्यांकन को अधिक प्रतिबिंबित करते हैं। संपत्ति कर, कर से होने वाली आमदनी का प्रमुख स्रोत है। आरबीआई द्वारा बुधवार को जारी 'नगर निगम वित्त पर रिपोर्ट' में कहा गया है कि बढ़ती शहरी आबादी के साथ शहरी क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक सेवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, फिर भी भारत में इस जिम्मेदारी के साथ जुड़े नगर निगम (एमसी) सीमित राजस्व जुटा पाते हैं और अपनी वित्तपोषण आवश्यकताओं के लिए सरकार पर बहुत अधिक निर्भर रहते हैं। इससे उनकी परिचालन की मजबूती प्रभावित होती है।'' स्थानीय कराधान सुधारों, बेहतर प्रवर्तन, संस्थागत क्षमता में वृद्धि और पारदर्शी वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से नगर निगम के वित्त को मजबूत करने के लिए राज्य-विशिष्ट रणनीतियां मजबूत नगर निगम वित्त और प्रभावी शहरी विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसमें कहा गया है कि आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं और अन्य तुलनात्मक उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारतीय नगर निगम बहुत कम आमदनी जुटा पाते हैं।

### इंडिया ग्लाइकोल्स की अमृत डिस्टिलरीज के साथ साझेदारी, स्पिरिट कारोबार अलग करने की योजना

**नयी दिल्ली :** इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड (आईजीएल) ने बुधवार को बेंगलुरु स्थित अमृत डिस्टिलरीज के साथ साझेदारी की घोषणा की। आईजीएल के अधिकारियों ने कहा कि कंपनी अपने स्पिरिट कारोबार को अलग करने और बाद में इसे शेयर बाजारों पर सूचीबद्ध करने पर विचार कर रही है। आईजीएल भारत में निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) कारोबार से लगभग 25 प्रतिशत राजस्व प्राप्त करती है। आईजीएल विशेष रसायनों से लेकर एल्कोहल खंड तक में कारोबार करती है। प्रीमियम व्हिस्की बाजार में प्रवेश करने की अपनी रणनीति के तहत आईजीएल उत्तर भारत के बाजारों में प्रीमियम खंड में अमृत के चुनिंदा ब्रांड का वितरण और बिक्री करेगी। आईजीएल के आईएमएफएल खंड के सलाहकार अध्यक्ष राजू वाजीराने ने कहा कि इस ब्रांड लाइसेंसिंग समझौते से आईजीएल को व्हिस्की बाजार के प्रीमियम खंड में बेहतर स्थिति में आने में मदद मिलेगी।

### भारत में 2028 तक 45.76 करोड़ होगा श्रमबल : रिपोर्ट

**मुंबई :** भारत अपने श्रमबल को 2023 के 42.37 करोड़ से बढ़ाकर 2028 तक 45.76 करोड़ करने की राह पर है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, यह 3.38 करोड़ श्रमिकों की शुद्ध वृद्धि है। अमेरिकी सॉफ्टवेयर कंपनी 'सर्विस नाउ' की एक रिपोर्ट के अनुसार, उभरती प्रौद्योगिकी भारत के वृद्धि वाले प्रमुख क्षेत्रों में प्रतिभा में बदलाव लाएगी, जिससे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में 2028 तक 27.3 लाख नई नौकरियां पैदा होंगी। रिपोर्ट के अनुसार, मांग में यह वृद्धि खुदरा पेशेवरों को सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग विकास और डेटा इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में कौशल बढ़ाने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान करती है। रिपोर्ट में कहा गया कि इसके बाद विनिर्माण (15 लाख नौकरियां), शिक्षा (8.4 लाख नौकरियां) और स्वास्थ्य सेवा (आठ लाख नौकरियां) का स्थान है, जो अपेक्षित आर्थिक वृद्धि और प्रौद्योगिकी आधारित बदलाव से प्रेरित है। सर्विस नाउ इंडिया टेक्नोलॉजी एवं बिजनेस सेंटर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुमीत माथुर ने कहा, एआई रोजगार सृजन के लिए भारत के वृद्धि इंजन, विशेष रूप से उन्नत प्रौद्योगिकी कौशल की आवश्यकता वाली भूमिकाओं में एक प्रमुख उत्प्रेरक होगा।'' उन्होंने कहा कि देश की प्रतिभाओं को इन आवश्यक कौशल से लैस करके यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि भारत वैश्विक प्रौद्योगिकी अर्थव्यवस्था में अग्रणी बना रहे। यह रिपोर्ट देश के श्रम बाजार की आधार रेखा के विश्लेषण पर आधारित है, जो जनगणना और श्रम बल सर्वेक्षण के आंकड़ों से प्राप्त हुई है।

### अगले तीन से पांच वर्षों में बेहद अच्छी वृद्धि की उम्मीद: स्विगी के सीईओ श्रीहर्ष मजेटी

**नयी दिल्ली :** ऑनलाइन खाद्य एवं पेय पदार्थों की आपूर्ति करने वाली प्रमुख कंपनी स्विगी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीहर्ष मजेटी ने बुधवार को कहा कि उसे अगले तीन से पांच वर्षों में अधिक वृद्धि की उम्मीद है। स्विगी का शेयर बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। शेयर के सूचीबद्ध होने के बाद मजेटी ने कहा, '' हम अगले तीन से पांच वर्षों में बेहद अच्छी वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। हम इंस्टामार्ट व्यवसाय के लिए अपनी भौगोलिक पहुंच, स्टोर नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं।'' बीएसई पर स्विगी का शेयर 5.64 प्रतिशत के उछाल के साथ 412 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 15.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 449 रुपये पर पहुंच गया। स्विगी लिमिटेड के 11,327 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत शुक्रवार तक 3.59 गुना अभिदान मिला था। कंपनी का आईपीओ 4,499 करोड़ रुपये के नए शेयर और 6,828 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन था। इसके लिए मूल्य दायरा 371-390 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

### आसियान के साथ एफटीए समीक्षा में भारत रख सकता है शुल्क रियायतों में लचीलेपन की मांग

**नयी दिल्ली :** भारत 10 देशों के दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संघ (आसियान) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा के तहत उन क्षेत्रों में मौजूदा शुल्क रियायतों में लचीला रुख अपनाने की इच्छा जाहिर कर सकता है, जो आयात में उल्लेखनीय वृद्धि से प्रभावित हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आसियान की आधिकारिक टीम अगले दौर की समीक्षा वार्ता के लिए भारत आ रही है। यह वार्ता 19-22 नवंबर को यहां होगी। आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) पर 2009 में हस्ताक्षर किए गए थे। अधिकारी ने कहा, हम समझौते में दी गई शुल्क (या सीमा शुल्क) रियायतों में कुछ लचीलेपन की इच्छा जता सकते हैं। कुछ रियायतें वापस ली जा सकती हैं और कहीं और दी जा सकती हैं क्योंकि कुछ क्षेत्रों में हमें लगता है कि हमारे घरेलू उद्योग को बहुत नुकसान हो रहा है। कुछ क्षेत्रों में हमें घरेलू नुकसान हुआ है। हम इसे न्यूनतम संभव तरीके से करना चाहेंगे।

## डिजिटल क्रांति की अगुवाई कर रहा भारत: डिप्टी गवर्नर पात्रा

**जयपुर :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने बुधवार को कहा कि देश डिजिटल क्रांति के मामले में अगुवा है और वित्तीय प्रौद्योगिकी डिजिटल भुगतान को गति दे रही है। उन्होंने कहा कि एक जीवंत ई-बाजार उभर रहा है और अपनी पहुंच बढ़ा रहा है। एक अनुमान के अनुसार, डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्तमान में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का दसवां हिस्सा है। पिछले दशक की वृद्धि दर को देखते हुए, 2026 तक इसके जीडीपी का पांचवां हिस्सा बनने की संभावना है। पात्रा ने यहां 'भारत में डिजिटल प्रौद्योगिकी, उत्पादकता और आर्थिक वृद्धि' विषय पर डीईपीआर सम्मेलन में अपने उद्घाटन भाषण में यह भी कहा कि भारत अपने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, एक जीवंत सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र और कृत्रिम मेधा प्रतिभा से लैस युवाओं समेत बढ़ती युवा आबादी के साथ वृद्धि के नए रास्ते खोलने और मौजूदा रास्तों को अनुकूलतम बनाने को लेकर विशिष्ट



स्थिति में है। डिप्टी गवर्नर ने देश में वित्तीय क्षेत्र के डिजिटलीकरण के बारे में कहा कि भारतीय बैंकों के सर्वेक्षणों से पता चलता है कि जहां सभी ने मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग लागू की है, वहीं 75 प्रतिशत ऑनलाइन खाता खोलने, डिजिटल केवाईसी और डिजिटल तरीके से घर तक बैंक सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। इसके अलावा, 60 प्रतिशत डिजिटल माध्यम से कर्ज प्रदान कर रहे हैं जबकि 50 प्रतिशत भुगतान 'एग्रीगेटर' सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वहीं 41 प्रतिशत चैटबॉट का उपयोग करते हैं, 24 प्रतिशत ने 'ओपन बैंकिंग' को अपनाया है और 10 प्रतिशत ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) तकनीक को एकीकृत किया है।

## मस्क की कंपनी स्टारलिंक 'भेड़ की खाल में छिपा भेड़िया': शोध संस्थान

**नयी दिल्ली :** एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के भारत में उपग्रह ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा देने की खबरों के बीच शोध संस्थान 'कूटनीति फाउंडेशन' ने अमेरिकी दिग्गज कंपनी के अमेरिकी खुफिया तथा सैन्य एजेंसियों के साथ गहरे संबंधों को रेखांकित करते हुए कहा है कि यह राष्ट्रीय हितों में बाधक बन सकते हैं। स्टारलिंक को '' भेड़ की खाल में छिपा भेड़िया '' करार देते हुए फाउंडेशन ने कहा कि स्टारलिंक दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकी है, जिसकी '' सबसे बड़ी ग्राहक तथा प्रचारक अमेरिकी सरकार की खुफिया तथा सैन्य एजेंसियां हैं।'' पुराने मोबाइल फोन सेवा प्रदाता वॉयस तथा इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए दूरसंचार टावर का इस्तेमाल करते हैं, उपग्रह संचार या सैटकॉम में यह सेवा प्रदान करने के लिए उपग्रहों के समूह का इस्तेमाल किया जाएगा। हालांकि, उपग्रहों का नियंत्रण देश के बाहर होने को लेकर कई सवाल खड़े हैं। कुटनीति ने एक रिपोर्ट में कहा, '' स्टारलिंक उपग्रहों का समूह दुनियाभर में इंटरनेट सेवा प्रदाताओं का एक नया रूप है, जो भौगोलिक सीमांकन तथा प्राकृतिक सीमाओं से परे है। दुनिया के हर नागरिक तक सीधी पहुंच ह, जिसमें उपयोगकर्ता तथा अमेरिकी के बीच कामकाज के संचालन की कोई संरचना नहीं है।''

## आसियान के साथ एफटीए समीक्षा में भारत रख सकता है शुल्क रियायतों में लचीलेपन की मांग

**नयी दिल्ली :** भारत 10 देशों के दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संघ (आसियान) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा के तहत उन क्षेत्रों में मौजूदा शुल्क रियायतों में लचीला रुख अपनाने की इच्छा जाहिर कर सकता है, जो आयात में उल्लेखनीय वृद्धि से प्रभावित हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आसियान की आधिकारिक टीम अगले दौर की समीक्षा वार्ता के लिए भारत आ रही है। यह वार्ता 19-22 नवंबर को यहां होगी। आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) पर 2009 में हस्ताक्षर किए गए थे। अधिकारी ने कहा, हम समझौते में दी गई शुल्क (या सीमा शुल्क) रियायतों में कुछ लचीलेपन की इच्छा जता सकते हैं। कुछ रियायतें वापस ली जा सकती हैं और कहीं और दी जा सकती हैं क्योंकि कुछ क्षेत्रों में हमें लगता है कि हमारे घरेलू उद्योग को बहुत नुकसान हो रहा है। कुछ क्षेत्रों में हमें घरेलू नुकसान हुआ है। हम इसे न्यूनतम संभव तरीके से करना चाहेंगे। घरेलू इस्पात उद्योग ने चीन जैसे देशों से आयात में उल्लेखनीय वृद्धि और आसियान के साथ एफटीए के दुरुपयोग पर बार-बार चिंता जताई है। भारत समझौते की समयसारणी में लचीलेपन की भी मांग कर सकता है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4058 अंक 208, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in